राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



11 रेड बॉडीकोन आउटफिट पहन पलक...

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



दुनिया भारत के उत्थान को देख... 12

गाजियाबाद, मंगलवार 25 जून 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 111, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### अमरवाड़ा में भाजपा की नजर लाभार्थी वोट बैंक पर

**छिंदवाड़ा (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश में अगले माह छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र के अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव होने वाला है। भाजपा इस चुनाव में जीत के लिए खास रणनीति पर काम कर रही है। हर बूथ को मजबूत करने के साथ पार्टी ने लाभार्थी वोट बैंक के सहारे जीत हासिल करने की रणनीति बनाई है। लोकसभा चुनाव होने के बाद राज्य में पहला चुनाव अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव होगा। इस उपचुनाव का परिणाम सियासी तौर पर बड़ा मायने रखता है। यही कारण है कि भाजपा ने यहां अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए पूरा जोर लगा रखा है। अमरवाड़ा में



भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने डेरा डाल रखा है। वह लगातार बैठकों का दौर जारी रखे हुए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की भी इस चुनाव पर खास नजर है। भाजपा वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में हारी थी, लेकिन लोकसभा चुनाव में उसे 15 हजार वोटों की बढ़त मिली थी। अब पार्टी ने उपचुनाव में जीत का अंतर 51 हजार करने का लक्ष्य रखा है। भाजपा ने उपचुनाव के मद्देनजर जो रणनीति बनाई है, उसके मुताबिक बूथ स्तर को तो मजबूत किया ही जा रहा है, लाभार्थी वोट बैंक तक गहरी पैठ बनाने की तैयारी है। यह अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित विधानसभा है और यहां इस वर्ग के मतदाताओं की बहुतायत है। इसीलिए, भाजपा की ओर से लगातार दावा किया जाता रहा है कि छिंदवाड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना के लाभार्थियों का गढ़ है। भाजपा को लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत मिली है और अब पार्टी अमरवाड़ा उपचुनाव भी जीतने की तैयारी में लगी हुई है। अमरवाड़ा विधानसभा सीट के लिए अब तक 14 चुनाव हुए हैं। इनमें 11 बार कांग्रेस को जीत मिली है। इसके अलावा दो बार भाजपा और एक बार जनसंघ का उम्मीदवार जीता है। यहां 10 जुलाई को मतदान होना है।


### जल संकट के बीच आतिशी का चौथे दिन अनशन जारी, कहा- 46 करोड़ लीटर पानी की है कमी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली में जारी जल संकट के बीच आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली की जल मंत्री आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी हुई हैं। सोमवार को उनके अनशन का चौथा दिन है। रोजाना उनके स्वास्थ्य की जांच हो रही है। जिसमें डॉक्टर के मुताबिक धीरे-धीरे उनका स्वास्थ्य खराब हो रहा है। आतिशी का कहना है कि दिल्ली वालों को उनके हक का पानी दिलाने के लिए उनका ये



'अनिश्चितकालीन अनशनड़ जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली का सारा पानी पड़ोसी राज्यों से आता है। दिल्ली का अपना कोई पानी नहीं है। हरियाणा की बीजेपी सरकार ने दिल्ली का 100 एमजीडी अर्थात 46 करोड़ लीटर से ज्यादा पानी रोक रखा है। यह एक दिन में 28 लाख से ज्यादा लोगों के काम आता है। 46 करोड़ लीटर पानी की वजह से ही दिल्ली में कई इलाकों में पानी के लिए लोगों को तरसना पड़ रहा है। आतिशी ने हरियाणा सरकार पर आरोप लगाया कि बीते तीन हफ्तों से ज्यादा का समय हो गया जब 100 एमजीडी पानी लगातार कम छोड़ा जा रहा है। जिसकी वजह से यह जल संकट पूरी दिल्ली में फैलता जा रहा है।
उन्होंने कहा, मेरा यह अनिश्चितकालीन अनशन तब तक जारी रहेगा जब तक हरियाणा सरकार इन 28 लाख लोगों के हक का पानी नहीं छोड़ देती। मेरा स्वास्थ्य कितना भी बिगड़ जाए, लेकिन मैं दिल्ली वालों को उनके हक का पानी दिलाकर रहूंगी।
उधर, दिल्ली में जारी जल संकट पर आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच जुबानी जंग जारी है। दोनों पार्टियां एक दूसरे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। आम आदमी पार्टी के नेता दिल्ली के एलजी से भी मुलाकात कर आए हैं। लेकिन अभी तक इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकला है। यह जल संकट अब वीवीआईपी इलाकों तक पहुंचना शुरू हो गया है। इन इलाकों में भी अब लगभग एक समय ही पानी आता है।

## भर्तृहरि महताब ने लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ ली



**सोमवार और मंगलवार को नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे। बुधवार 26 जून को सदन के स्थायी स्पीकर का चुनाव होगा। भर्तृहरि महताब ओडिशा की कटक लोकसभा सीट से लगातार सातवीं बार चुने गये हैं। इस बार बीजू जनता दल (बीजद) छोड़कर भाजपा में आये महताब ने बीजद के संत्रुप्त मिश्रा को 57,077 वोटों से हराया है**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब ने सोमवार को लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर के पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 18वीं लोकसभा के शुरू हो रहे पहले सत्र की बैठक से पहले यहां राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में उन्हें शपथ दिलाई। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे।
लोकसभा सत्र सुबह 11 बजे शुरू होने के बाद प्रोटेम स्पीकर के रूप में महताब नवनिर्वाचित सदस्यों को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाएंगे। नवगठित लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से 3 जुलाई तक चलेगा। सोमवार और मंगलवार को नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे। बुधवार 26 जून को सदन के स्थायी स्पीकर का चुनाव होगा। भर्तृहरि महताब ओडिशा की कटक लोकसभा सीट से लगातार सातवीं बार चुने गये हैं। इस बार बीजू जनता दल (बीजद) छोड़कर भाजपा में आये महताब ने बीजद के संत्रुप्त मिश्रा को 57,077 वोटों से हराया है।

## 18वीं लोकसभा का सत्र शुरू, पीएम मोदी ने ली सांसद पद की शपथ; बोले-देश चलाने के लिए सबकी सहमति जरूरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू हो गया है। सबसे पहले सदन में राष्ट्रगान हुआ,



उसके बाद पिछले सदन के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद पीएम मोदी ने लोकसभा सदस्य की शपथ ली। मोदी के बाद अन्य सांसद शपथ ले रहे हैं। सत्र शुरू होने से पहले संसद पहुंचे ककरू मोदी ने कहा- देश चलाने के लिए सबकी सहमति जरूरी है। हम सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। संविधान की मयार्दाओं का पालन करते हुए देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं। देश को एक जिम्मदार विपक्ष की जरूरत है।
संसद में आज और कल नए सांसद शपथ लेंगे। इससे पहले भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को सोमवार सुबह 10 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलाई। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू राष्ट्रपति भवन में मौजूद थे। दूसरी ओर, कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने प्रोटेम स्पीकर का विरोध किया है। विपक्ष का कहना है कि सरकार ने नियमों को दरकिनार कर भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। वे 7 बार के सांसद हैं, जबकि कांग्रेस के के. सुरेश 8 बार के सांसद हैं। नियमों के अनुसार, कांग्रेस सांसद को प्रोटेम स्पीकर बनाया जाना चाहिए था।

## 1 जुलाई से बदल जाएगा क्रेडिट कार्ड से बिल पेमेंट का तरीका

**नई दिल्ली ।** जून का महीना खत्म होने में महज कुछ ही दिन बचे हैं इसके बाद जुलाई का महीना शुरू हो जाएगा। जुलाई महीना शुरू होते ही क्रेडिट कार्ड से बिल पेमेंट करने वाले लोगों के लिए बड़े अपडेट आ रहे हैं। 1 जुलाई से क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट को लेकर आरबीआई के कुछ नियम लागू

**लागू होंगे आरबीआई के नए नियम**

होने वाले हैं जिनका सीधा असर उन लोगों पर पड़ेगा जो क्रेडिट कार्ड के जरिए बिल पेमेंट का इस्तेमाल करते हैं। इसका मकसद पेमेंट के प्रोसेस को सुव्यवस्थित करना और इसकी सुरक्षा बढ़ाना है। कुछ प्लेटफॉर्म के जरिये क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट में मुश्किल हो सकती है। इनमें क्रेड, फोनपे, बिलडेस्क जैसे कुछ प्रमुख फिनटेक शामिल हैं। दरअसल रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने निर्देश दिए हैं कि 30 जून के बाद सभी क्रेडिट कार्ड पेमेंट भारत बिल पेमेंट सिस्टम के जरिए से प्रोसेस की जानी चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, अभी तक एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक ने बीबीपीएस एक्टिवेट नहीं किया है।




वहीं इन बैंकों ने अभी तक निर्देशों का पालन भी नहीं किया है। अभी तक सिर्फ 8 बैंकों ने ही बीबीपीएस पर बिल पेमेंट एक्टिव किया है। भारत बिल पेमेंट सिस्टम बिल पेमेंट का इंटीग्रेटेड सिस्टम है, जो ग्राहकों को ऑनलाइन बिल पेमेंट सर्विस देती है। यह बिल पेमेंट के लिए एक इंटरऑपरेबल प्लेटफॉर्म है। यह सिस्टम नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया यानी एनपीसीआई के अंतर्गत काम करता है। भारत बिल-पे एक इंटरफेस है, जो क्रेड, फोनपे, बिलडेस्क, भीम, पेटीएम, मोबिक्विक जैसे ऐप पर मौजूद है। इसके जरिए एक ही प्लेटफॉर्म पर सारे बिल का पेमेंट किया जा सकता है।
अभी तक 26 बैंकों ने इसे इनेबल नहीं किया है। पेमेंट इंडस्ट्री ने 90 दिन तक समय-सीमा बढ़ने की मांग की है। पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया ने इस मामले में के पास याचिका दायर की है। हालांकि, अभी तक रेगुलेटर ने इसपर कोई भी फैसला नहीं किया है।

## हिजबुल्ला के खिलाफ नेतन्याहू की बड़ी जंग के ऐलान, युद्ध में तालिबान की एंट्री

**काबुल ।** हमास के खात्मे के बाद हिजबुल्ला के खिलाफ इजरायल की बड़ी जंग के ऐलान के बाद युद्ध का दायरा और व्यापक हो गया है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से हिजबुल्ला के सर्वनाश का ऐलान करने के बाद पहली बार इजरायल-हमास युद्ध में तालिबान भी कूद गया है। बता दें कि तालिबान ने इस युद्ध में सीधे एंट्री मारी है। इजरायल के खिलाफ जंग में हिजबुल्ला का साथ देने के लिए तालिबान ने 1000 से अधिक लड़ाके लेबनान भेजे हैं।



एक्स पर जारी हुए एक वीडियो में तालिबानी लड़ाके लेबनान की ओर जाते दिख रहे हैं। अफगानिस्तान से पहली खेप में 1000 से अधिक तालिबानी लड़ाके लेबनान भेजे गए हैं, जो युद्ध में हिजबुल्ला का साथ देंगे। ये लड़ाके अत्याधुनिक हथियारों और मिलिट्री वाहनों से लैस हैं। तालिबानी लड़ाके हाथ में हथियार लहराते हुए और मिलिट्री वाहन के साथ स्कैटिंग करते जाते हुए देखे जा सकते हैं। इजरायल-हमास युद्ध में तालिबान की सीधी एंट्री ने मध्य-पूर्व एशिया में जंग का दायरा और बढ़ने का खतरा बढ़ा दिया है। तालिबान का कहना है कि उसके पास अरबों मूल्य के अमेरिकी हथियार हैं, जिसे जो बाइडेन अफगानिस्तान में छोड़ गए हैं।

## हिसार में लव मैरिज करने पर कपल की हत्या, बरसाईं ताबड़तोड़ गोलियां, 2 महीने पहले हुई थी शादी

**हिसार (आरएनएस)।** हरियाणा के हिसार में सोमवार सुबह लव मैरिज करने वाले कपल की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। दोनों के शव हांसी के लाला हुकुम चंद जैन पार्क में पड़े हुए मिले। दोनों कपल सुबह पार्क में बैठे हुए थे। करीब साढ़े 9 बजे बाइक पर आए 2 बदमाशों ने 7 राउंड फायरिंग की। जिसमें दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची और आसपास का एरिया सील कर दिया। मृतकों की पहचान नारनौंद के बड़ाला गांव का रहने वाले तेजवीर और हांसी के सुल्तानपुर गांव की रहने वाली मीना के रूप में हुई है। दोनों ने 2 महीने पहले ही शादी की थी। तेजवीर नोएडा की एक कंपनी में नौकरी करता था। डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंच गए। दोनों के डेडबॉडी पार्क में पड़ी हुई थी। मौके से खोल मिले हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में साफ हो पाएगा कि दोनों को कितनी गोलियां




लगी हैं। मौके से एक चाबी मिली है। देखने में यह बाइक की लग रही है। अभी यह नहीं पता कि वह इनकी ही है या नहीं। परिवार के लोगों को सूचना दी गई है। उनके बयान के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नीट में गड़बड़ी को लेकर केंद्र सरकार करेगी हाईलेवल मीटिंग

**नई दिल्ली ।** नीट और नेट परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर विवाद थमने का नहीं ले रहा। आज केंद्र सरकार की एक 7 सदस्यीय समिति पारदर्शिता की निगरानी और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के कामकाज को देखने के लिए एक हाई लेवल की मीटिंग करेगी। शिक्षा मंत्रालय के सूत्र की तरफ से ये जानकारी सामने आई है। इस मीटिंग में कई मुद्दों पर

**एनटीए समेत कई मुद्दों पर होगी चर्चा**

चर्चा होगी। माध्यम से परीक्षाओं का पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय ने विशेषज्ञों की एक हाई लेवल मीटिंग का गठन किया।
7 सदस्यीय समिति का नेतृत्व इसरो के पूर्व प्रमुख डॉ. के. राधाकृष्णन कर रहे हैं और इसमें डॉ. रणदीप गुलेरिया, प्रोफेसर बीजे राव, प्रोफेसर राममूर्ति के., पंकज बंसल, आदित्य मित्तल, गोविंद जयसवाल शामिल हैं। कमेटी सुझाए गए सुधारों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए एनटीए के निष्पक्ष संचालन पर चर्चा करेगी। मीटिंग में हर लेवल पर कर्मियों के लिए स्पष्ट भूमिकाएं और बेहतर जिम्मेदारी देना जैसे मुद्दों



पर जोर होगा। बता दें कि कमेटी को दो महीने के अंदर अपनी रिपोर्ट सौंपनी हैं। जिन सुधारों पर चर्चा होगी उन्हें अगले परीक्षा साइकिल में लागू किया जाएगा। साथ ही कमेटी को परीक्षाओं के दौरान पेपर सेट करने और अन्य प्रक्रियाओं से संबंधित मौजूदा सुरक्षा प्रोटोकॉल की जांच करनी होगी । इसके साथ ही कमेटी को सिस्टम की मजबूती बढ़ाने के लिए सिफारिशें करनी होगी।

बधाई लोकसभा सदस्य के रूप में पीएम नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार ली शपथ

## पीएम मोदी के नेतृत्व में साकार हो रही 'आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत' की संकल्पना: सीएम योगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा सदस्य के रूप में तीसरी बार शपथ ली। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें बधाई दी।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पीएम को दी बधाई**

अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर सीएम योगी ने लिखकर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि लोकसभा



सदस्य के रूप में लगातार तीसरी बार शपथ लेने की आपको हार्दिक बधाई!
आपके यशस्वी नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत' की संकल्पना साकार हो रही है। निःसंदेह, यह तीसरा कार्यकाल 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को पूर्ण करने वाला सिद्ध होगा।
बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के वाराणसी से ही अनवरत तीसरी बार सांसद चुने गए हैं।

## कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी पर ओटावा पर बरसा भारत

**ओटावा ।** भारत ने आतंकवादियों का महिमामंडन करने पर कनाडा की जमकर क्लास ली है। कनाडा में आए दिन आतंकवाद का महिमामंडन करने वाले कृत्यों को निंदनीय बताते हुए भारत ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यहां कई मौकों पर नियमित रूप से ऐसे कृत्यों की अनुमति दी जाती है। भारत ने कहा कि सभी शांति प्रिय देशों एवं लोगों को कनाडा की ऐसी प्रवृत्ति की निंदा करनी चाहिए। भारतीय उच्चायोग ने 1985 के कनिष्ठ बम विस्फोट की 39वीं बरसी पर कहा कि आतंकवाद की कोई सीमा, राष्ट्रीयता या नस्ल नहीं होती। मगर कनाडा आतंकवादियों को आश्रय देता है। 1985 के विमान धमाके में 329 लोगों की मौत हो गयी थी, जिनमें से ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे। इस घटना को अंजाम देने के पीछे खालिस्तानी आतंकियों का हाथ होने की आशंका थी। मगर आज तक कनाडा की ओर से इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई।

**कनाडा आए दिन करता है आतंकवादियों का महिमामंडन**

मॉन्ट्रियल-नई दिल्ली एअर इंडिया 'कनिष्क उड़ान संख्या-182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया था, जिससे विमान में सवार 86 बच्चों समेत सभी 329 लोग मारे गए थे। माना जाता है कि साल 1984 में स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाए गए ऑपरेशन ब्लूस्टार के जवाब में सिख आतंकवादियों ने कनिष्क बम विस्फोट को अंजाम दिया था।

# मुकेश वाल्मीकि बने अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के जिलाअध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने मुकेश चंद वाल्मीकि निवासी शिकारपुर को जिला अध्यक्ष बुलंदशहर मनोनीत किया गया । इस अवसर पर समाज के लोगों ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। सोमवार को शिकारपुर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व जिला मंत्री पूर्व नामित सभासद मुकेश चंद वाल्मीकि को( अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा ) का (बुलंदशहर) जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर वाल्मीकि समाज में उत्साह वाल्मीकि समाज के लोगों में मुकेश चंद वाल्मीकि को उनकी



निजी आवास पर पहुंच कर फूल माला पहनाकर मिठाई खिलाकर एवं नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुकेश चंद्र वाल्मीकि बुलंदशहर जिले के वाल्मीकि समाज के लोगों का नेतृत्व करेंगे हर सुख-दुख में समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। वाल्मीकि समाज के लोगों ने कहा भारतीय जनता पार्टी में इतना समय से कार्य करने के बाद भी भारतीय जनता पार्टी ने कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नहीं दि अब वाल्मीकि समाज के लोगों की मांग है। कि वाल्मीकि समाज के नेता मुकेश चंद वाल्मीकि समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले लोगो को एकजुट कर-के समाज कि पीड़ा को सरकार तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। समाज भी मुकेश चंद वाल्मीकि के साथ है।श इस अवसर पर भाजपा में सूचित मोर्चा जिला मंत्री राहुल वाल्मीकि, अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के महामंत्री हरीश कुमार ,कमल चौहान, गंगा प्रसाद ,तुलसी जमादार, बिनामी, रोहित ,विशाल, दीपक ,आकाश, नितिन ,अमरदीप ,नीरज कुमार, आदि वाल्मीकि समाज के लोग उपस्थित रहे।

# नगर पालिका परिषद में पॉलिथीन जब्तीकरण को लेकर व्यापारी वर्ग के साथ किया गया मीटिंग का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** नगर पालिका परिषद के मीटिंग हॉल में शैलेश तेवतिया, अध्यक्ष, न0पा0प0 की अध्यक्षता में नगर के व्यापारी वर्ग के प्रबुद्ध व्यक्तियों की एक बैठक आहूत की गयी जिसमें पालिका की अधिशासी अधिकारी निहारिका चौहान, लेखा लिपिक नरेश कुमार, पॉलीथीन जब्तीकरण अभियान प्रभारी अलाउद्दीन खां के साथ-2 पालिका के अन्य कर्मचारी तथा व्यापारी वर्ग से ललित कुमार, आनन्द कुमार, भारत वर्मा, भगवानदास, सोरम गर्ग, जितिन कंसल, अनिल कुमार, विपिन गोयल, प्रेम भूषण, कुलदीप सिंघल, आशाराम सिंघल, सुधीर सिंघल, विनोद कुमार, सुनील गर्ग, प्रदीप कुमार, हेमन्त जैन, प्रदीप कुमार व संजीव अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। अधिशासी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि शासन के निदेर्शानुसार नगर में प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्तीकरण कार्यक्रम दिनांक 26.06.2024 दिन बुद्धवार से चलाया जाना है जिसमें नगर के व्यापारी वर्ग से सहयोग अपेक्षित है। समस्त व्यापारीगण



अपने-2 प्रतिष्ठान में प्रतिबन्धित पॉलीथीन के स्थान पर कपड़े के थैलों व अन्य विकल्पों का प्रयोग करें। समस्त व्यापारियों द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथीन के निषेध सम्बन्धी संकल्प लेते हुए सम्पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

# 29 बीघा अवैध प्लाटिंग पर चला विकास प्राधिकरण का बुलडोजर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी )।** एक के बाद एक विकास प्राधिकरण की ताबड़तोड़ कार्यवाही से भू माफिया में दहशत विकास प्राधिकरण का आज चला 29 बीघा अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर जॉन 2 में चला विकास प्राधिकरण का बुलडोजर काली नदी किनारे बसाई जा रही थी तीन अवैध कालोनियां जिस पर विकास प्राधिकरण के समक्ष अधिकारी संतोष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में की गई ध्वस्तिकरण की कार्यवाही जिसमें गांव रमपुरा ऊपरकोट छोटे पुल के पास रोहित कुमार द्वारा 15 बीघा अवैध प्लाटिंग की जा रही थी छोटे पुल के पास एसके प्लाजा के पीछे ऋषि पाल और कल्लन ठेकेदार द्वारा आठ बीघा जमीन पर की जा रही थी अवैध प्लाटिंग गांव टांडा यूनिक मैरिज होम के बगल में जावेद द्वारा 6 बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी इसमें बड़ी बात यह है कि एक तरफ तो विकास प्राधिकरण अवैध प्लाटिंग पर ध्वस्त कारण की कार्रवाई कर रहा है ठीक उसी के अगले दिन से ही यह ये अवैध प्लाटिंग पर टूटी हुई बॉन्डरिया को जोड़ने का काम भी तेजी से कर रहे हैं इसके पीछे का क्या कारण है या तो विकास प्राधिकरण की कोई दहशत नहीं है अवैध प्लाटिंग माफियाओं में। या फिर विकास प्राधिकरण द्वारा मामला सब गोलमाल है।









# अल्पसंख्यक कांग्रेस ने चुनाव में समर्थन के लिए मुस्लिमों, दलितों और पिछड़ों का आभार व्यक्त किया : अकबर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर ने लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मिले समर्थन के लिए जनता का आभार व्यक्त किया है. उन्होंने उम्मीद जतायी की कभी

**"सवर्णों का 80 प्रतिशत वोट भाजपा में जाना चिंता का विषय, नए सवर्ण नेताओं को विकसित करेगी कांग्रेस"**

भी मध्यावधि चुनाव हो सकते हैं जिसमें सफलता के आंकड़ों को और सुधारते हुए केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनायी जाएगी।

प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर ने कहा कि सीएसडीएस और लोकनीति के पोस्ट पोल सर्वे से यह स्पष्ट हो गया है कि इंडिया गठबंधन को मुसलमानों का एक मुश्त वोट मिला है. वहीं पिछड़ों, अति पिछड़ों और दलितों का भी बड़ा



हिस्सा इंडिया गठबंधन के साथ था. इसके लिए अल्पसंख्यक कांग्रेस इन वर्गों का विशेष आभार व्यक्त करती है. उन्होंने कहा कि सर्वे से यह भी उजागर हुआ कि सवर्ण वोटों का 80 प्रतिशत हिस्सा भाजपा के साथ गया और सिर्फ. 16 प्रतिशत सवर्ण वोट ही इंडिया गठबंधन को मिला. यह देश और इंडिया गठबंधन के लिए चिंता का विषय है. इसकी एक बड़ी वजह इस समाज में इंडिया गठबंधन के मुद्दों का न पहुँच पाना भी हो सकता है. कांग्रेस सवर्ण समाज में नए चेहरों को विकसित करने पर गंभीरता से विचार कर रही है. ताकि आगे से सवर्ण समाज का पूरा वोट इंडिया गठबंधन और कांग्रेस ले सके। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक कांग्रेस सामाजिक न्याय, जातिगत जनगणना, आरक्षण पर लगे 50 प्रतिशत की पाबंदी को हटाने की राहुल गाँधी और प्रियंका गाँधी के एजेंडे पर आगामी दिनों में अभियान चलायेगी।

इस मौके पर मन्सूर अहमद हाफिज मोहम्मद हसीम, सैयद महबूब,हरी राम जाटव आदि मौजूद थे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण को लेकर किया गया बैठक का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (सैय्यद मजहर) ।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय बैठक आहूत की गई। बैठक में संचारी रोग नियंत्रण अभियान में संबंधित विभागों द्वारा कराए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी गई।




निर्देशित किया गया कि अभियान के तहत विभाग द्वारा जो भी कार्य होने है उनका माइक्रो प्लान तैयार कर उपलब्ध कराया जाए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से संबंधित विभाग के कर्मचारियों को क्या क्या कार्य करने है उसके बारे में प्रशिक्षण दिया जाए। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। मरीजों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था, पेयजल आदि उपलब्ध कराए। संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाए। दस्तक अभियान के तहत घर घर जाकर भी लोगो को जागरूक किया जाए। बैठक में सीडीओ कुलदीप मीना , सीएमओ डॉ विनय कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

# उधमियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर लेकर उनका निस्तारण किया जाये: डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक आहूत की गई। बैठक में सिकंदराबाद एवं खुर्जा औद्योगिक क्षेत्र के उधमियों द्वारा विगत बैठक में अपनी अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए दिए गए आवेदन पत्रों पर संबंधित विभागों के द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार के द्वारा जो व्यवस्था की गई है उसके अनुसार कार्यवाही की जाए। उधमियों की प्राप्त होने वाली समस्याओं को प्राथमिकता पर लेकर उनका निस्तारण किया जाए। दोनों औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क, नाला निर्माण, स्ट्रीट लाइट आदि जो भी कार्य कराए जाने है उनके स्टीमेट बनाकर कार्यवाही की जाए। वर्षा के मौसम से पूर्व नालों की साफ सफाई कराई जाए। प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए जो भी गाइडलाइन है उनका अनुपालन सुनिश्चित कराए। गर्मी के दौरान आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए सभी अपनी फैक्टरी में आग से बचाव के लिए उपकरण उपलब्ध रखे और आकस्मिक स्थिति में तत्काल सूचना दे।


# कार्यालय नगर पंचायत नरौरा जनपद बुलन्दशहर

पत्रांक सं0ः- 341/न0प0न0/2024-25 दिनांकः- 24.06.2024

## अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पंचायत नरौरा जिला बुलन्दशहर में राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले निम्न विकास कार्या हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है तथा नियम व शर्ते कार्यालय समय में कार्यालय में आकर देख सकते है। निविदा का विवरण निम्न प्रकार हैः-

| | |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 25.06.2024 समय प्रातः 10:00 बजे से |
| निविदा क्रय किये जाने की तिथि व समय | 25.06.2024 समय प्रातः 10:00 बजे से 01.07.2024 को अपराहन 12:00 बजे तक |
| कार्यो की निविदा स्केन आर्नेस्टमनी एंव निविदा शुल्क की मुल्य की प्रतिकार्यालय नगर पंचायत में जमा करने की तिथि /समय | 01.07.2024 को प्रातः 10:00 बजे से अपराहन 02:00 बजे तक |
| निविदा खोले जाने की तिथि /समय | 01.07.2024 को अपराहन 03:00 बजे तक |

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | निविदा पर 18%GST | कार्य/आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नगर पंचायत नरौरा के वार्ड नं0. 07 मौहल्ला काछियान में भाय सिंह के घर से सर्वेश यादव के घर तक मिट्टी भराव के साथ इण्टरलॉकिंग टाईल्स एंव नाली निर्माण का कार्य | 499441 | 10000 | 500 | 90 | 01 माह |
| 2 | नगर पंचायत नरौरा के वार्ड नं0. 15 मौ0 गंगाकुंज में राम सिंह के घर से लटूरी सिंह के घर तक पुरानी इण्टरलॉकिंग टाईल्स एंव नाली मरम्मत का कार्य। | 338878 | 7000 | 350 | 63 | 01 माह |

**(रामेश्वर दयाल)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत नरौरा
जनपद बुलन्दशहर।

**(प्रीति यादव)**
अध्यक्ष
नगर पंचायत नरौरा
जनपद बुलन्दशहर।


# पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करने वाले एक आरोपी को 04 वर्ष 24 दिन का कारावास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** अभियुक्त पुष्पेन्द्र पुत्र कुशलपाल निवासी ग्राम धनौरा थाना ककोड़ जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2020 में पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 31.05.2020 को थाना ककोड़ पर मुअसं-112/2020 धारा 307 भादवि पंजीकृत किया गया तथा बरामदगी के संबंध में मुअसं-114/2020 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत किया गया। दिनांक 21.06.2020 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन" के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई,जिसमें अभियुक्त के विरुद्ध 04 गवाह परिक्षित कराये गये। जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 24.06.2024 को मा0 न्यायालय एडीजे-04 जनपद बुलन्दशहर द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त पुष्पेन्द्र को 04 वर्ष 24 दिन का कारावास व 05 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री चन्द्रभान सिंह का योगदान सराहनीय रहा है।

प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना पुलिस की बड़ी सफलता है।

# भाजपा ने मनाया डॉ० श्यामा प्रसाद, मुखर्जी का बलिदान दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर नगर के सभी बूथो व शक्ति केदो पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। पार्टी कार्यकताओं द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विकास. गर्ग मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी शिकारपुर ने डॉक्टर श्यामा



प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश में एक प्रधान एक विधान और एक निशान विचार के पुरोधा शारदे मुखर्जी ने कश्मीर से धारा 370 को हटाने के लिए व्यापक आंदोलन किया। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए उन्हें अपने प्राण त्यागने पड़े। कार्यक्रम में जगदीश आर्य जी, गौरव शर्मा जी, प्रशांत विश्वास, कपिल आर्य सभासद, हनी गर्ग, आसिफ कुरेशी, राजीव आर्य आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**डॉल्फिन मृत मिली** डॉल्फिन को देखने के लिए लोग उमड़ पड़े, डॉल्फिन की मौत के कारणों का पता नहीं चला है

# गंगा नदी में मृत मिली डॉल्फिन,शॉक से मौत का जताया गया अंदेशा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नरौरा (बुलंदशहर)।** गंगा नदी में एक डॉल्फिन मृत मिली। जिसका शव पानी में तैरता देखा गया। इसे वन विभाग की टीम ने स्टीमर की मदद से बाहर निकाला। डॉल्फिन को देखने के लिए लोग उमड़ पड़े। अभी तक डॉल्फिन की मौत के कारणों का पता नहीं चला है। डॉल्फिन का पोस्टमॉर्टम होगा और इसके लिए तीन डॉक्टरों की टीम बनाई है। पोस्टमॉर्टम होने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। चिकित्सक शॉक से मौत का अंदेशा जता रहे हैं। गंगा नदी के गढ़ बैराज से लेकर नरौरा बैराज तक के क्षेत्र को रामसर साइड के नाम से जाना जाता है। यह क्षेत्र काफी सुरक्षित होने के कारण यहां पर डॉल्फिन को कभी भी उछल-कूद करते देखा जा सकता है। इनकी गतिविधियों पर वन विभाग की भी नजर रहती है। वहीं, हर साल इनकी गिनती की जाती है। साथ इनके संरक्षण के लिए कई



अहम कदम उठाए जा रहे हैं। दुर्लभ प्रजाति की होने के कारण डॉल्फिन को राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया है। वन क्षेत्राधिकारी मोहित चौधरी ने बताया कि रविवार गंगा नदी के बीच पानी पर एक डॉल्फिन देखी गई। काफी समय तक जब कोई गतिविधि नहीं हुई तो कुछ शक हुआ। इस पर स्टीमर से पास जाकर देखा तो डॉल्फिन मृत मिली। इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई। साथ ही दूसरे विभागीय कर्मचारी मौके पर बुलाए गए और स्टीमर की मदद से डॉल्फिन को गंगा किनारे लाया गया। उन्होंने बताया कि मृत डॉल्फिन नर है और उसकी लंबाई आठ फीट के आसपास है। शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान भी नहीं है। डॉल्फिन की मौत का पता पोस्टमॉर्टम के बाद ही चलेगा। इसका चिकित्सकों की टीम द्वारा पोस्टमॉर्टम किया गया हैं। पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट मिलने पर ही मौत के कारणों का पता चलेगा। आशंका यह भी जताई जा रही है कि शॉक के वजह से इसकी मृत्यु हुई है। बताया कि कई बार अन्य मछलियों के संपर्क में आने से और अन्य वजहों से डॉल्फिन को शॉक होता है, इससे उसकी मृत्यु हो सकती है। मृत डॉल्फिन को देखने लोगों की भीड़ उमड़ी और उसका मोबाइल से वीडियो भी बनाया। लेकिन लोगों का कहना हैं कि डॉल्फिन को देखने से यह लग रहा हैं कि दो तीन दिन पहले ही इसकी मृत्यु हुई है। नरौरा रेंज में डॉल्फिन की मृत्यु के बाद उसका पोस्टमार्टम रेंज आफिस में खुले आसमान के नीचे ही किया गया था।

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा लगाए गए नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का विद्युत विभाग के जेई संजीव कुमार ने फीता काटकर किया शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुलंदशहर द्वारा आज एक निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन वार्ड नंबर 13 इस्लामाबाद ग्रीन स्टार होटल बायपास रोड पर किया गया। इस कैंप में डॉक्टर श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल दरियागंज दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा सैकड़ो मरीजों का नेत्र चेकअप, ब्लड शुगर ,ब्लड प्रेशर ,इत्यादि की जांच की गई एवं 12 मरीजों को मोतियाबिंद नेत्र ऑपरेशन के लिए संस्था द्वारा अपनी बस से कल सुबह 7बजे दिल्ली ले जाया जाएगा और वह निशुल्क इन लोगों को शाम 4 बजे बुलंदशहर तक वापस छोड़ कर जाएंगे।

जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि नेत्रदान ,नेत्र ऑपरेशन या नेत्र जांच एक बहुत नेक कार्य है क्योंकि हम बिना आंखों के इस दुनिया में ना किसी चीज को देख सकते हैं और न महसूस कर सकते हैं, आंखों का हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है, बिना आंखों के हमारा जीवन अंधकार मय है । विद्युत विभाग के जे ई संजीव कुमार जी ने इस कैंप में कार्य कर रहे सभी महिला पुरुष डॉक्टर की सराहना की और धन्यवाद दिया।

जिला मीडिया प्रभारी युगल गोस्वामी ने सभी डॉक्टर्स और विजन टेक्नीशियन तथा समस्त स्टाफ का दिल की गहराइयों से धन्यवाद हार्दिक आभार अभिनंदन व्यक्त किया।

इस शिविर में डॉक्टर विशाल खरे कोऑर्डिनेटर, डॉ विश्वजीत मंडल, कैंप



इंचार्ज सतीश मलिक, तथा विजन टेक्नीशियन कुमारी राशि चौहान, दीपाली नैय्यर,सानिया सिद्दीकी, महविश फातिमा,प्रतिभा चौहान,ने सुबह 9:00 बजे से तो फिर 2:00 बजे तक मरीजों को तसल्ली बक्श तरीके से चेकअप किया एवं दवाइयां वितरित की। इस कैंप में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल,जिला मीडिया प्रभारी युगल गोस्वामी ,जिला मंत्री आदिल चौधरी ,जिला सचिव माजिद चौधरी ,जिला कोषाध्यक्ष सुंदर चौधरी, मोहम्मद शफीक अब्बासी, डॉक्टर मुबीन, मोहम्मद राणा, अजहरुद्दीन राणा का विशेष सहयोग रहा।

# एसडीएम ने खनन माफियाओं पर चलाया कानून का चाबुक, अलग-अलग थाना क्षेत्रों से खनन करते हुए पांच डंफर पकड कर कार्यवाही की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** तहसील क्षेत्र में खनन की मिल रही लगातार जानकारी पर एसडीएम प्रियंका गोयल व सीओ शोभित कुमार ने संयुक्त रूप से छापा मार कर कार्रवाई करते हुए पहासू थाना क्षेत्र के सुरजावली गांव से दो डंपरों तथा छतारी कस्बा से दो डंपर और अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव खखूड़ा-फतेहगढ़ से एक डंफर को पकड़ कर अलग-अलग थाना पुलिस के हवाले किया गया है। एसडीएम कि इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। एसडीएम ने बताया है कि



गैर कानूनी खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा बिना परमिशन खनन करने वालों के खिलाफ जुमार्ने की जबरदस्त कार्रवाई की जाएगी। सभी हल्का लेखपाल कानूनगो से रिपोर्ट मांगी गई है। जिसके आधार पर उच्च अधिकारीयों को रिपोर्ट प्रेषित की जा रही है। तथा जल्दी ही इन लोगों पर जुमार्ने की कार्रवाई की जाएगी।

# भाकियू (महाशक्ति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** तहसील के गांव पीतमपुर में भूमाफियाओं के खिलाफ ग्राम प्रधान व लेखपाल अनिल कुमार पर आरोप लगाते हुए सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कार्यकताओं ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है।

सोमवार को उप जिलाधिकारी प्रियंका गोयल को भाकियू नेताओं द्वारा ग्राम प्रधान और लेखपाल पर साठ गांठ करके 35 हजार ईट लाकर कब्जा करने के मामले को लेकर तहसील में धरना देते हुए ज्ञापन दिया है। जिसमें तहसील अध्यक्ष गौरव चौधरी व मंडल महामन्त्री डॉ. उपेंद्र चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ो किसानों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है । जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने कहा है कि भूमाफियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तथा लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि कब्जा मुक्त की जाए अन्यथा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। राजेश उपाध्याय ने कहा खतौनी निकालने के नाम पर 15 रुपए की जगह 20 रूपए लेते हैं साथ ही तहसील में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर होने की बात कही। एसडीएम प्रियंका गोयल ने किसानों द्वारा दिए गए ज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए तहसीलदार ज्योत्सना सिंह को जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। इस अवसर पर बंटी सिंह लोधी, नीरज लोधी, सरफराज, चौधरी लहीक खान, ठा राजपाल सिंह फौजी, बृजेश ठाकुर, आदि उपस्थित रहे।

एसडीएम प्रियंका गोयल ने बताया है कि लेखपाल पर जो अवैध कब्जा कराने के आरोप लगाए जा रहे हैं व दूसरी ओर खतौनी पर ओवर रेट की बात कही गई है। इन दोनों मामले की जांच कराई जा रही है।आज जो किसानों के माध्यम से ज्ञापन दिया गया है उसको संज्ञान में लेते हुए तत्काल तहसील राजस्व टीम को मौके पर भेज कर जांच करायी जा रही है। जांच के उपरांत जो तथ्य निकल कर सामने आएंगे उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# घर में कूदकर महिला के साथ छेड़छाड़, केस दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** सलेमपुर थाना क्षेत्र के गाँव में एक युवक ने छत ये कूदकर घर में घुसकर सोमवार शुवह करीब तीन बजे महिला के साथ छेड़छाड़ की। महिला ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अतुल चौहान ने बताया कि रवि पुत्र टेकचंद के विरूद्ध छत से कूदकर घर में सो रही महिला के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

महिला की शिकायत पर आरोपी पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# पल्हेड़ा में 18 घटे से बिजली गायब,ग्रामीणों ने किया हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** पल्हेड़ा में बीते 18 घंटों से बिजली नहीं है। लोग बिजली के साथ पानी संकट से परेशान है। सोमवार सुबह महिलाओं और ग्रामीणों ने हंगामा किया। बिजली आपूर्ति जल्द सुचारू नहीं होने पर ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

बढ़ती गर्मी के साथ बिजली की मांग भी बढ़ती जा रही है। ऐसे में ओवरलोडिंग के कारण कहीं ट्रांसफार्मर तो कहीं तार फुंक रहे हैं। फॉल्ट के कारण घंटों-घंटों बिजली गुल हो रही है। पल्हेड़ा के लोगों का कहना है कि 18 घंटे से बिजली नहीं है। कर्मचारी फोन रिसीव नहीं कर रहे। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने हंगामा किया और बिजली आपूर्ति सुचारू



कराने की मांग की। दूसरी ओर, शहर और देहात इलाकों में फॉल्ट के कारण गुल हो रही बिजली से ग्रामीण-किसान भी परेशान हैं।

लोगों का कहना है कि प्रदेश सरकार ने बिजली आपूर्ति का रोस्टर खत्म कर 24 घंटे बिजली आपूर्ति के निर्देश जारी कर दिए, लेकिन बिजली आपूर्ति में सुधार होने के बजाए बिजली आपूर्ति अव्यवस्थित होती जा रही है। बीते गुरुवार को प्रदेश के ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर ने ऊर्जा भवन में एमडी ईशा दुहन के साथ ही पीवीवीएनएल अफसरों के साथ बैठक कर बिजली आपूर्ति की समीक्षा की थी और निर्देश दिए थे, लेकिन बिजली आपूर्ति लड़खड़ाई हुई है और लोग परेशान हैं।

# विश्वकर्मा योजना का साक्षात्कार आज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** उपायुक्त उद्योग ने बताया की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद-मुजफ्फरनगर में ट्रेड-बढ़ई, कुम्हार, लोहार एवं राजमिस्त्री का प्रशिक्षण हेतु साक्षात्कार प्रस्तावित है। उक्त सम्बन्ध में जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किया गया हैं, उनका साक्षात्कार दिनांक-25.06.2024 पूर्वान्ह 11 बजे प्रस्तावित है। अतः उक्त ट्रेड से सम्बन्धित अपने मूल-पत्र लेकर कार्यालय-जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, मेरठ रोड औद्योगिक आस्थान, मुजफ्फरनगर में समय से उपस्थित होने का कष्ट करें।

# चोरी के आरोपी को भेजा जेल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ककोड़ ।** कोतवाली के प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि एसएसपी श्लोक कुमार सिंह द्वारा चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए चलाए गए अभियानऔर एसपी सिटी शंकर प्रसाद के निर्देशन में और सीओ सिकंदराबाद पूर्णिमा सिंह के निकट पर्यवेक्षक और थाना प्रभारी के कुशल नेतृत्व में वांछित अभियुक्त सोनू पुत्र सलीम निवासी वैर को गिरफ्तार कर जेल भेजा थाना प्रभारी ने बताया कि किसी भी कीमत पर क्षेत्र में चोरी की घटनाएं और बाइक पर तीन सवारी अन्य प्रकार के अपराध बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे गिरफ्तार करने वाली टीम सब इंस्पेक्टर रामवीर सिंह खेनवार और कांस्टेबल पुष्पेंद्र।



# जनसुविधाओं को और सुद्रढ बनाने हेतु नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने कर्मचारियों के कार्य क्षेत्र मे किया बदलाव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** जनसुविधाओं को और सुद्रढ बनाने एवं जनहित में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विभू बंसल ने निम्नलिखित कर्मचारियों के तत्काल प्रभाव से पटल परिवर्तन किये गया।

हरिओम वर्मा लिपिक जलकर सम्पत्ति कर से लिपिक जलकल मे लिपिक,विकास कुमार लिपिक स्टेशनरी लिपिक से जन्म एवं मृत्यु लिपिक बनाया गया।

कृष्णपाल को लिपिक को से जन्म एवं मृत्यु से हटा कर सफाई विभाग लिपिक, स्वच्छ भारत मिशन, अस्थायी गौ-आश्रय स्थल लिपिक, बनाया, आनन्द कुमार गोस्वामी भंडार गृह कीपर वर्तमान कार्यों के साथ साथ स्टेशनरी कीपर का कार्य, जितेन्द्र कुमार को भविष्य निधी, पेंशन, नासिक सूचना एवं स्वच्छ भारत मिशन अधिष्ठान लिपिक बनाया गया,लिपिक धर्मेन्द्र कुमार सफाई विभाग से हटा कर कर विभाग का लिपिक, बनाया, वहीं श्रीमति गृह कर से कर विभाग में तैनात किया गया है। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगे ।




# सपा नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में वीरांगना महारानी दुर्गावती गढ़ मंडला की रानी का बलिदान दिवस मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** सपा महानगर द्वारा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में महानगर कैंप कार्यालय सेक्टर 53 कंचनजंगा मार्केट पर भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती गढ़ मंडला की रानी जी का बलिदान दिवस पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया। महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि अकबर की सेना ने रानी दुर्गावती पर तीन बार आक्रमण किया लेकिन रानी ने तीनों बार उन्हें पराजित कर दिया। एक महिला शासक से कितनी बार हारने के बाद असफ खान गुस्से से भर गया और 1564 में उसने एक बार फिर रानी के राज पर आक्रमण कर दिया युद्ध के दौरान रानी की आंख पर एक तीर लग गया, कुछ सैनिकों ने उन्हें युद्ध भूमि छोड़ने की सलाह दी लेकिन रानी ने बहादुरी से इनकार कर दिया, इस तरह 24 जून 1564 को वह वीरगति को प्राप्त हुई। महासचिव विकास यादव ने कहा कि यह ऐतिहासिक युद्ध जबलपुर के पास मदन महल किले में हुआ था जहां रानी की शहादत हुई थी और आज वहां रानी दुर्गावती की समाधि स्थित है।




कार्यक्रम में उपस्थित मुल्क लोगों में वीरपाल अवाना, तस्लीम, पिंटू यादव, अनिल पंडित ,बबली शर्मा, भानु प्रताप,राम सहेली, मोहम्मद शाहिद, राणा मुखर्जी ,मनोज प्रजापति, सौरभ चौहान, लोकेश यादव , रोहित यादव,अभय यादव, अशोक गुप्ता, सोनू, हरेंद्र, पवन, सिकंदर मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# संविदाकर्मी के पुत्र की मौत का मामले मे ईओ ने मांगी कर्मचारियों की शर्ते,काम पर लौटे सफाई कर्मी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद (कासिम अहमद)।** नगर पंचायत में कार्यरत संविदाकर्मी के पुत्र की मौत के बाद पिछले पांच दिन से चल रही सफाईकर्मियों की हड़ताल सोमवार दोपहर समाप्त हो गई ईओ ने सफाईकर्मियों की सभी मांगे मान ली।जिसके बाद हड़ताल की घोषणा हुई और कर्मचारी काम पर लौट आए।

बता दे कि गत 17 जून को संविदाकर्मी सरोज के इकलौते पुत्र विक्की की पशुओं के अवशेष उठाने के दौरान तबियत खराब हुई और मौत हो गई।तभी से सफाईकर्मी हड़ताल पर चले गए थे।

सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में सफाईकर्मियों और ईओ की बैठक हुई।जिसमे सफाईकर्मियों ने कहा कि जिस दिन से हड़ताल हुई थी और जब तक चली है।किसी भी कर्मी का वेतन नहीं काटा जाना चाहिए।कर्मचारियों को नगर क्षेत्र के बाहर ड्यूटी लगाने पर लिखित में आदेश देना होगा।किसी भी धर्म या किसी भी पर्व पर अतिरिक्त कार्यभार नही दिया जाना चाहिए।सफाई नायकों का व्यवहार बेहतर होना चाहिए।

कार्यस्थल पर ही कर्मियों की हाजरी लगवाई जाएं।सफाई कर्मचारी के पद पर नियुक्त स्थाई और अस्थाई कर्मचारियों से ही कार्य लिया जाना चाहिए।ईओ सेवाराम राजभर ने कर्मचारियों की लिखित में बात मानी है।जिसके बाद कर्मचारी सफाई के काम पर लौट आए है।कर्मचारियों ने शाम चार बजे से कूड़ा उठाना शुरू कर दिया है।

**इन्होंने कहा**

कर्मचारियों की जायज मांगों को मान लिया गया है।सफाई नायकों पर उचित कारवाई की जा रही है।कर्मियों का शोषण होने नही दिया जाएगा।


**-सेवाराम राजभर,ईओ नगर पंचायत औरंगाबाद**

# ओलिना में मंदिर समेत चार स्थानों पर चोरी,प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद (कासिम अहमद )।** औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गांव ओलिना में बीती रात अज्ञात चोर मंदिर समेत चार घरों का ताला तोड़कर लाखो का समान चोरी करके ले गए। पीड़ितो ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर ने एक ही वारदात स्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की ईतश्री कर ली। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गांव ओलिना निवासी गुलवीर सिंह पुत्र सुखपाल सिंह के घर का ताला तोड़कर चोर इनवर्टर,बेटरा,चार बंडल कॉपर का तार चोरी कर लिया। जबकि एसी और एलईडी को उखड़कर घर के बाहर छोड़ गए। दूसरी घटना सुनील पुत्र डालचंद के यहां हुई। चोर ताला तोड़कर गेदाला ले गए। तीसरी वारदात गांव के बाहर प्राथमिक विद्यालय के पास हनुमान मंदिर में हुई। मंदिर के महंत राजकुमार ने बताया कि चोर दानपात्र से पचास हजार की धनराशि, इनवर्टर,बेटरा,माइक समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। सूचना पर श्रद्धालुओं में रोष फैल गया और उन्होंने थाना पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। चौथी वारदात अजय पुत्र जगदीश के यहां हुई। चोर पांच कमरे का ताला तोड़कर,टैक्टर और कार की बैटरी,इनवर्टर,बेटरा चोरी करके ले गए। पीड़ितो को सुबह घटना की जानकारी हुई। ग्रामीणों ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंच





मौके पर पहुंची 112 पुलिस जानकारी कर वापस लौट आई। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में पहले भी चोरी की कई वारदाते हो चुकी है। लेकिन पुलिस ने किसी भी घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। ग्रामीणों ने घटना के जल्द खुलासे की मांग की है।

**इन्होंने कहा**

तहरीर के आधार पर घटनाओं की जांच की जा रही है। जल्द ही घटनाओं का खुलासा कर दिया जाएगा।

**-विकास प्रताप चौहान, सीओ सिटी**

**गेहूं चोरी करते पकड़ा**

औरंगाबादः नवीन अनाज मंडी में गेहूं की एक बोरी चोरी करते हुए चोर को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर पुलिस के हवाले का दिया।पुलिस ने बताया कि आरोपी पर कारवाई की जा रही है।

चेतावनी


## गत तीन माह से तहसील के चक्कर काट रहा है पीड़ित

# भूमि की पैमाइश कराने हेतु तहसील के चक्कर काट रहे पीड़ित ने दी आत्मदाह की चेतावनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** करीब तीन माह से अपनी कृषि भूमि की पैमाइश व निशानदेही कराये जाने के लिए तहसील के चक्कर काट रहे पीड़ित ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर 7 दिन के भीतर पैमाइश वह निशानदेही कराई जाने की गुहार लगाई है। अन्यथा की स्थिति में तहसील में आयोजित आगामी समाधान दिवस पर पीड़ित द्वारा आत्मदाह किये जाने की चेतावनी दी गई है।

पीड़ित संदीप चौहान निवासी हरमुखपुरी कॉलोनी द्वारा उप जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि वह खाता सं-373 के खसरा नम्बर-140 स्थित ग्राम खंजरपुर तहसील मोदीनगर जिला गाजियाबाद में सम्पूर्ण भाग में से 0.1993 हेक्टर भूमि का काबिज मालिक स्वामी है। ज्ञापन में कहा गया हैकी पीड़ित द्वारा गढ़ 22 मार्च को तहसील में विज्ञापन सौंप कर कावेरी एंक्लेव निवासी योगेंद्र नामक व्यक्ति द्वारा अपने साथियों के साथ ऊसर भूमि पर चार दिवारी करने की सूचना दी थी। जिसे तहसील प्रशासन तथा पुलिस ने मिलकर रुकवा दिया था। पीड़ित संदीप चौहान का आरोप है कि चार दीवारी निर्माण कार्य रोके जाने से नाराज होकर उक्त योगेंद्र नामक व्यक्ति द्वारा पुलिस से मिलीभगत कर उसके खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज



पीड़ित संदीप चौहान

करा दिया गया। पीड़ित संदीप चौहान का यह भी आरोप है कि वे गत मार्च माह से ही भूमि की पैमाइश व निशान देही कराने के लिए तहसील प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं। लेकिन अभी तक भी तहसील प्रशासन ने इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की है। पीड़ित संदीप चौहान द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि एक सप्ताह के भीतर तहसील प्रशासन ने इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की तो वे तहसील परिसर में आयोजित आगामी समाधान दिवस में आत्मदाह करेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की? होगी। इस बाबत जानकारी लेने के लिए एसडीम के सीयूजी नंबर पर फोन किया तो नंबर स्विच ऑफ आ रहा था।

**पुलिस पर है पूरा भरोसा, जांच में निर्दोष साबित होऊंगा : संदीप चौहान**

पीड़ित संदीप चौहान ने बताया कि उनके खिलाफ एससी एसटी एक्ट में दर्ज मुकदमा पूरी तरह फर्जी है। क्योंकि वे मौके पर थे ही नहीं। संदीप चौहान ने आरोप लगाया कि पुलिस को भ्रमित कर उन पर यह फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है। लेकिन उन्हें पुलिस पर पूरा भरोसा है। पुलिस जांच में वे निर्दोष साबित होंगे।

# साली से निकाह करने का दबाव बना रहा है जीजा, निकाह से इंकार करने पर जीजा ने साली को बेहरमी से पीटा

**मुरादनगर।** नगर की एक कॉलोनी निवासी एक युवती से उसका जीजा जबरन निकाह करने का दबाव बना रहा है। निकाह से इंकार करने पर जीजा ने अपनी साली को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर की एक कॉलोनी परिवार के साथ रहने वाली युवती का आरोप है कि मेरा जीजा काफी समय से मुझ पर निकाह करने का दबाव डाल रहा है। निकाह करने से इंकार करने पर जीजा मारपीट करता है। युवती ने कहा कि सोमवार को मेरा जीजा घर आया और उसने निकाह करने की बात कही। इंकार करने पर जीजा ने अपनी साली को बेहरमी से मारपीट कर घायल कर दिया। किसी तरह युवती अपनी जान बचाकर मुरादनगर थाने पहुंची और तहरीर दी। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।

# दबंगों ने बाइक सवार युवकों को बेरहमी से की पीट कर किया घायल,गंभीर

**मुरादनगर।** रावली सुराना रोड पर गांव रावली स्थित पेट्रोल पंप के पास दंबगों ने दो युवकों को बेरहमी से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामला अलग अलग समुदाय से जुड़ा हुआ है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। नगर की मलिक नगर कॉलोनी निवासी अमीरुद्दीन ने बताया कि वह अपने भाई समीर के साथ गांव रेवड़ा रेवड़ी से बाइक पर मुरादनगर आ रहे थे। जब रावली सुराना रोड पर गांव रावली कलां स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो बाइक सवार कुछ दबंगों ने अचानक उनके सामने आकर उन्हें रोक लिया। रोकने के बाद दबंगों ने बेल्ट से उनकी पिटाई करनी शुरू कर दी। दबंगों ने उक्त दोनों को इतना पीटा कि अमीरुद्दीन व समीर गंभीर रुप से घायल हो गए। किसी तरह दोनों थाने पहुंचे और दूसरे समुदाय के दबंग युवकों के खिलाफ तहरीर दी।

# तुराब नगर बाजार में अतिक्रमण को ध्वस्त कराने के लिए बुलडोजर लेकर नगर निगम की टीम पहुंची, चला बुलडोजर तो व्यापारी बोले, एक मौका दे दें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** । गाजियावाद तुराब नगर बाजार में अतिक्रमण को ध्वस्त कराने के लिए बुलडोजर लेकर नगर निगम की टीम पहुंची। कार्रवाई शुरू होते ही अफरा तफरी मच गई। दुकानदारों ने अचानक हुई कार्रवाई विरोध भी शुरू कर दिया। इस बीच नगर निगम की टीम ने बुलडोजर से कई दुकानों के बाहर अतिक्रमण कर बनाए गए चबूतरे भी तोड़ दिए। सूचना पर तुराब नगर व्यापार मंडल के चेयरमैन रजनीश बंसल और स्थानीय पार्षद नीरज गोयल मौके पर पहुंचे और नगर निगम के अधिकारियों से फोन पर वार्ता की। रजनीश बंसल ने कहा कि निगम को बाजार में कार्रवाई से पहले एक अवसर अवश्य दिया जाना चाहिए, जिससे की जिन भी स्थानों पर यदि कोई अतिक्रमण है तो उसे व्यापारी स्वयं हटा लें। व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण स्वयं हटा लिए जाने का आश्वासन दिए जाने पर नगर निगम की टीम वापस लौटी और चेतावनी दी है कि यदि तुराब नगर मार्केट में अतिक्रमण हटाती नगर निगम की टीम जागरण व्यापारियों ने अतिक्रमण नहीं हटाया जो जल्द ही नगर निगम की टीम अतिक्रमण ध्वस्त करने का कार्य करेगी।12 से अधिक दुकानों पर लगा जुमार्ना नगर निगम के प्रवर्तन दस्ता प्रभारी कर्नल दीपक शरण ने बताया कि शनिवार को सिटी जोन में अभियान चलाकर तुराब नगर सहित अन्य बाजारों में सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले 12 से अधिक दुकानदारों पर जुमार्ना लगाया गया है। उनसे आठ हजार रुपये की धनराशि की वसूली की गई है।





# पुलिस ने110 मालिकों को लौटाए 24 लाख के मोबाइल, चेहरों पर आई मुस्कान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** जिले की मोबाइल रिकवरी सेल ने एक बार फिर से खोए हुए मोबाइल पीड़ितों को वापस लौटाकर उनके चेहरों पर मुस्कान खिलाई है। सोमवार को पुलिस लाइन में एसपी सिटी ने पीड़ितों को उनके मोबाइल वापस दिए तो लोगों ने पुलिस को थैंक्स कहा।

एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि सर्विलांस सेल द्वारा ऐसे 110 मोबाइल को ट्रेस किया गया, जो विभिन्न स्थानों पर खोए थे। पीड़ितों द्वारा इनकी शिकायत सर्विलांस सेल में दर्ज कराई गई थी।



जिस पर कार्यवाही करते हुए नौ कंपनियों के लगभग 110 मोबाइल बरामद किए गए, जिनकी कीमत 24 लाख है।

इनमें से अधिकांश मोबाइल जिन लोगों को पाए थे, उन्होंने ही पुलिस को वापस लौटा दिए। कुछ मोबाइल कोरियर द्वारा और कुछ मोबाइल दुकानों से रिकवर किए गए। सोमवार को पुलिस लाइन में सभी मोबाइल मालिकों को बुलाकर उनके हैंडसेट पुलिस ने उनके सुपुर्द किये। जिस पर पीड़ितों ने पुलिस को धन्यवाद कहा।

# बोध संस्कारशाला: बच्चों के लिए आध्यात्मिक और नैतिक शिक्षा का अनूठा प्रयास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान, गाजियाबाद शाखा द्वारा मंथन संपूर्ण विकास केंद्र प्रकल्प के अंतर्गत 23 जून 2024, रविवार को खजान सिंह धर्मशाला, पटेल नगर 2ल्लर्, गाजियाबाद में बोध संस्कारशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विभिन्न गतिविधियों और शैक्षणिक सामग्री का एक समृद्ध मिश्रण प्रस्तुत करता है, जिसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों से अवगत कराना है। सत्र की शुरूआत ॐ उच्चारण से हुई, जिसके बाद गंगा स्तोत्र- का गायन किया गया। इसके पश्चात, प्रतिभागियों को ब्रेन योगा के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में कई रोचक गतिविधियाँ शामिल थीं, जैसे साधना सत्र, वीडियो प्रस्तुति, नृत्य, स्मृति परीक्षण, लंग्स एक्सरसाइज, बॉल पासिंग, और रोल मॉडल चयन इत्यादि। विशेष रूप से, सत्र में स्वास्थ्य जागरूकता पर ध्यान केंद्रित किया गया है। धूम्रपान के प्रभाव और उसके दुष्परिणामों के विषय में बताया गया। कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण दिवसों जैसे गंगा दशहरा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024, विश्व पर्यावरण दिवस, लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस, और कबीर दास जयंती के बारे में भी जानकारी दी गई। दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी ज्योति भारती एवं साध्वी दिवाकरा भारती भी वहाँ उपस्थित रहे। उन्होंने सभी बच्चों को नैतिकता युक्त जीवन जीने की सलाह दी। साथ ही इसमें उन्होंने ब्रह्मज्ञान के महत्व को बताया और सभी को निरंतर इस ज्ञान का अनुपालन करने की शिक्षा दी।इस कार्यक्रम ने युवाओं के व्यक्तिगत और सामाजिक विकास दोनों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का समापन एक सामूहिक ध्यान सत्र एवं प्रसाद वितरण से हुआ।




# महंत मच्छेंद्र पुरी महाराज पर भगवान राम व हनुमान जी की विशेष कृपा है: श्रीमहंत नारायण गिरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** बालाजी धाम हिंडन विहार के महंत मच्छेंद्र पुरी महाराज की दो महीने की खड़ी तपस्या पूर्ण हो गई। तपस्या पूर्ण होने के उपलक्ष्य में

**भगवान की कृपा से ही भीषण गर्मी में महंत मच्छेंद्र पुरी महाराज ने दो महीने की खड़ी तपस्या पूर्ण की**

जागरण व भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्रीपंच दशनाम जूना अखाडा अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज ने कहा महंत मच्छेंद्र पुरी महाराज धर्म व सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में अहम योगदान दे रहे हैं। वे शुरू से ही लोक कल्याण की भावना से कार्य करते हैं। इसी कारण उन पर भगवान राम व बालाजी हनुमान जी की विशेष कृपा है। इस भीषण गर्मी में दो महीने तक खड़ी तपस्या करना बहुत ही कठिन कार्य है, मगर भगवान राम व हनुमान जी की कृपा से उन्होंने इस असंभव कार्य को भी संभव कर दिखाया है। महंत मच्छेंद्र पुरी महाराज को दो महीने की खड़ी तपस्या पूर्ण करने पर महाराजश्री ने उन्हें बधाई दी और से प्रार्थना की कि वे हमेशा स्वस्थ रहें और जन हित, समाज हित, देश हित, धर्म हित, सनातन धर्म हित के कार्यो में इसी पकार अपना सहयोग देते रहें। दिल्ली संत महामंडल के महामंत्री महामंडलेश्वर नवल किशोर दास महाराज, संगठन मंत्री महामंडलेश्वर कंचन गिरी महाराज, श्रीमहंत रामानंद पुरी महाराज, महंत गिरीशानंद गिरी महाराज, महंत विजय गिरी महाराज,महंत कमल गिरि,स्वामी रणसिंघानंद गिरि,महंत मुकेश नंद गिरि,महंत दिवाकरपुरी, शिवमपुरी, महंत ब्रहमानंद पुरी महाराज, हिंदू युवा वाहिनी के अध्यक्ष आयुष त्यागी सुभाष बजरंगी आदि भी मौजूद रहे। जागरण के बाद हुए भंडारे में बडी संख्या में संतों व हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



# श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजली,दयानंद पार्क में दी गई और साथ ही विचार गोष्ठी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में भारत की एकता व अखंडता के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर देने वाले, भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान शिक्षाविद् व प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजली दयानंद पार्क में दी गई और साथ ही विचार गोष्ठी भी रखी गई जिस पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ और स्थानीय निवासियों ने अपने-अपने विचारों को व्यक्त किया और परम पूज्य डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अपने विचारों के श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।इस अवसर पर डी न कौल पार्षद राहुल शर्मा अभिषेक श्रीवास्तव दयानंद पार्क आरडब्ल्यूए अध्यक्ष रवि भूषण महासचिव प्रेम सिंह सांखला कोषाध्यक्ष गणपत सिंह अरविंद झा शैतान सिंह भूषण लाल टिंगलू शैलेंद्र सक्सेना शिव शर्मा सुनील शर्मा मदन शर्मा राज जैन सुमन सती निशा चौहान मुनेश कसाना सीमा सिंह अनीता राणा रूपा मुखर्जी स्नेह लता श्रीवास्तव ममता झा उपस्थित रहे।





# योग एवं संस्कार शिविर में बच्चों ने किया प्रणायाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी में भारतीय

**भारतीय योग संस्थान द्वारा गुलमोहर एनक्लेव के बच्चों के लिए योग व संस्कार शिविर का किया गया आयोजन**

योग संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय संस्कार एवं योग शिविर के प्रथम दिन बच्चों ने प्राणायाम व अन्य योग क्रियाएं सीखीं। इसके साथ ही शिविर में बच्चों को दैनिक जीवन में सबके साथ कैसा बर्ताव करना चाहिए, बड़ों का आदर व साथियों के साथ प्रेमभाव की भावना रखनी चाहिए आदि बातें भी सीखीं। सोमवार को आयोजित योग शिविर में योग शिक्षिका अलका बाटला ने बच्चों को योग की जीवन में महत्ता बताई और उन्हे योगासान भी सिखाये। उन्होंने कहा कि यदि बाल्यकाल से ही योगाभ्यास किया जाए तो आगे आने वाले जीवन में होने वाले अनुकूल परिवर्तन को आप स्वयं महसूस कर सकते हैं। शरीर को निरोगी व मन-मस्तिष्क को चुस्त रखने के लिए योग एक उत्तम साधन है। पहले ही दिन दर्जनों बच्चों ने योग सीखा। मंगलवार को बच्चे इन्हीं योगासनों का अभ्यास करेंगे।



# निगम मुख्यालय में किसने लगाई आग, अग्निकांड ने कई बड़े सवाल खड़े कर दिए एक पूर्व पार्षद ने फोरेंसिक जांच की मांग की, कौन है इस अग्निकांड का जिम्मेदार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद नगर निगम के मुख्यालय की तीसरी मंजिल पर शनिवार को सुबह अचानक आग लग गई ऐसा बताया जा रहा है कि आग लगने से 10 से अधिक फाइलें और कंप्यूटर जलकर राख हो गए। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। वहीं इस अग्निकांड को लेकर एक पूर्व पार्षद ने फोरेंसिक जांच की मांग की है। जांच होगी या नहीं पता नहीं, पर इस अग्निकांड ने कई बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर का सबसे महत्वपूर्ण स्थान जहां से शहर की गलियों की, शहर के विकास की, शहर की साफ सफाई की, शहर की महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की चर्चा होती है, राजनीति होती है। शहर का प्रथम नागरिक जिसे महापौर कहा जाता है यहीं से शहर के विकास कार्यों के लिए फैसले लेता है। एक ऐसा स्थान जहां पर शहर के सभी 100 वार्डों के जनप्रतिनिधि (पार्षद) अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए एकत्र होते हैं। एक ऐसा स्थान जहां पर नगर आयुक्त सहित सैकड़ो अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यरत हैं वह स्थान सुरक्षित क्यों नहीं है?,? दूसरा यह कि गाजियाबाद का वह स्थान जहां मुख्यालय में आग लगने के बाद अलार्म क्यों नहीं बजे जबकि मुख्यालय की सभी मंजिलों पर फायर अलार्म लगे हैं? वहीं लापरवाही की हद देखिए बिल्डिंग में लगे अग्निशमन सिलेंडर तक आग बुझाने में काम नहीं आ सके और तो और जो आग बुझाने वाली पानी की पाइप थी वह भी काम नहीं आई अब इसे लापरवाही कहूं या कुछ और लेकिन निगम मुख्यालय में आग लगना और आग बुझाने वाले उपकरणों का काम न करना, फायर अलार्म का ना बजना अपने आप में बड़े सवाल खड़ा करता है।से पूरे शहर के विकास के लिए कार्य किये जाते है वहां पर आग का लगना लापरवाही है या जानबूझकर ऐसा किया गया है? एक सवाल यह भी है क्या जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी भी इतने लापरवाह हैं कि उन्हें जहां वे कार्य कर रहे हैं वहां की जर्जर स्थिति का पता ना हो ?



एक बड़ा सवाल यह भी उठ रहा है कि मुख्यालय में आग लगने के बाद अलार्म क्यों नहीं बजे जबकि मुख्यालय की सभी मंजिलों पर फायर अलार्म लगे हैं? वहीं लापरवाही की हद देखिए बिल्डिंग में लगे अग्निशमन सिलेंडर तक आग बुझाने में काम नहीं आ सके और तो और जो आग बुझाने वाली पानी की पाइप थी वह भी काम नहीं आई अब इसे लापरवाही कहूं या कुछ और लेकिन निगम मुख्यालय में आग लगना और आग बुझाने वाले उपकरणों का काम न करना, फायर अलार्म का ना बजना अपने आप में बड़े सवाल खड़ा करता है। एक सवाल यह भी है जब शहर के मुख्यालय का यह हाल है तो बाकी इमारतों की हालत क्या होगी? हद है भाई लापरवाही की। पर हम क्या कह सकते हैं? कहने के लिए इससे कठोर शब्द भी मेरे पास हैं और अगर ऐसे ही निगम प्रशासन लापरवाह बना रहा तो शहर का विकास ढूंढने से भी नहीं मिलेगा। अंत में इतना ही कहना है कि इस घटना की स्पष्ट जांच जरूर होनी चाहिए और जो भी दोषी है उस पर कार्यवाही जरूर होनी चाहिए क्योंकि फाइलों का जलना कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार को दबाने और जानबूझकर आग लगाने की तरफ इशारा कर रहा है असली वजह क्या है यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा लेकिन कोई तो है जो इस अग्निकांड का जिम्मेदार है।

# स्वाट टीम क्राइम ब्रांच,स्वाट टीम सिटी जोन व थाना नंदग्राम में सुनार को गोली मारकर लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र नंदग्राम में सुनार को गोली मार कर लूट करने वाले अभियुक्तगण पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार, लूट का माल बरामद दिनांकः 11.06.2024 को थाना क्षेत्र नंदग्राम में सुनार को गोली मारकर लूट करने वाले गिरोह के शातिर बदमाश प्रशांत, पवन भाटी व लाखन को आज थाना क्षेत्र नंदग्राम में बाद पुलिस मुठभेड़ गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की गई है।

उपरोक्त अभियुक्तगणो के संबंध में मुखबिर से सूचना मिली कि दो मोटरसाइकिलों से 4 बदमाश नंदी पार्क की तरफ आ रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर हिंडन कट पर चेकिंग की गई थोड़ी देर में दो मोटरसाइकिलों पर 4 व्यक्ति हिंडन मेट्रो स्टेशन की ओर से आते दिखाई दिए जिनकी घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया तो मोटर साइकिल स्वार व्यक्ति नहीं रुकें और तेजी से नंदी पार्क की ओर बढ़े। इस पर पुलिस द्वारा पीछा कर घेराबंदी की गई तो बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किये गये, बदमाशों द्वारा लगातार फायरिंग करने के कारण आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी द्वारा फायर करने वाले बदमाशो के शरीर के निचले हिस्से पर फायर किए जिसमे दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो कर जमीन पर नीचे गिर गए, पुलिस टीम द्वारा अदम्य साहस का परिचय देते हुए बदमाशो को फायरिंग का और मौका न देते हुए मौके पर ही 03 बदमाशों को नंदी पार्क के पास गिरफ्तार कर लिया गया। एक बदमाश मोटर साईकिल से भागने में कामयाब रहा।

गिरफ्तार अभियुक्तगणो के कब्जे से 02 अवैध तमंचा .315 बोर के मय 02 अदद जिंदा व02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर तथा दिनांकः 11.6.2024 को सुनार दीपक वर्मा को गोली मारकर हुई लूट के चांदी के आभूषण व अभियुक्तों के हिस्से में आये पैसों में से ? 15500/- व चोरी की मोटर साइकिल अपाचे बरामद हुई है। घायल अभियुक्तों को उपचार हेतु सरकारी अस्पताल भेजा गया।



आयोजन

## त्यागी समाज ने इकट्ठा होकर श्रीकांत त्यागी को आड़े हाथों लिया

# डॉ.बीपी त्यागी की आवाज़ पर उमड़ा त्यागी भूमिहार समाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** देश के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर बीपी त्यागी ने त्यागी भूमिहार समाज को श्रीकांत त्यागी विवाद के मुद्दे पर इकट्ठा किया. इस संबंध में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां पर त्यागी समाज ने इकट्ठा होकर श्रीकांत त्यागी को आड़े हाथों लिया। इस मौके पर लगभग दो दर्जन वक्ताओं ने अपने विचार रखें जिसमें एक स्वर में कहा गया कि श्रीकांत त्यागी ने समाज का दुरुपयोग किया है और अपने निजी हितों को साधने के लिए पार्टी का गठन कर समाज को कलंकित करने का काम किया है। इस मौके पर डॉ बीपी त्यागी ने कहा कि श्रीकांत त्यागी ने समाज का दुरुपयोग किया और अपने निजी स्वार्थ के लिए पार्टी बनाकर त्यागी समाज को इस्तेमाल करने का काम करने के प्रयास किया. जबकि त्यागी समाज उस विवाद में अपनी बेटी अनु त्यागी के लिए पहुंचा था क्योंकि अनु त्यागी का निश्चित रूप से उत्पीड़न किया गया था. मैंने वीवीआईपी क्लब के आंदोलन में 5 लाख सबसे पहले दिए थे. 6 महीने बाद सत्येंद्र त्यागी और नीरज त्यागी ने मुझे श्रीकांत त्यागी से मेरी अस्पताल में पांच बार मिलवाया. उन्होंने बहुत मन्नत की जिसके बाद मैंने कहा कि मैं चिकित्सा प्रकोष्ठ का काम देख सकता हूं और अपने समाज के साथ अपने शहर की भलाई के लिए काम कर सकता हूं.डॉ त्यागी ने कहा कि उन्होंने श्रीकांत त्यागी जैसा झूठा व्यक्ति नहीं देखा जो लगातार यह कहता रहा कि मेरी खून की एक एक बूंद आपकी है जबकि मेरा पैसा हड़प कर अब वह फोन भी नहीं उठाने का काम कर रहा है.मैं पार्टी में बेटी अनु त्यागी के मान सम्मान की लड़ाई के लिए शामिल हुआ था लेकिन मैंने देखा कि धीरे धीरे पार्टी में झूठ और अनुशासन हीनता अपने चरम पर पहुंच चुकी है. श्रीकांत त्यागी और नीरज त्यागी ने पार्टी के झंडे बनवाने के लिए मुझे तीन लाख लिए वह वापस नहीं किये. इलेक्शन से पहले कोर कमेटी की मीटिंग में 4 जिलों में श्रीकांत त्यागी ने कांग्रेस से टिकट मिलने की बात कही. लेकिन कांग्रेस पार्टी ने श्रीकांत को मुंह नहीं लगाया और वह राजनीतिक पार्टी की शुरूआत करते ही मुँह के बल गिर पड़े. इसके साथ ही एक अनगिनत कामों की लिस्ट है जो श्रीकांत त्यागी ने अनैतिक रूप से किए हैं जिनका खामियाजा त्यागी बिरादरी पूरे देश में भुगत रही है।

गौरतलब है की बैठक में अश्वनी त्यागी एचपी त्यागी इस्लामुद्दीन संगीता त्यागी एडवोकेट संजीव त्यागी कांत त्यागी बृजपाल त्यागी बृजमोहन त्यागी उपेंद्र गोयल सुभाष त्यागी रविंद्र कांत त्यागी नीरज त्यागी अजय त्यागी ,सुनील त्यागी , कर्नल अमरडीप त्यागी ,सुभाष त्यागी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे जिन्होंने अपने विचार प्रकट किया।





# महापौर सुनीता दयाल के आदेश पर जलकल विभाग के अधिकारी लगा रहे हैं पलीता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद आर-रो प्लांटों पर सीलिंग के नाम पर महज खानापूर्त खुलेआम चल रहे हैं आर ओ प्लांट गर्मी में पानी को लेकर मची मारामारी छ- ब्लॉक में पानी खरीदने को लेकर लंबी कतारें गरीब आदमी पर पड़ रही है दोहरी मार नॉर्मल पानी की बोतल 20 और ठंडा पानी 40 रुपये में धड़ले से जा रहा है बेचा आर-ओ प्लांट वाले कह रहे हैं अधिकारी लेते है पैसा कह रहे है आर ओ प्लांट चलाने का ले रखा है लाइसेंस अब यह तो अधिकारी बताएं आर-ओ प्लांट चलाने का किस-किस को दे रखा है लाइसेंस।



# विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारी पुलिस अधीक्षक से मिले, गांव भरना में मिले थे गौवंश के अवशेष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**एसपी को पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई**

**हापुड़/सिंभावली।** जनपद के थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव भरना में मिले गौवंश के अवशेष की घटना में थानाध्यक्ष द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने से क्षुब्ध होकर सोमवार को विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारी पुलिस अधीक्षक से मिले। और पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ



कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा को दिये पत्र में विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि गत 17 जून को गांव भरना में तीन गौवंश के अवशेष प्राप्त हुए थे। जिसकी जानकारी देने के बावजूद भी थाना सिंभावली अध्यक्ष द्वारा इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की।

उन्होंने एसपी को तीन गौवंश के अवशेषों के साक्ष्य दिये,जबकि थाना अध्यक्ष द्वारा एक पशु के अवशेष बताये जा रहे है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि थानाध्यक्ष सिंभावली तबादला कर दिया है,इस मामले की जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा,सतीश भाटी,नीरज शर्मा,नरेन्द्र कुमार,प्रदीप शर्मा,हरिओम सिंह,बिल्लू प्रधान,ज्ञानेन्द्र त्यागी,महेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से पौती की मौत, दादी पोता झुलसे झुलसी अवस्था में दोनों को उपचार हेतु मेरठ रेफर किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड/गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद के थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के गांव गढ़ावली के जंगल में आकाशीय बिजली गिरने से छह वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गयी। जबकि मृतक बच्ची का भाई व दादी झुलस गये। जिन्हें परिजनों ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से

- मृतक बच्ची अपनी दादी व भाई के साथ जंगल में चारा लेने गयी थी
- दैवीय आपदा राहत कोष से परिजनों की मदद कराई जायेगी:एसडीएम

चिकित्सकों ने दोनों को उपचार के लिए मेरठ रेफर कर दिया। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार जनपद की





गढ़मुक्तेश्वर तहसील क्षेत्र के गांव गढ़ावली निवासी चम्पा 80 वर्ष अपने परिवार के साथ रहती है। सोमवार को चम्पा अपने पोते अमित 5 वर्ष पुत्र डालचंद व पोती भूमि 6 वर्ष पुत्री जयचंद को साथ लेकर जंगल से चारा लेने गईं थी। चारा काटने के दौरान तेज बारिश होने लगी। बारिश में चारा लेकर वह घर की तरफ आ रहे थे। तभी अचानक तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली दादी,पोते,पोती के ऊपर गिर गईं थी। बिजली की तेज आवाज सुनकर खेतों पर काम कर रहे किसान मौके पर पहुँचे और तीनों को गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान चिकित्सकों नें मासूम बच्ची भूमि को मृत घोषित कर दिया। वही दादी चम्पा व पोते अमित को गंभीर हालत में मेरठ के अस्पताल में रेफर किया है। सूचना पर पहुंची गढ़ एसडीएम सांक्षी शर्मा ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना कर जाँच पड़ताल की। एसडीएम सांक्षी शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर घटनास्थल का दौरा किया गया है। गढ़ कोतवाली के खादर क्षेत्र के गांव में गढावली में बिजली गिरने से (6) वर्षीय भूमि की मौत हो गईं है। मृतक बच्ची की दादी व भाई को उपचार हेतु मेरठ रेफर किया गया है। राजस्व निरीक्षक की टीम को मौके पर भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद दैवीय आपदा राहत कोष से पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद की जाएगी। परिजनों से बच्ची के पोस्टमार्टम के लिए कहा जा रहा है। इसके बाद परिजनों को सहायता दी जाएगी।

# भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव:श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में नरेन्द्र सरोवर उत्सव मनाया गया


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** 24 वॉ भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव में गत रविवार की शाम को चंडी रोड स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में नरेन्द्र सरोवर उत्सव मनाया गया। जिसे देखने व श्री जगन्नाथ

- श्री जगन्नाथ की लीला का वर्णन सुनने श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़
- आगामी 7 जुलाई भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जायेगी

की लाला का वर्णन सुनने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा सेवा समिति के सेवादार गोपाल शर्मा व





सुशील गोयल ने संयुक्त रूप से बताया कि 24 वें भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव में गत रविवार की शाम को चंडी रोड स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में नरेन्द्र उत्सव मनाया गया।

उन्होंने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में वृंदावन से पधारे गोरदास महाराज भगवान श्री जगन्नाथ की लीला का वर्णन किया। उनके द्वारा गाए भजन भुजा उठा के महाप्रभु नौका विहार करते है,उपस्थित श्रद्धालु नृत्य करने लगे। इस अवसर पर हरिओम, राजेश, विजय, सुशील, संजय, अजय, विनय, अनुराग, मोनू, गौरव, दिनेश, विपिन, दीपांशु आदि सेवादार मौजूद रहे। गौरतलब है,कि भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा आगामी 7 जुलाई को 24वीं भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा भव्य व बड़ी धूमधाम से निकाली जायेगी। रथ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की अपील,कि वह जूते,चप्पल पहनकर नहीं आये व अपने साथ कीमती सामान,पर्स मोबाइल आदि लेकर नहीं आये।


# बच्चों के साथ-साथ अभिभावक भी टेंशन में शिक्षकों द्वारा दिया गया होमवर्क नहीं हुआ पूर्ण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने में तीन दिन का समय शेष रह गया है। जिसे देखते हुए बच्चे होम वर्क पूरा करने में जुट गये है। होमवर्क कठिन होने से बच्चों के साथ-साथ अभिभावक भी टेंशन में दिखाई दे

**ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने में तीन दिन शेष**

रहे है। वह होम वर्क पूरा करने के लिए रास्ते खोज रहे है।



आपको बता दें कि अब धीरे धीरे जून माह अपनी समाप्ति की ओर अग्रसर है। और स्कूल खुलने में अब तीन दिन का समय शेष है। जिसे देखते हुए बच्चों के साथ अभिभावकों के दिलों की धड़कने भी तेज होने लगी है। जिसका प्रमुख कारण अध्यापकों द्वारा बच्चों को दिया गया होमवर्क है। जिसे छुट्टियां समाप्त होने से पूर्व ही बच्चों को पूरा करना है। छुट्टी के दिनों में बच्चों ने अपना समय समर कैंपों और अपनी नाना नानी,मामा व तीर्थ स्थलों एवं हिल स्टेशनों पर बीता दिया। इस दौरान बच्चों ने होम वर्क करने की चिन्ता बिल्कुल नहीं की। स्कूलों में छुट्टी होने से पूर्व ही अध्यापकों द्वारा बच्चों को होमवर्क दे दिया जाता है। जिससे बच्चों का पढ़ाई का क्रम टूटे नहीं। छात्रा निधि,मानसी सैनी,दक्ष,मोक्ष,तनमय सैनी,शगुन व काकू सैनी ने बताया कि उसने गर्मी छुट्टी मौज मस्ती में काट दी। अब उसे होमवर्क पूरा करने की चिन्ता सता रही है। जिस कारण उसके अभिभावक भी परेशान दिखाई दे रहे है। अपने बच्चे को होमवर्क पूरा कराने के लिए अभिभावक बच्चे के साथ देर शाम तक लगे रहते है। लेकिन स्कूलों के खुलने में तीन दिन का समय शेष रहने के कारण वह भी चिन्ता में दिखाई दे रहे है। साथ ही जिन बच्चों ने होमवर्क पूरा कर लिया है। वह बच्चे और उनके अभिभावक टेंशन मुक्त है।

# सरस्वती इन्स्टीटयूट ऑफ मेडिकल साईसेस के विद्यार्थियो द्वारा जी0एस0 इन्टर कॉलिज, में चल रहे खेल टूर्नामेंन्ट में परचम लहराया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)** सरस्वती इन्स्टिट्यूट मेडिकल साईसेस, अनवरपुर (हापुड) के विद्यार्थियो द्वारा जी०एस० इन्टर कॉलिज, पिलखुवा, में चल रहे खेल टूनार्मेन्ट में अपना पंचम लहराया। उक्त टूर्नामेंट में हमारे कॉलिज के विद्यार्थियों द्वारा वॉलीबॉल में प्रथम स्थान, बैडमिटन में प्रथम स्थान, रस्साकशी में प्रथम स्थान, शतरंज में द्वितीय स्थान एवं टेबिल टैनिस में द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्थान के अध्यक्ष डॉ० जे० रामाचन्द्रन, उपाध्यक्षा राम्या रामाचन्द्रन



जी ने टूर्नामेंट में भाग लेने वाले विद्यार्थियों एवं खेल टीम के सदस्यो अभिषेक पंवार (खेल शिक्षक), अमित कुमार तौमर (खेल सहायक) व मुकेश कुमार शर्मा (जिम प्रशिक्षक) आदि सभी को बधाई दी।

# लखनऊ में सम्मानित हुए धौलाना के ओज कवि राजकुमार,बधाई देने वालो का लगा तांता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** लखनऊ में आयोजित कवि सम्मेलन में क्षेत्र के ओज कवि राजकुमार शिशौदिया को सम्मानित

**धौलाना क्षेत्र का नाम स्वर्णमीय अक्षरों में लखनऊ में कराया अंकित**

किया गया । अपने ओज कवि के लखनऊ में सम्मानित होने पर क्षेत्र के लोगो ने उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी ।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित निगोहां में बाबा श्री दिगम्बर नाथ प्राचीन शिव मन्दिर पर आयोजित वार्षिक समारोह में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में धौलाना तहसील के ग्राम छज्जूपुर निवासी ओजस्वी कवि राजकुमार शिशौदिया को कार्यक्रम आयोजन समिति के पदाधिकारियों





आनन्द तिवारी, मनोज तिवारी एडवोकेट, कवि शिवकुमार आकाश, कवि अम्लेश आदि द्वारा वीर रस की कविताओं के लिए पुष्प वर्षा करके माला पहनाकर श्वेत शाल एवं बसन्ती गमछा ओढ़ाकर श्री गजानन भगवान गणेश प्रतिमा एवं भगवान लक्ष्मी नारायण स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया । लखनऊ से लौटने पर सभी शुभचिंतकों समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा राजकुमार शिशौदिया को शुभकामनाएं दी । कवि राजकुमार शिशौदिया ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

**गिरफ्तारी** — न्याय पाने के लिए पत्रकार आन्दोल को रहे तैयार

# पत्रकारों को धमकाने वाला होटल संचालक गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** अवैध तरीके से होटल का संचालन करने वाले दबंग होटल मालिक ने बाथरूम का इस्तेमाल करने पर एक पत्रकार के साथ जमकर अभ्रद्रता करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आक्रोशित पत्रकारों ने आरोपी के खिलाफ

**पत्रकारों ने थाना बाबूगढ़ गेट पर धरना प्रदर्शन किया**

कार्रवाई करने की मांग का लेकर थाना गेट पर धरना प्रदर्शन कर उच्चधिकारियों को घटना से कराया अवगत कराया। जिसके उपरांत पुलिस ने आरोपी होटल संचालक को गिरफ्तार किया। आपको बता दें,कि जनपद थाना बाबूगढ क्षेत्र में अवैध तरीके से होटल का संचालन करने वाले ने पत्रकारों को टायलेट में पेशाब करने पर गंदी गंदी गालियां देते हुए खुद को न्यूज चैनल का मालिक बताकर सभी मीडिया वाले मेरे पैर छूते और मेरे सामने बोलने की भी औकात नहीं है। पत्रकार मेरे सामने पानी भरते हैं जैसे शब्दों के साथ रोब झाडने का वीडि?ी सोशल मीडि?ा पर वायरल हो गया जिसके बाद जिले के समस्त पत्रकारों में रोष व्याप्त हो गया।

जनपद के पत्रकारों ने होटल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए थाना बाबूगढ़





गेट पर धरना प्रदर्शन किया। पत्रकारों ने जिले के उच्चधिकारियों को उक्त घटना से अवगत कराया और मामले को सोशल मीडि?ा के जरिये लखनउ बैठे अधिकरियों तक पहुंचाया। जिसके बाद बाबूगढ थाना प्रभारी हरकत में आये और वीडि?ों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी होटल मालिक को उसके गांव उपैड़ा से गिरफ्तार किया। आईपा संगठन के राष्टीय सचिव सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि अब पत्रकारों को एकजुट रहकर अपनी लड़ाई लडकी होगी। इस मौके पर पत्रकार नवीन गौतम,मुरलीधर शर्मा,सुमित सिसोदिया, तुषार शर्मा, प्रमोद शर्मा, राहुल गौतम,सोरव शर्मा, चेतन, रूषतम सिंह,रिकू सिंह,दीपक कश्यप, राजकुमार शर्मा, पंकज सागर, मोहित कुमार, निजाम सैफी आबिद हुसैन चंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

# धौलाना बार अध्यक्ष के नेतृत्व में सांसद अतुल गर्ग से मिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**भारी संख्या में सांसद आवास पर पहुंचे लोग, अधिवक्ता हित सर्वोपरि : अतुल गर्ग**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ) ।** धौलाना तहसील पंजीकृत बार के अध्यक्ष विनोद शिशोदिया के नेतृत्व में धौलाना तहसील के अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल जनप्रिय गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग से मिला । और उनके साथ विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की । जिसके उपरांत एक ज्ञापन भी सोपा गया । इस मौके पर विनोद शिशोदिया ने बताया की सांसद महोदय के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा सार्थक रही । जिसमे कुछ भ्रांतियों को दूर किया गया । वही सांसद अतुल गर्ग ने कहा की अधिवक्ता लोगो को न्याय दिलाने में हमेशा ही अग्रणी भूमिका निभाते है । इसलिए हमारे लिए और हमारी पार्टी के लिए अधिवक्ता हित सर्वोपरि रहेगा । उन्होंने आने वाले प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त कर अभिनंदन किया । इस दौरान धौलाना मंडलाध्यक्ष योगेश शिशोदिया, पूर्व बार अध्यक्ष जसवीर सिंह सोनू राणा, राजीव तोमर, बिपिन गर्ग, अमित राणा चेयरमैन , सतीश संजीव यादव, बादल प्रताप, अमित गोस्वामी, चुनमुन तोमर, मनजीत



राणा, राहुल राणा, हरेंद्र प्रताप सिंह, संती प्रधान, केपी बाबा, मास्टर लोकेश राणा, आदित्य, उपेन्द्र राणा, तोमर, उदय राघव, रणदीप राघव सहित बड़ी संख्या में धौलाना क्षेत्र के अति गणमान्य लोग भी मौजूद रहे ।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# साधारण श्रेणी में कोई सुविधा नहीं



**अब्दुल सलाम सैफी**
**संपादक**

आँकड़ों के अनुसार 2014 से 31 मार्च 2023 तक 1117 रेल हादसे हो चुके हैं।ज्आम जनता जो कि साधारण श्रेणी में यात्रा करती है उसके लिये कोई भी नई सुविधा नहीं दी गई है। आबादी के बढ़ने पर आम जनता के लिए आम श्रेणी की गाड़ियों में भी बढ़ौतरी की जानी चाहिए थी, परंतु ऐसा नहीं हुआ। आँकड़ों के अनुसार बीते वित्तीय वर्ष में 2.70 करोड़ यात्री टिकट होने के बावजूद रेल में यात्रा नहीं कर पाए, क्योंकि उनका टिकट कन्फर्म नहीं हो पाया। इसी का नतीजा है कि ट्रेन में सफर करने वाले लोग ट्रेन की क्षमता से ज्यादा पाए जाते हैं।

शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जिसने कभी ना कभी रेल यात्रा न की हो। रेलवे स्टेशन पर सुनाई देने वाली घोषणा की शुरूआत 'यात्रीगण कृपया ध्यान देंड़ से ही होती है। इसका उद्देश्य सभी मौजूद यात्रियों का ध्यान आकर्षित करना होता है। यह तो हुई एक साधारण बात। परंतु बीते कुछ वर्षों में हो रहे रेल हादसों के बाद से अब इस घोषणा का सीधा सम्बंध भारतीय रेल से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े मंत्रियों और अफसरों से है। बढ़ते हुए रेल हादसों के चलते अब भी अगर संबंधित मंत्री और अधिकारी नहीं जागेंगे तो कब जागेंगे?

देश की जीवन रेखा माने जाने वाली भारतीय रेल हर खास-ओ-आम आदमी के लिए देश के किसी भी कोने से दूसरे कोने तक यात्रा करने का सस्ता और भरोसेमंद साधन है। हर यात्री को इस बात का भरोसा होता था कि देर-सेवर वो अपने गंतव्य तक पहुँच ही जाएगा। ज्यों-ज्यों देश की आबादी बढ़ी सरकार ने रेल यात्रा में उचित सुधार भी किए।

आज भारत में रेलवे की कुल लंबाई 1,15,000 किलोमीटर है। भारतीय रेल रोजाना करीब 2 करोड़ 31 लाख यात्रियों और 33 लाख टन माल को ढोती है। यह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी रेलवे सेवा है। 12.27 लाख कर्मचारियों के साथ, भारतीय रेलवे दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी व्यावसायिक इकाई है। भारतीय रेल के कार्यचालन के विभिन्न पहलुओं की देखभाल करने के लिए इसने 11 सरकारी क्षेत्र के उपक्रम भी है। भारत जैसे देश के लिए इतने बड़े स्तर पर यात्रा का साधन मुहैया कराने वाली भारतीय रेल पर देश को गर्व है। परंतु हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। बीते कुछ वर्षों में रेल मंत्रालय द्वारा कई ट्रेनों में जो बदलाव किए गए हैं वह एक ओर जहां यात्रियों द्वारा बधाई प्राप्त कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पूरे सिस्टम में फैली अव्यवस्था को लेकर भारी विरोध भी झेल रहे हैं। यात्रियों की सुविधा की दृष्टि से रेल मंत्रालय ने अनेकों आधुनिक गाड़ियाँ भी चलाईं। जैसे-जैसे रेल यात्रा में सुविधा बढ़ी वैसे-वैसे किराये में भी वृद्धि हुई। उल्लेखनीय है कि जिस कदर रेल के किरायों में वृद्धि हुई है उसमें यात्रा केवल वही लोग कर पा रहे हैं जो उस बढ़े हुए किराए का वहन कर सकते हैं। आम जनता जो कि साधारण श्रेणी में यात्रा करती है उसके लिये कोई भी नई सुविधा नहीं दी गई है। आबादी के बढ़ने पर आम जनता के लिए आम श्रेणी की गाड़ियों में भी बढ़ौतरी की जानी चाहिए थी, परंतु ऐसा नहीं हुआ। आँकड़ों के अनुसार बीते वित्तीय वर्ष में 2.70 करोड़ यात्री टिकट होने के बावजूद रेल में यात्रा नहीं कर पाए, क्योंकि उनका टिकट कन्फर्म नहीं हो पाया। इसी का नतीजा हुआ कि आए दिन हमें यह देखने को मिलता है कि ट्रेन में सफर करने वाले लोग ट्रेन की क्षमता से ज्यादा पाए जाते हैं। इससे आरक्षित टिकट प्राप्त कर यात्रा करने वालों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। क्या रेल मंत्रालय के अधिकारियों इस बात की जानकारी नहीं थी कि देश में बढ़ती हुई आबादी के चलते आवागमन में भी वृद्धि होगी? क्या जिन यात्रियों की टिकट कन्फर्म नहीं हुई और उन्हें उनके किराए की राशि वापिस की गई, इसकी संख्या में होती वृद्धि पर किसी का ध्यान नहीं गया? क्या जिन साधारण श्रेणी के डिब्बों को उच्च श्रेणी में तब्दील किया जाना उचित था? क्या उच्च श्रेणी की आधुनिक ट्रेनों को चलाने के लिए साधारण श्रेणी की ट्रेनों को रद्द करना उचित था? यदि समय रहते सही निर्णय लिया गया होता तो रेल में भीड़ के चिन्ताजनक दृश्य सामने नहीं आते। एक ओर जहां किसी नई और आधुनिक रेल के उद्घाटन के समय जिस कदर मंत्री और अफसर श्रेय लेने के लिए आगे आते हैं, वह रेल में हो रही लापरवाहियों का जिम्मा लेने से बचते नजर आते हैं। आँकड़ों के अनुसार 2014 से 31 मार्च 2023 तक 1117 रेल हादसे हो चुके हैं।

# देश के बांध मरम्मत को तरस रहे,वहीं विदेशों में बांध तोड़े जा रहे,आखिर क्यों?



**डॉ. बी.आर.नलवाया, शोध निर्देशक वाणिज्य विभाग, शासकीय पीजी महाविद्यालय मंदसौर**

आने वाले जून 2024 से मध्यप्रदेश सहित देश के कई इलाकों में भारी बारिश होगी जिससे देश के विभिन्न भागों मे तबाही देखने को मिल सकती है। पिछली बारिश में नर्मदा नदी पर बने बांध का जल स्तर लगातार बड़ा है। बिहार में तो हर साल 11 जिलों में बाढ़ के कारण बांधों का टूटना या फिर क्षमता से ऊपर बहने वाले बांधों के दरवाजे खोलने पढ़ते हैं। बांध सुरक्षा कानून 2019 जो की राज्यसभा में पारित होकर 3 सितंबर को ही अस्तित्व में आ चुका है, इसके तहत देश के 5745 बड़े बांधों की सुरक्षा का जिम्मा राज्यों के साथ-साथ केंद्र सरकार के पास भी रहेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश में 906 ( देश के बांधों का 16 प्रतिशत ) बड़े बांध है, जबकि सबसे ज्यादा 2394 बड़े बांध महाराष्ट्र एवं फिर 623 गुजरात में है। इन तीन राज्यों के बाद सिर्फ चार राज्यों में जहां 200 से ज्यादा बड़े बांध है, इस कानून का असर सबसे ज्यादा इन्हीं राज्यों पर होगा। अब इन बांधो की 2024 मानसून के पहले पर्याप्त निगरानी व मरम्मत तथा सुरक्षा की आवश्यकता है।

29-30 अगस्त 2022 को धार जिले के नवनिर्मित बांध में आई दरार के चलते अब एक बार फिर से देश के सभी बड़े बांधों के आसपास रहने वाले बस्ती के लोगों में 2024 की बारिश से दहशत बन सकती है। ऐसी ही एक स्थिति ने 14-15 सितंबर 2019 की दरमियानी रात में कैचमेंट एरिया में लगातार बारिश ने मंदसौर जिले के गांधी सागर बांध को खतरे के मुंह पर खड़ा कर दिया था और यह टूटने की कगार पर था। 2019 में हुई अतिवृष्टि के चलते गाँधीसागर बांध में क्षमता से ज्यादा पानी आने से वह ऊपर से बिजलीघर में घुस गया था। इससे राजस्थान और मध्यप्रदेश के आठ जिलों में रहने वाली 40 लाख की आबादी का सब कुछ बर्बाद हो सकता था। बांध का स्पिलवे अपनी क्षमता से तीन से चार गुना ज्यादा पानी झेलने के कारण क्षतिग्रस्त हो चुका है। यही नहीं विगत मानसून के दौरान 13 बार बांध से निकाला गया पानी इस स्पिलवे की क्षमता को पार कर चुका है।



स्मरण रहे कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट में यह चेतावनी दी गई थी कि गांधी सागर बांध की जल्दी मरम्मत नहीं कराई गई तो इसका टूटना तय है।मध्य प्रदेश की प्रमुख नदी चंबल पर बने गांधीसागर बांध का लोकार्पण 19 नवंबर 1960 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने किया था। गांधीसागर बांध अपने जीवन का 64वां वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। इस 64 साल पुराने बांध की मरम्मत के लिए 14 साल पहले ही पहल हो चुकी थी। यदि इस बांध की जल्द से जल्द मरम्मत नहीं कराई गई और यदि यह बांध टूटता है तो इसमें राजस्थान के कोटा, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर और मध्यप्रदेश के शिवपुर, मुरैना और भिंड में भारी तबाही हो सकती है। साथ ही बांध के नीचे मौजूद राणाप्रताप सागर और कोटा बैराज समेत रावतभाटा न्यूक्लियर पावरप्लांट पर भी खतरा मंडरा सकता है। एक शोध रिपोर्ट में उल्लेख है कि दुनियाभर के करीब 50 हजार बड़े बांधों में से ज्यादातर बांध 1950 से 1985 के बीच में बने है। इनके मुताबिक बांध की सुरक्षित आयु 50 साल होती है लेकिन सही रखरखाव के बाद यह आयु 50 साल और बढ़ सकती है। दूसरी तरफ देश में विगत वर्षों में निर्मित हुए बांधों के टूटने के अनेको कारण जिम्मेदार है जिनका उल्लेख यहां लाजमी नहीं है।

इसी तरह से श्योपुर जिले में वर्ष 1908 में निर्मित वीरपुर बांध, वर्ष 1910 में सिवनी जिले में निर्मित रुमल बांध और वर्ष 1913 में धार जिले में निर्मित माही बांध सहित प्रदेश के 27 बांधो की सरकार को मरम्मत करवाना बहुत आवश्यक हो गया है, क्योंकि इन बांधो की दीवार में कहीं-कहीं क्रैक आ चुके हैं साथ ही कहीं-कहीं मिट्टी भी धस रही है। सरकार ने इनके लिए 551 करोड रुपए मंजूर भी कर रखे हैं। प्रदेश में ज्यादातर बांध 35 साल पुराने हैं जबकि वीरपुर, रुमल और माही बांध को बने 100 वर्ष से अधिक हो चुके हैं। बारिश के पहले इन बांधों की मरम्मत बहुत आवश्यक है, क्योंकि कैग ने इन बांधों की वर्तमान स्थिति पर आपत्ति ली थी और मरम्मत कराने की सलाह भी दी थी।

दूसरी तरफ विकसित देश बांधों के भविष्य पर चिंतन करते हुए इनकी उपयोगिता पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे हैं। अमेरिका इनमें सबसे आगे हैं। कैलिफोर्निया में 8 बांधों में से 4 को तोड़ने का कायार्देश हो चुका है। विदेशो में बांध बनाने वाली कंपनियों का कहना है कि पनबिजली से कमाई से ज्यादा रखरखाव का खर्चा होता है। इस तरह 1976 से अब तक अमेरिका में 1700 बांध तोड़े जा चुके हैं। वर्ष 2004 के बाद से अमेरिका में बड़े बांधों को बनाने पर रोक लगा दी गई है।इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि लागत, उत्पादन, संसाधन आदि मामलों में ऐसे बांध घाटे का सौदा सिद्ध हो रहे हैं। विश्व बांध आयोग के अध्ययन में स्पष्ट है कि ऐसे निर्माण उम्मीद पर खरे नहीं उतर रहे है। यूरोप में भी वर्ष 2016 से ही बांध तोड़े जा रहे हैं। वर्ष 2022 में ही यूरोपीय नदियों पर बने 325 बांध तोड़ दिए गए हैं। यहां खास बात यह है कि जिन नदियों पर बांध तोड़े गए है, वहां का जलीय जीवन एवं पर्यावरण भी तेजी से बदलने लगा है साथ ही नदियां भी अपने पुराने स्वरूप में आने लगी है जिससे उसके आसपास हरियाली भी बढ़ रही है।

## चार दिन जो तेरी सोहबत में आ जाये,

चार दिन जो तेरी सोहबत में आ जाये,
वो सचमुच राधा और मीरा हो जाये।

जो तेरी भक्ति में चरणों में आ जाये,
वो सचमुच बैकुण्ड को पा जाये।।

तेरे भजनों का असर है ऐसा प्रभु,
जो सुन ले वह चारों धाम का हो जाए।

तुझे याद करें हर दुख दूर हो जाए,
प्रभु कुछ ऐसा वरदान हम पा जाएं।

तेरी लीला अपरंपार है कन्हैया कान्हा,
तेरे भजनों से ही हमारा जीवन सार हो जाए।

ऐसा जतन कुछ करो प्रभु इस भव संसार में,
तेरे दर्शन को कोई ना कभी तरस पाये।

अपने चरणों के रज में हमें दे दो जरा सा स्थान,
हमारे इस जीवन की नैया पार लग जाए।

तूने हमें दिया मनुष्य का जन्म प्रभु,
सेवा में तेरे चरणों में स्थान पा जाए।

ऐसा वरदान हमें दे दे ईश्वर अब तू,
भजनों में तेरे हमारा जीवन लीन हो जाए।



**संजीव ठाकुर**

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# अनुपचारित हीटस्ट्रोक आपके मस्तिष्क, हृदय, गुर्दे और मांसपेशियों को जल्दी नुकसान पहुंचा सकता है

हीटस्ट्रोक एक ऐसी स्थिति है जो आपके शरीर के अत्यधिक गर्म होने के कारण होती है, जो आमतौर पर उच्च तापमान में लंबे समय तक रहने या शारीरिक परिश्रम के परिणामस्वरूप होती है। गर्मी की चोट का यह सबसे गंभीर रूप, हीटस्ट्रोक, तब हो सकता है जब आपके शरीर का तापमान 104 एफ (40 सी) या इससे अधिक हो जाए। गर्मी के महीनों में यह स्थिति सबसे आम है। हीटस्ट्रोक के लिए आपातकालीन उपचार की आवश्यकता होती है। अनुपचारित हीटस्ट्रोक आपके मस्तिष्क, हृदय, गुर्दे और मांसपेशियों को जल्दी नुकसान पहुंचा सकता है। उपचार में देरी होने से क्षति और बढ़ जाती है, जिससे गंभीर जटिलताओं या मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है।

हीटस्ट्रोक के लक्षण और लक्षणों में शामिल हैं: उच्च शरीर का तापमान. रेक्टल थमार्मीटर से प्राप्त शरीर का मुख्य तापमान 104 एफ (40 सी) या इससे अधिक, हीटस्ट्रोक का मुख्य संकेत है।

मानसिक स्थिति या व्यवहार में परिवर्तन। भ्रम, उत्तेजना, अस्पष्ट वाणी, चिड़चिड़ापन, प्रलाप, दौरे और कोमा सभी हीटस्ट्रोक के परिणामस्वरूप हो सकते हैं।

पसीने में बदलाव. गर्म मौसम के कारण लगने वाले हीटस्ट्रोक में, आपकी त्वचा छूने पर गर्म और शुष्क महसूस होगी। हालाँकि, जोरदार व्यायाम के कारण होने वाले हीटस्ट्रोक में, आपकी त्वचा शुष्क या थोड़ी नम महसूस हो सकती है।समुद्री बीमारी और उल्टी। आपको पेट में दर्द या उल्टी महसूस हो सकती है।

प्लावित त्वचा। आपके शरीर का तापमान बढ़ने पर आपकी त्वचा लाल हो सकती है।

तेजी से साँस लेने। आपकी साँसें तेज और उथली हो सकती हैं। हृदय गति का तेज होना। आपकी धड़कन काफी बढ़ सकती है क्योंकि गर्मी का तनाव आपके शरीर को ठंडा करने में मदद करने के लिए आपके दिल पर जबरदस्त बोझ डालता है।

सिरदर्द। आपका सिर धड़क सकता है.

यदि आपको लगता है कि किसी व्यक्ति को लू लग सकती है, तो तुरंत चिकित्सा सहायता लें


**-डॉ.मोहम्मद वसी बेग**

# तकनीकी कौशल पर मंदी की मार

देश में बेरोजगारी की समस्या एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। वैश्विक परिस्थितियों के चलते भारत के नौकरी बाजार की हालत भी खराब है, जिसका असर छात्रों के 'प्लेसमेंट' या उनके रोजगार पर देखने को मिल रहा है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान यानी आइआइटी को भारत के सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक माना जाता है, जहां प्रवेश पाना बेहद मुश्किल होता है। यहां पढ़ाई करने का मतलब है सुनहरे भविष्य की गारंटी। मगर हाल के वर्षों में आइआइटी से निकलने वाले कई छात्रों को भी नौकरी नहीं मिल पा रही है। इस वर्ष यह आंकड़ा 38 फीसद तक पहुंच गया है। यह निश्चित रूप से चिंता का विषय है। दरअसल, अर्थव्यवस्था में चल रही मंदी, छात्रों में कौशल का अभाव, आइआइटी जैसे बड़े संस्थानों में पढ़ रहे छात्रों की ऊंची अपेक्षाएं, इंजीनियरिंग स्नातकों की बढ़ती संख्या तथा आइआ इआइटी छात्रों में गैर- तकनीकी कौशल की कमी आदि कुछ प्रमुख कारण हैं, जो छात्रों को नौकरी प्राप्त करने में करने में बाधा बन रहे हैं। वर्ष 2022 में देश भर के सभी तेईस आइआइटी के कुल 17,900 छात्र 'प्लेसमेंट' या रोजगार के लिए पंजीकृत हुए थे, लेकिन इनमें से केवल 14.2 14,490 छात्रों का छात्रों का परिसर में चयन या 'कैंपस प्लेसमेंट' हो पाया। यानी 19 फीसद आइआइटी इंजीनियरों को नौकरी नहीं मिल पाई। 2023 में नौकरी के लिए पंजीकृत होने वाले कुल आइआइटी छात्रों में से इक्कीस फीसद को नौकरी नहीं मिल सकी। इस वर्ष 38 फीसद आइआइटी इंजीनियरों को नौकरी नहीं मिल पाई। हालांकि आइआइटी से स्नातक करने वाले बहुत से से छात्र नौकरी लिए खुद को पंजीकृत नहीं कराते हैं, क्योंकि वे स्नातक के आगे की शिक्षा, अनुसंधान या उद्यमित विकल्प चुनते हैं। इसलिए 'प्लेसमेंट' दरें केवल उन छात्रों का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिन्होंने 'कैंपस प्लेसमेंट' के लिए पंजीकरण कराया था।

पूरी दुनिया को 2020 से मंदी का सामना करना पड़ रहा है। यह मंदी कई वजहों से आई है। कोविड- -19 महामारी वैश्विक अर्थव्यवस्था यवस्था को व्यापक रूप से बाधित किया, जिससे व्यापार और पर्यटन प्रभावित हुए, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान आया। रूस-यूक्रेन युद्ध ने ईंधन की कीमतों, मुद्रास्फीति वृद्धि और वैश्विक वित्तीय बाजारों में अस्थिरता पैदा की है। इससे वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि और उत्पादों की कमी हुई है। कई देशों में मुद्रास्फीति बढ़ रही है, जिससे लोगों की क्रयशक्ति कम हो रही है। मुद्रास्फीति का मुकाबला करने के लिए कई केंद्रीय बैंकों ने ब्याज दरों में वृद्धि की है, जिससे कर्ज लेना महंगा गया है। इस मंदी से दुनिया भर के देशों में आर्थिक विकास धीमा हुआ है, बेरोजगारी और गरीबी बढ़ी है।

हालांकि सभी देश मंदी से समान रूप से प्रभावित नहीं हुए हैं। कुछ देश, जैसे चीन, अपेक्षाकृत मजबूत प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि यूरोप के कुछ देश अधिक गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। मंदी हमेशा नहीं रहती है, आखिरकार अर्थव्यवस्थाएं ठीक जाएंगी और विकास फिर से शुरू हो जाएगा। लेकिन यह कहना अभी मुश्किल है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था कब पूरी तरह से मंदी से उबर पाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसा 2024 या 2025 तक हो सकता है। वैश्विक मंदी का असर भारत पर भी पड़ रहा है, जिसकी वजह से खासकर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कई कंपनियां भर्ती रोक रही हैं। इसका सीधा असर आइआइटी जैसे संस्थानों से निकलने वाले छात्रों पर पड़ रहा है। नवउद्यमों या 'स्टार्टअप' में भी पूंजी कम आ रही है, जिसके कारण नौकरियों की संख्या कम हो रही है। जैसे-जैसे ब्याज दरें बढ़ रही हैं, 'स्टार्टअप' के लिए कर्ज लेना अधिक महंगा हो रहा है, जिससे उनके लिए पूंजी जुटाना मुश्किल हो रहा है। कई नवउद्यम को पूंजी की कमी के कारण कर्मचारियों की छंटनी करनी पड़ी है। इसमें पूंजी कम होने से नए उत्पादों और सेवाओं के विकास में बाधा उत्पन्न हो रही है।



**विजय गर्ग**

. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में पढ़ रहे कुछ छात्रों को अपनी योग्यता और कौशल के के अनुरूप वेतन और पदवी मिलने की अधिक अपेक्षा रहती है। इसलिए वे कम वेतन वाली नौकरियां करने को तैयार नहीं होते हैं। इसके चलते भी उन्हें नौकरी मिलने में देरी होती है। साथ ही, भारत में इंजीनियरिंग कालेजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई हुई है, जिस परिणामस्वरूप इंजीनियरिंग स्नातकों की संख्या भी बढ़ गई है, लेकिन उतनी तेजी से नौकरियां नहीं बढ़ पा रही हैं। अक्सर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के कई छात्रों में संचार, समूह कार्य और समस्या समाधान जैसे आवश्यक और गैर- -तकनीकी कौशल की कमी देखी जाती है, जो उन्हें नौकरी पाने से रोक सकती है। पिछले कुछ वर्षों में छात्रों ने इंजीनियरिंग के अलावा अन्य क्षेत्रों जैसे कि कला, डिजाइन और उद्यमिता में रुचि दिखाई है। यह आइआइटी में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग जैसे पारंपरिक रूप से मजबूत 'प्लेसमेंट' वाले विभागों में नौकरी को प्रभावित कर सकता है।

हालांकि ऐसा नहीं कि सभी छात्रों को नौकरी नहीं मिल पा रही। कई छात्रों को, खासकर उच्च मांग वाले क्षेत्रों, जैसे कंप्यूटर विज्ञान और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के अच्छी नौकरियां मिल रही हैं, लेकिन जो छात्र नौकरी नहीं ढूंढ पा रहे हैं, उनके लिए यह निश्चित रूप से एक चुनौतीपूर्ण स्थिति है। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए कुछ समाधान हो सकते हैं। आइआइटी संस्थानों को कंपनियों के साथ बेहतर संबंध बनाने चाहिए, ताकि छात्रों को रोजगार के अधिक अवसर मिल सकें। आइआइटी को अपने पाठ्यक्रम में उद्यमिता शिक्षा को भी शामिल करना चाहिए। इससे छात्रों को व्यवसाय शुरू करने के मूल सिद्धांतों, बाजार अनुसंधान, वित्तीय प्रबंधन और कानूनी पहलुओं के बारे में जानकारी मिलेगी। आइआइटी को उद्योगपतियों, उद्यमियों और सफल स्टार्टअप संस्थापकों के साथ छात्रों को जोड़ने के लिए 'नेटवर्किंग' तैयार करना चाहिए। छात्रों को अनुसंधान और विकास में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यह उन्हें नए विचारों और नवाचारों को विकसित करने में मदद कर सकता है, जो उनके व्यवसायों के लिए सफलता की कुंजी हो सकते हैं। उद्यमिता को प्रोत्साहित करके 'आइआइटी जैसे बड़े संस्थान न केवल छात्रों को नौकरी ढूंढने में मदद कर सकते हैं, हैं, बल्कि वे भारत को एक नवाचारी और उद्यमशील अर्थव्यवस्था बनाने में भी योगदान दे सकते हैं। कुछ छात्र नौकरी करना पसंद करते हैं, लेकिन जो छात्र अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, उनके लिए आइआइटी उन्हें आवश्यक समर्थन और संसाधन प्रदान कर सकते हैं। आइआइटी छात्रों को सशक्त बनाने और उन्हें सफल आवश्यक उपकरण प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह भी ध्यान रखना जरूरी कि भारत भारत में इंजीनियरिंग की नौकरी का बाजार लगातार बदल रहा है। नई तकनीकों के उभरने के साथ-साथ कुछ कौशलों की मांग बढ़ रही है, जबकि अन्य कौशल कम प्रासंगिक हो सकते हैं। इसलिए आइआइटी इंजीनियरों के लिए महत्त्वपूर्ण है कि वे नवीनतम रुझानों से अद्यतन रहें और अपने कौशल को विकसित करते रहें, ताकि वे नौकरी बाजार में प्रतिस्पर्धी बने रह सकें।

## मंगलवार का राशिफल

मेष- नकारात्मक भावना बढ़ेगी, व्यवसाय में कोई ऑर्डर मिलते हुए रह सकता है, घरेलू खर्चे नियंत्रण से बाहर हो सकते है। भाग्य प्रतिशत-52

वृषभ- किसी रिश्ते में कड़वाहट आ सकती है, घर में साज सामान बढ़ेगा, सीनियर अधिकारी से थोड़ा बचकर रहें, दांत,आंख, गले का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-51

मिथुन- घर में धार्मिक कार्य संपन्न होगा, कोई कार्य होने में देर होगी, रिश्तेदार की सेहत खराब रह सकती है, कर्ज.लेने में समस्या होगी। भाग्य प्रतिशत-53

कर्क- मन अस्थिर और चिंतित रहेगा, पेपर देते समय ध्यान भटक सकता है, कोई जमीन महँगी ले सकते है, करियर में उठापटक सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-49

सिंह- किसी केस में मुआवजा देकर बरी होंगे, चिकित्सक अच्छी प्रगति करेंगे, कोई सर्जरी करवा सकते है, जोश अधिक रहेगा। भाग्य प्रतिशत-59

कन्या- क्रोध करने से बचे, अपनी शिक्षा को लेकर आत्मविश्वास बढ़ेगा, लोगों से मदद कम मिलेगी, पड़ोसी से खटपट सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-54

तुला- अपनी इन्कम, और भविष्य की बचत एवं संतान को लेकर चिंता रहेगी, कुछ सुख दूसरों से बिना परिश्रम के प्राप्त होंगे, थोड़ा कम बोलना शुभ रहेगा। भाग्य प्रतिशत-53

वृश्चिक- मन किसी बात को लेकर पशोपेश में रहेगा, भविष्य के प्रति असुरक्षा बढ़ेगी, जल अधिक पिए, कोई आपके विरुद्ध बात होगी तो सहन नहीं करेंगे। भाग्य प्रतिशत-51

धनु- कुछ बड़ा करने की चाहत बढ़ेगी, सामाजिक कार्य से जुड़ सकते है, इन्वेस्टमेंट करने में सावधानी रखें, कहासुनी में सामने वाले के मान को चोट ना पहुंचाये। भाग्य प्रतिशत-52

मकर- करियर की प्रगति एवं आय को लेकर चिंता बढ़ेगी, कार्य करना चाहेंगे जिससे आगे बढ़ सके, मौके मिलने में समय लगेगा। भाग्य प्रतिशत-49

कुम्भ- धन कमाने के रास्ते खोजेंगे, सरकारी कार्य से जुड़े है तो आमदनी होगी, बैंक एजेंट, बीमा, मार्केटिंग, पोस्ट ऑफिस,डिजिटल सेवा क्षेत्र से लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-56

मीन- सन्तान के भविष्य एवं अपने करियर की प्रगति को लेकर चिंता रहेगी, शिक्षा के मुताबिक कार्य मिलने में समय लगेगा, भाई से बना कर रखें। भाग्य प्रतिशत-50



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# एडीजी ने अधीनस्थों के कसे पेंच आखिर इतने तमंचे आ कहां से रहे?

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** मेरठ में दो दिन में हत्या की तीन वारदातों ने अफसरों के माथे पर भी पसीना ला दिया है। हर वारदात में अवैध हथियारों का प्रयोग हो रहा है। यह बात सबसे ज्यादा बेचैनी बढ़ाने वाली है। रविवार को खुद एडीजी जोन और आईजी रेंज अफसरों के बीच पहुंचे और उनसे सवालों के जवाब मांगे।

बैठक में कई अफसर सवालों की बौछार होने पर बगलें झांकते दिखे। दोनों अफसरों का सवाल था कि आखिर इतने तमंचे आ कहां से रहे हैं?

यह पहला मौका था, जब एडीजी ध्रुवकांत ठाकुर और आईजी नचिकेता झा कानून व्यवस्था पर खफा दिखे। वह सीधे घंटाघर एसपी सिटी दफ्तर पहुंचे और सभी अफसरों को बुला लिया। अफसरों के पहले ही सवाल ने होश उड़ा दिये। एडीजी ने पूछा कि शहर में खुलेआम तमंचे व पिस्टल से वारदात की जा रही हैं। अपराधी वारदात कर आराम से फरार हो जाता है। पुलिस क्या कर रही है। आखिर इतने हथियार शहर में कहां से आ गये। अगर हथियार आ भी रहे हैं तो पुलिस इसके नेटवर्क को तोड़ क्यों नहीं पा रही है।

बैठक में ब्रह्मपुरी, लिसाड़ीगेट और लोहियानगर की हत्याओं का मामला चर्चा में रहा। जिस तरह से वारदात हो रही हैं, उसे देखकर तो ऐसा लगता है कि हथियार घर घर मौजूद हैं।

# सुनीता हत्याकांड : मुंह पर कपड़ा बांधकर आया था कातिल, ई-रिक्शा में हुआ फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** ब्रह्मपुरी के इंदिरानगर निवासी सुनीता मिश्रा की हत्या के मामले में पुलिस अभी तक कातिलों की न तो पहचान कर पाई है और न ही कोई अन्य सबूत हाथ आया है। मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने के लिए पांच टीमों को लगाया है और तमाम सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। कातिल इतना शातिर है वह वारदात के लिए जब आया, उस समय मुंह पर कपड़ा डाला हुआ था और फरार होने के समय भी मुंह कैमरों से छिपाया था। प्लानिंग के साथ पूरा हत्याकांड अंजाम दिया गया है। खुलासे के लिए एसपी सिटी और दो सीओ को लगाया है।

सुल्तानपुर के थाना धनपतगंज स्थित अमाऊ जासरपुर निवासी राधेश्याम मिश्रा परिवार के साथ करीब 35 साल पूर्व मेरठ आ गए थे और ब्रह्मपुरी के इंदिरानगर गली-2 में रहने लगे। राधेश्याम कैलाश अस्पताल में ओटी टेक्नीशियन हैं और शुक्रवार रात पत्नी सुनीता मिश्रा घर अकेली थी। रात करीब 12 घर में घुसे एक बदमाश ने सुनीता की कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी और जेवरात व नकदी लूटकर फरार हो गया। कातिल रात करीब 12.26 बजे घर से निकला और घर में खड़ी राधेश्याम की बाइक का इस्तेमाल किया।



कातिल ने इस बाइक को दिल्ली चुंगी के पास छोड़ दिया था।

**ई-रिक्शा से फरार हुआ कातिल**

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के कैमरों की जांच की तो खुलासा हुआ कि कातिल रात 12.26 बजे बाइक लेकर घर से निकला था। आरोपी इस दौरान अपना चेहरा लगातार छिपाए रहा। दिल्ली चुंगी पर बाइक खड़ी करने के बाद आरोपी यहां से एक ई-रिक्शा में बैठ गया। ई-रिक्शा बेगमपुल की ओर गया और इसी ई-रिक्शा को पुलिस ट्रेस करने में लगी है। कुछ कैमरों में आरोपी दिखाई दिया है, लेकिन ई-रिक्शा में बैठने के बाद भी आरोपी ने मुंह से कपड़ा नहीं हटाया। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है पूरी प्लानिंग के साथ घटना अंजाम दी है।

**किसी परिचित पर हत्या की आशंका**

पुलिस मानकर चल रही है कि कोई नजदीकी वारदात में शामिल रहा है। इसे परिवार के सभी लोगों की लोकेशन पता थी। सुनीता घर पर किस समय अकेली होगी और कब सबसे कम रिस्क होगा, ये भी पता था। घर से फरार होने के लिए कौन कौन से रास्ते हैं, ये भी पता था। आरोपी ने लगातार अपना चेहरा छिपाया है और वारदात को आत्महत्या दिखाने की साजिश की है। पुलिस ने घटनास्थल और इसके आसपास इस्तेमाल तमाम मोबाइल नंबरों की जानकारी ली है। पता किया जा रहा है कि हाल-फिलहाल में सुनीता मिश्रा के घर या आसपास कोई अंजान मोबाइल नंबर लगातार इस्तेमाल हुआ है या नहीं।

**खुलासे के लिए एसपी और दो सीओ समेत पांच टीमें लगाई**

सुनीता हत्याकांड का खुलासा करना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। मामले में लखनऊ से संज्ञान लिया गया है। ऐसे में एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह और दो सीओ समेत पांच टीमों को खुलासे के लिए लगाया है। एक टीम मोबाइल सर्विलांस, दूसरी टीम सीसीटीवी कैमरों और बाकी तीनों टीम अन्य लाइन पर काम कर रही है।

# नौचंदी मेला जगमग, झूले और दुकानें सजीं

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मेरठ ।** नौचंदी मेले में प्रशासन ने अभी तक लाइट की व्यवस्था नहीं कराई है, लेकिन दुकानदारों ने अपने निजी जनरेटरों से मेले को गुलजार कर दिया है। मेला रोशनी से नहाते ही भीड़ पहुंचनी शुरू हो गई है। दुर्गा मंदिर परिसर में लगे झूले जगमग हो गए हैं। उधर, प्रशासन द्वारा निकाले गए टेंडर भी खुल चुके हैं। उम्मीद है कि प्रशासन की तरफ से दो-तीन दिन में लाइट की व्यवस्था हो जाएगी।

पश्चिम उप्र के ऐतिहासिक नौचंदी मेले में 50 से अधिक दुकानदार पहुंच गए हैं। दुकानें सजकर तैयार हैं। हलवा पराठा, होटल, चांट पकौड़ी, खिलौने, मिट्टी व चीनी के बर्तन आदि की दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रही है। झूला झूलने के लिए भी महिलाएं और बच्चे पहुंच रहे हैं। पटेल मंडप के सामने बाजार सजकर तैयार हैं। उधर, पुलिस ने भी मेले में गश्त बढ़ा दी है। रविवार को नौचंदी मेले की लाइट, सर्कस आदि के टेंडर खुले। बताया जा रहा है कि दो दिन के बाद जहां दुकानदारों को लाइट का कनेक्शन देना शुरू होगा। अभी तक पटेल मंडप में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर निर्णय नहीं लिया गया है, जबकि पटेल मंडप में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों से ही मेले की शोभा बढ़ती है। प्रशासन की लापरवाही के कारण नौचंदी मेला संचालन लेट हो रहा है।

# इरफान पठान के मैकअप आर्टिस्ट की मौत: वेस्टइंडीज में स्विमिंग पूल में नहाते समय गई जान

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मेरठ।** पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर इरफान पठान के मैकअप आर्टिस्ट और नगीना के रहने वाले 22 वर्षीय फय्याज अंसारी की वेस्टइंडीज के एक होटल के स्विमिंग पूल में नहाते समय मौत हो गई है। युवक की मौत का समाचार नगीना पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया।

नगर के मोहल्ला काजी सराय प्रथम निवासी पालिका सभासद मोहम्मद अहमद ने बताया कि उसका तहेरा भाई फय्याज अंसारी पिछले करीब सात वर्षों से मुंबई में सैलून चलाता था। इस दौरान फय्याज पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर इरफान पठान का मैकअप आर्टिस्ट बन गया था। वह पठान के साथ विदेशी दौरों पर भी जाने लगा।

बताया कि इस समय आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2024 खेला जा रहा है। टूनार्मेंट के सुपर 8 के मुकाबले वेस्टइंडीज में खेले जा रहे हैं। इरफान पठान स्टार स्पोर्ट्स की कमेंट्री टीम के साथ वेस्टइंडीज में हैं। फय्याज भी पठान के साथ ही था।

बताया गया कि 21 जून की शाम को सूचना आई की फय्याज की वेस्टइंडीज के एक होटल के स्विमिंग पूल में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई है। इरफान पठान खुद ही वेस्टइंडीज में सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद फय्याज अंसारी के शव को लेकर दिल्ली आएंगे।

उसके बाद परिजन दिल्ली से शव लेकर नगीना आएंगे। बताते चलें कि मृतक की दो माह पूर्व ही शादी हुई थी। करीब आठ दिन पूर्व ही वह नगीना से मुंबई गया था।

# पति-पत्नी के विवाद में मासूम की आफत, छह माह की बच्ची को मस्जिद में रखकर परिजन फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** बिजनौर जनपद के मंडावर थानाक्षेत्र में गांव नारायणपुर रतन में छह माह की बच्ची को मस्जिद में रखकर परिजन फरार हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। ग्रामीणों ने बताया कि पति से विवाद के चलते महिला बच्ची को सास-ससुर के पास छोड़ गई थी। बाद में सास-ससुर बच्ची को मस्जिद में रखकर फरार हो गए। पुलिस ने बच्ची को मौसी के सुपुर्द किया।

**मां ने छह माह की बेटी को सास-ससुर के पास छोड़ा, वे मस्जिद में रख हुए फरार**



मंडावली थाना क्षेत्र के गांव नारायणपुर रतन निवासी नवाब का पत्नी सहाना परवीन से विवाद चल रहा है। नवाब बाहर रहकर काम करता है। शनिवार को नवाब की पत्नी शहाना परवीन अपनी छह माह की बच्ची को सास खैरूना और ससुर यूनुस के पास छोड़कर अपने मायके मंडावली थाने के गांव जमदरपुर चली गई।

इसके बाद सास ससुर भी छह माह की बच्ची को मस्जिद में रखकर और घर में ताला लगाकर फरार हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर मंडावली पुलिस मौके पर पहुंची। रात होने की वजह से पुलिस ने बच्ची को पड़ोसी को सुपुर्द कर दिया। रविवार सुबह पुलिस बच्ची को थाने ले गई।

मंडावली थाना प्रभारी विकास कुमार और उसकी टीम ने चार घंटे बच्ची का ख्याल रखा। पुलिस ने बच्ची को उसकी मां सहाना परवीन के पास पहुंचवाया, लेकिन वह गांव में नहीं मिली। बाद में पुलिस ने बच्ची को उसकी मौसी के सुपुर्द कर दिया।

# दिन में धूप तो कभी छाए बादल, उमस भरी गर्मी से लोग परेशान, मानसून तक ऐसा रहेगा मौसम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** बारिश के बाद दिन व रात में उमस भरी गर्मी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को परेशान कर रही है। मानसून तक ऐसे ही हालत बने रहने की संभावना है। रविवार को आसमान पर कभी बादल छाए रहे तो कभी सूर्यदेव के तेज का असर रहा।

पश्चिम उत्तर प्रदेश में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के चलते शहर में तीन दिन तक रुक-रुककर बारिश हुई। बारिश से थोड़ी राहत मिली और तापमान 40 से नीचे आया। रात का तापमान भी 31 से नीचे आकर 26 डिग्री के पास बना है। मौसम कार्यालय पर रविवार को अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही का कहना है कि बारिश के बाद उमस बढ़ी है। अभी मौसम ऐसा ही बना रहेगा। बारिश के बाद एक्यूआई स्तर में भी सुधार हुआ है। रविवार को मेरठ का एक्यूआई 89 दर्ज किया गया, जबकि जयभीमनगर में 101, गंगानगर में 80, पल्लवपुरम में 86, दिल्ली रोड 90, बेगमपुल 101 दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजलीघर पर आई तकनीकी खराबी से 56 गांवों की बत्ती गुल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू।** पलड़ा स्थित बिजलीघर की मशीनों में आई खराबी से पहासू तथा क्षेत्र से जुड़े 56 गांवों की बिजली कटी रही। पहासू में 24 घंटे बत्ती गायब रहने से उमस भरी गर्मी में लोग बेहाल रहे। उपभोक्ता पावर कारपोरेशन के अधिकारियों को फोन पर फोन करते रहे। पलड़ा बिजलीघर से जुड़े पहासू टाउन फीडर,काली नदी फीडर तथा जरारा फीडर से जुड़े 50 से अधिक गांवों की बत्ती गुल होने से किसानों को सिंचाई से लेकर चारा काटने की परेशानी हो रही है। एसडीओ सुनील कुमार ने बताया कि पलड़ा बिजलीघर पर 132 केवी की लाइन पर स्थापित 40 एमवीए के ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने की वजह से सप्लाई बाधित हो रही है, कारपोरेशन के इंजीनियर तथा टेक्नीशियन लाइन को ठीक करने में जुटे हैं। जल्द ही सप्लॉई सुचारू कर दी जाएगी।

### आम के बगीचे से फल तोड़ने से मना किया तो दबंगों ने कर दी मारपीट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी एक व्यक्ति के साथ गांव के ही तीन लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को गांव भभीसा निवासी रितेश ने बताया कि उसने अपने खेत पर आम का बगीचा लगा रखा है, बगीचे में आम के फल आए हुए हैं आरोप है कि गांव का ही अनिल उसके बगीचे रोजाना आम के फल तोड़ता है। सोमवार को जब पीड़ित ने फल तोड़ने से मना किया तो आरोपी उसके साथ गाली-गलौज करते हुए गांव चला गया। और उसके थोड़ी देर बाद अपने दो और लोगों को लेकर आया और उसके साथ लाठी डंडों से जमकर मारपीट की। पीड़ित के साथ मारपीट का वीडियो भी पीड़ित के एक अन्य साथी ने अपने मोबाइल के कमरे में कैद किया हुआ है। आरोपी पीड़ित के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गए। पीड़ित व्यक्ति ने आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### विवाहिता को मारपीट कर घर से निकला पुलिस जांच में जुटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में पति ने मारपीट कर पत्नी को घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने आरोपी पति के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बे के मोहल्ला खैल घसौली रोड़ निवासी युवती फातमा की शादी छह साल पहले क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी शेर अली के साथ हुई थी। युवती के पिता ने शादी में बाइक सहित अन्य सामान दिया था। शादी के बाद महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। आरोप है कि उसके बाद पति अपने स्वजन के साथ मिलकर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर महिला को परेशान करने लगा। आरोप है इस दौरान कई बार महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिसमें कई बार पंचायत की गई, और युवक पक्ष माफी मांगने के बाद महिला को अपने घर ले गए। तीन दिन पहले एक बार फिर महिला के साथ मारपीट की गई, आरोप है कि विरोध करने पर उसे घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला अपने घर पहुंच गई, पीड़ित महिला ने सोमवार को अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपी पति के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मुस्लिम युवक की होली मनाते फोटो वायरल की, शिकायत पर मिली धमकी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** कई माह पूर्व होली खेलते समय एक मुस्लिम युवक का फोटो धार्मिक उलेमाओं के ग्रुप में अन्य युवक के द्वारा शेयर कर दी गया । जिसके चलते पीड़ित युवक ने थाने जाकर आरोपी युवक के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर सांप्रदायिक उन्माद को भड़काने का आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी मुनीर ने पुलिस को तहरीर देते बताया की वर्तमान मे गोपाल कालोनी पानीपत हरियाणा रहता है। पीड़ित युवक के अनुसार हरियाणा सरकार के राज्य मंत्री के साथ होली उत्सव मना रहे थे। जिसके कुछ फोटो भी मोबाईल कैमरे से लिए गये थे। पीड़ित युवक के अनुसार गांव के ही एक युवक ने उक्त फोटो को मुस्लिम उलेमाओ के ग्रुप में वायरल करते हुए अभद्र टिंपनी कर सांप्रदायिक उन्माद को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है।

# सैलून की दुकान पर बाल कटवाने पहुंचे युवक की गोली मारकर हत्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** मेरठ के लोहिया नगर थाना क्षेत्र के हुमायू नगर गैस गोदाम के पास सैलून की दुकान पर बाल कटवा रहे 25 वर्षीय समीर को बाइक मिस्त्री अमीरुद्दीन ने गोली मार कर हत्या कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। दोनों दोस्तों में दो दिन पहले विवाद होना बताया जा रहा है, सीओ कोतवाली सहित थानो का फोर्स मौके पर पहुंचा। जानकारी के मुताबिक दो दिन पहले दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। रविवार सुबह समीर लवली हेयर सैलून पर बाल कटवाने पहुंचा था। बराबर में ही अमीरुद्दीन की बाइक मिस्त्री की दुकान है। इसी दौरान अमीरुद्दीन ने तमंचे से सटाकर गोली मार दी। गोली लगने के बाद खून में लथपथ समीर



जमीन पर गिर गया। वारदात के बाद इलाके में अफरा तफरी बन गई।

मौके पर एसपी सिटी व सीओ कोतवाली समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि हत्यारोपी के खिलाफ केस दर्ज किया जा रहा है। आरोपी के तलाश में पुलिस टीम लग गई है।

# पुलिस फोर्स के साथ सड़कों पर उतरे नवनियुक्त थाना अध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांधला।** एसपी के आदेश पर पुलिस ने कस्बे में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलते हुए सड़क के दोनों ओर हो रहे अतिक्रमण को भी हटवया पुलिस के द्वारा सड़कों पर पैदल गस्त करते हुए नगर एवं क्षेत्र के लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। सोमवार को नवनियुक्त थाना अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने पुलिस फोर्स के साथ कस्बे के मयूर तिराहे पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने पुलिस टीम के साथ संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग की। वाहन चेकिंग के बाद नवनियुक्त थाना अध्यक्ष ने सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चला कर कई अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान उन्होंने कस्बे के रेलवे मार्ग, मेंन बाजार, दिल्ली बस स्टैंड,पर पुलिस फोर्स के साथ पैदल गस्त निकला। उन्होंने व्यापारियों से वार्ता करते हुए कहा कि सभी व्यापारी अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए। और बाजार में किसी तरह की भी घटना दुर्घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने बाजार में पैदल गस्त करते हुए नगर एवं क्षेत्र के लोगों से सुरक्षा का एहसास कराया। नवनियुक्त थाना अध्यक्ष के साथ उप निरीक्षक विजया त्यागी,मोहम्मद अली, महिपाल सिंह, उप निरीक्षक विनोद कुमार, सहित आदि पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

**कार से बुलेट टकराने पर विवाद** | हत्या के बाद आक्रोशित परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए थाने पर जमकर हंगामा किया

# सरेराह कपड़ा कारोबारी की गोली मारकर हत्या,कई राउंड फायरिंग से दहशत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** मेरठ के लोहिया नगर थाना क्षेत्र की जाकिर कॉलोनी में शनिवार शाम कार से बुलेट टकराने के विवाद में कपड़ा कारोबारी की सरेराह गोली मारकर हत्या कर दी गई। कई राउंड फायरिंग होने से क्षेत्र में भगदड़ मच गई। आरोपी मौके से फरार हो गए। हत्या के बाद आक्रोशित परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए थाने पर जमकर हंगामा किया।

जाकिर कॉलोनी निवासी 40 वर्षीय अनीस मलिक पुत्र यासीन मलिक कपड़े का कारोबार करता था। शनिवार शाम वह अपने चचेरे भाई फुरकान के साथ कार से कहीं जा रहा था। रास्ते में उनकी कार पड़ोसी इमरान मलिक पुत्र इरशाद मलिक की बुलेट से टकरा गई। इसे लेकर इमरान और अनीस के बीच कहासुनी और मारपीट हो गई। आरोप है कि इमरान ने अपने साथी रिजवान, आरिफ, साद और फुरकान को मौके पर बुला लिया। इन लोगों ने अनीस और फुरकान पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। एक गोली अनीस की आंख में जा लगी। आरोपी हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए। सरेराह कई राउंड फायरिंग होने से लोगों में भगदड़ मच गई।

मौके पर पहुंचे अनीस के परिजन उसे अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने अनीस को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवा दिया। परिजन एकत्र होकर लोहिया नगर थाने पहुंच गए।



आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। देर रात करीब 12 बजे तक परिजनों की ओर से थाने में तहरीर नहीं दी गई थी। थाने पर हंगामा जारी था। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। परिजनों की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**

अनीस के परिवार में पत्नी के अलावा दो पुत्र और दो पुत्रियां है। परिजनों को अनीस की हत्या की खबर मिली तो सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पत्नी रोते हुए बेसुध हो गई। परिजनों ने किसी तरह उसे संभाला।

# दबंगों ने युवक को पीट-पीटकर किया अधमरा,एसएसपी ऑफिस पर धरने पर बैठा परिवार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** बहसूमा थाना क्षेत्र में खेत की तारबंदी को लेकर हुए मामूली विवाद में दबंगों ने एक युवक को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। बावजूद इसके पुलिस ने अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। जिससे गुस्साए पीड़ित परिजनों ने सोमवार को कप्तान ऑफिस पर धरना देते हुए जमकर हंगामा किया।

बहसूमा के मौहल्ला छिप्पी वाला का रहने वाला आकाश परिवार की महिलाओं और दर्जनों ग्रामीणों के साथ सोमवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचा। आकाश ने बताया कि कुछ दिनों पहले उसका भाई बल्लू खेत पर काम कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के रहने वाले दबंग विजेंद्र और उसके भाई लाला ने खेत में तारबंदी करने को लेकर बल्लू का



विरोध किया। जिस पर बल्लू ने उन्हें भी अपने खेत में तारबंदी करने की सलाह दी। आरोप है कि इसके कुछ दिन बाद आरोपियों ने अपने आधा दर्जन साथियों के साथ लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से बल्लू पर हमला बोल दिया। जिसमें बल्लू के दोनों पैर टूट गए और सीने में भी फ्रैक्चर है। गंभीर रूप से घायल युवक अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहा है। आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में अब तक कोई कार्यवाही नहीं की है। पीड़ित अब तक तीन बार कप्तान ऑफिस भी चक्कर काट चुके हैं, लेकिन यहां भी कोई सुनवाई नहीं हुई। पुलिस कार्यशैली से नाराज परिजनों ने एसएसपी ऑफिस पर धरना देते हुए जमकर हंगामा किया। इसके बाद कप्तान ने थाना पुलिस को फटकार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

# पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना बहजोई पुलिस द्वारा भादवि में वांछित अभियुक्त भूपेंद्र पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम कमलपुर को उ0नि0 आकाश यादव द्वारा मय पुलिस टीम के पाठकपुर से कामालपुर रोड से गिरफ्तार किया गया।



# अचानक बदला मौसम का मिजाज, थोड़ी ही देर में होने लगी झमाझम बारिश, अगले 48 घंटे में तेज बारिश और हवा के आसार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**आदमपुर ।** अमरोहा में थोड़ी ही देर में मौसम बदला और झमाझम तेज बारिश होने लगी और बारिश पड़ने से लोगों को गर्मी से राहत भी मिली मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे में तेज बारिश और तेज हवा चलने का अलर्ट जारी किया है बारिश के साथ-साथ ठंडी ठंडी हवा चलने से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिली है और धीरे-धीरे मानसून भी अपनी रफ्तार पकड़ रहा है बताया जा रहा है कि सोनभद्र तक मानसून आ गया है और 25 जून तक यूपी में भी मानसून कदम रख लेगा वहीं जनपद अमरोहा मे कहीं तेज तो कहीं कम बारिश देखने को मिली यूपी वासियों को अब गर्मी से राहत मिलती नजर आएगी क्योंकि 25 से 26 जून के बाद मानसून यूपी में कदम रख रहा है और समय से किसान की फसल की रोपाई भी ठीक से हो जाएगी वहीं बिजली कटौती की समस्या भी कम हो जाएगी।



# उप जिलाधिकारी ने कार्यालय मे की जनसुनवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** उप जिलाधिकारी ने तहसील मे स्थित कार्यालय पर लोगों की फरियाद को सुना और समस्याओं के निस्तारण कुशलतापूर्वक करने के लिए संबंधित कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिये । सोमवार को एसडीएम मनी अरोड़ा ने अपने कार्यालय पर लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनको उनकी समस्या का निदान करने का आश्वासन दिया । एसडीएम मनी अरोड़ा में लोगों की समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित कर्मचारियों को कुशलता पूर्वक समाधान करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए और शीघ्र ही समस्याओं का निपटारा करने का भी आदेश दिया ।



# सड़क हादसे में किशोर की मौत, मृतक के पिता दिल्ली में ही रहकर राजमिस्त्री का काम करते थे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**आदमपुर (जितेन्द्र यादव)।** रहरा थाना क्षेत्र के गांव पोरारा निवासी विशाल पुत्र चरन सिंह उम्र 18 वर्ष कक्षा 9 का छात्र था और अपने पिता के साथ दिल्ली में रहता था बीते बृहस्पतिवार को गांव आया था अपने दादा-दादी से मिलने सोमवार को संभल जनपद के कस्बा गंवा में गया था और वापस आते समय चचौरा बिजली घर के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी जिसमें विशाल उम्र 18 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। कार चालक घटनास्थल से कार छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया बताया जाता है कि मृतक दो भाई बहनों में सबसे बड़ा था और मृतक के पिता दिल्ली में ही राजमिस्त्री का काम करते हैं वहीं मृतक से परिवार बालो का रो रो कर बुरा हाल है।



# चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन भी भागवत सुन श्रद्धालु हुए मंत्र मुग्ध

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** सोमवार को नगर के रामबाग रोड स्थित श्री बारहसैनी सेवा सदन में श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस सरस्वती पीठ , वृंदावन से पधारे आचार्य नन्द नन्दन ठाकुर महाराज ने मुख्य यजमान महेन्द्रपाल वार्ष्णेय 'शक्ति भोग' - ऊषा रानी और आज के यजमान विवेक यादव - उपासना यादव से पूजन सम्पन्न कराया। साहू खानचंद्र इंडस्ट्रीज के मौसम गुप्ता ने महाराज का माल्यार्पण और शाल पहनाकर स्वागत किया।कथा का प्रारम्भ आचार्य ठाकुर महाराज ने भगवान श्री नारायण के अनन्य भक्त ध्रुव के पावन चरित्र से किया। महाराज ने राक्षसराज हिरण्यकश्यप के पुत्र प्रहलाद की हरि भक्ति का वर्णन करते हुये कहा कि प्रहलाद ने अपनी भक्ति की दृढ़ता से



अपने साथ साथ अपने पिता और कुल का भी उद्धार करवा लिया। मनमोहक भजनों के माध्मय से कथा व्यास ने श्रोताओं को प्रहलाद सी दृढ़ भक्ति करने की प्रेरणा दी और कहा कि भगवान नारायण गज की करुण पुकार सुनकर दौड़े आये और अपने भक्त का कष्ट दूर किया। भक्त यदि सच्चे मन से प्रभु को पुकारते हैं तो करुणानिधान भक्तवत्सल भगवान को आना ही पड़ता है। कथा उपरान्त यजमानों ने सपत्नीक श्री राधा कृष्ण और भागवत की आरती उतारी। आरती उपरान्त तत्पश्चात अमित के एस और गोपाल वार्ष्णेय रियोनाई वालों की ओर से प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान मौजूद रहे। राजन वार्ष्णेय, अरुण कुमार, सोनू, जयशंकर दुबे, पीयूष वार्ष्णेय एडवोकेट, रितिक वार्ष्णेय, अग्रज वार्ष्णेय, प्रदीप कुमार ठेकेदार, विमल किशोर आदि ।

# कुन्दरकी में बरसात होने से भीषण गर्मी से मिली राहत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** नगर और क्षेत्र में बरसात होने से जनमानस को राहत मिली है । एक पिछले एक सप्ताह से लगातार भीषण गर्मी पड़ने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था । बरसात के लिए लोग दुआएं एवं प्रार्थना भी कर रहे थे । सोमवार की सुबह से ही आसमान में बदला मडरा रहे थे और तेज हवाएं चल रही थी । हवाएं चलने से मौसम खुशनुमा हो गया और बारह बजे तेज गरज के साथ बरसात हुई । बरसात से खेत खलियानों में पानी भर गया और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली । बुजुर्ग लोगों का कहना है कि इस बरसात से मक्का चरई आदि की फसलों को लाभ पहुंचेगा तथा बरसात होने से बीमारीयों मे भी कमी आयेगी । सीजन की पहली बरसात होने से नगर और क्षेत्र में मौसम खुशनुमा हो गया है उमस भरी गर्मी से राहत मिल चुकी है। बुजुर्गों का कहना है कि पहली मानसून की बरसात हुई है अब लगातार बरसात होती रहेगी धान की फसल को भी फायदा होगा। बरसात मे बच्चों ने भी मस्ती की ।बरसात मे नहाकर गर्मी से राहत ली । दिनभर आसमान मे बादल छाये रहे और रूक रूक-रूक कर बरसात होती रही।





# रूपपुर में फ्री मेडिकल कैम्प लागाया की गई जांच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** रविवार को ब्लॉक क्षेत्र के गाँव रुपपुर में दावते इस्लामी इन्डिया के डिपार्टमेंट गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन की ओर से फ्री मेडिकल कैम्प लगाया गया। जिसमें काबिल तरीन डाक्टरों के जरिये सैकड़ो मरीजों का चेकअप जांच की गई और फ्री दवाई का भी वितरण किया गया ।

इस अवसर पर संस्था के नगर अध्यक्ष अरकान कादरी ने बताया कि गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन की यह कोशिश रहती है कि मुल्क भर में जहाँ कहीं भी कोई कुदरती परेशानी आती है वहाँ पहुच कर परेशानी हल करने की कोशिश की जाती है और परेशान लोगों की मदद की जाती है । संस्था की टीम के सदस्य जगह-जगह गर्मी में पानी वितरण करते है सर्दियों में कंबल वितरित करने और पोधारोपण करने और हर संभव मदद के लिए आगे रहना संस्था का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर संस्था के सदस्य डा. मुहम्मद रजा. गौसे आजम. अब्दुल मुहीम अत्तारी. फरजंद अली. अलीम मुन्शी आदि मौजूद रहे।




# शासन के निर्देश पर हाईटेक होंगे अनुदानित विद्यालय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश सरकार ने अनुदानित विद्यालयों के कायाकल्प की तैयारी शुरू कर दी है। जल्द ही प्रदेश के अनुदानित विद्यालयों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ते हुए विद्यार्थियों व स्टाफ के आधार व अन्य जानकारियों को शामिल करते हुए मोबाइल एप विकसित किया जाएगा।यह जियो टैगिंग व टीचिंग स्टाफ मॉड्यूल समेत कई खूबियों वाला होगा।

समाज कल्याण विभाग ने उप्र इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड को एप विकसित करने का जिम्मा सौंपा है। इसके लिए ई-निविदा के माध्यम से आवेदन मांगे गए हैं। इस ऑनलाइन मॉड्यूल बेस्ड मोबाइल एप से 60 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को ट्रैक करने और उनके डाटाबेस को वन स्टॉप डेस्टिनेशन के तौर पर एक्सेस करने का प्लेटफॉर्म तैयार हो जाएगा। इसमें उनकी जन्मतिथि, जेंडर, मोबाइल नंबर, पता, पारिवारिक पृष्ठिभूमि, सामाजिक एवं आर्थिकजानकारी, आधार, शामिल होंगे। स्टाफ व शिक्षकों की भी इसी प्रकार की जानकारियां अंकित होंगी।

# नालो के निरीक्षण में मिली खामियां,जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** सोमवार की दोपहर 12 बजे जिलाधिकारी मनीष बंसल, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा स्टेशन रोड स्थित नगर पालिका के अस्थायी

**शीघ्र ही कार्यों में सुधार नहीं मिला तो होगी कार्रवाई**

कार्यालय पहुंचे। कुछ देर बाद एसडीएम/ईओ नगर पालिका नीतू रानी भी पहुंचे। यहां ईओ कार्यालय में डीएम ने स्वास्थ्य निरीक्षक प्रियंका सिंह व स्वास्थ्य लिपिक नरेश कुमार के कार्य से संबंधित अभिलेख देखे। जिसमें खामियां मिलने पर दोनों कर्मचारियों को जमकर फटकराई लगाई। कहा कि अगर शीघ्र ही कार्य में सुधार नहीं मिला तो कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय मौजूद रही। इसके बाद डीएम ने एडीएम व पालिकाध्यक्ष के साथ घटलेश्वर गेट व मोहल्ला लोधियान के नालों का निरीक्षण किया। जहां नालों में गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई तथा शीघ्र ही नालों की तली झाड़ सफाई कराने के निर्देश दिए। मोहल्ला लोधियान में नाले की सफाई जेसीबी चलती मिली। बहरहाल डीएम नालों की सफाई की स्थिति से संतुष्ट नजर नहीं आए।



**आयोजन** — सभी कवियों को काव्य पुरोधा पुरस्कार से किया सम्मानित

# राष्ट्रीय काव्य संगम महोत्सव में कलमकारों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** नगर के विक्रम पैलेस में हिन्दू जागृति मंच के नेतृत्व में हुआ भव्य राष्ट्रीय काव्य संगम महोत्सव का आयोजन जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से 170 से भी अधिक साहित्यकारों ने प्रतिभाग किया। 23 जून से निरन्तर चलने वाले कार्यक्रम के सम्पन्न होने पर सभी ने खुशी जताई।

इस संगम महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जनपद के पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने साहित्य की उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि साहित्य हमें जोड़ना सिखाता है , हमारे आंतरिक भावनाओं को सुदृढ़ करता है मन को संतोष प्रदान करता है तथा जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने हेतु नए मार्ग प्रशस्त करता है।

प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए यह कार्यक्रम संजीवनी साबित होगा। इस महोत्सव में मध्य प्रदेश, असम, गुजरात, राजस्थान, उत्तराखंड, बिहार, दिल्ली, पंजाब आदि प्रदेशों से कविगणों ने इस महोत्सव की शोभा बढ़ाई। यह हिन्दू जागृति मंच और कल्कि नगरी सम्भल के लिए गौरव की बात है।

हिन्दू जागृति महिला मंच की जिलाध्यक्ष मीनू रस्तोगी ने कहा कि

विभिन्न क्षेत्रों से आए कलमकारों की सेवा करने का हमारी टीम को सौभाग्य प्राप्त हुआ है और कल्किनगरी में विभिन्न क्षेत्रों से आकर इन कलमकारों ने जो साहित्य की




अलख जगाई है ,उन ऐतिहासिक क्षणों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। दो दिवसीय राष्ट्रीय काव्य संगम महोत्सव की व्यवस्था के अनुसार 23 और 24 जून को कुल 17 सत्र चले प्रत्येक सत्र में 10 कवियों ने काव्य पाठ किया। दो सत्र केवल महिला कवयित्रियों के रहे। जिसमें अध्यक्षता, संचालन और काव्य पाठ सहित सभी व्यवस्थाएं केवल महिला के हाथ में रही, और महिला सशक्तिकरण की ओर उठे कदमों की पूरे काव्य जगत में प्रशंसा की गई। सभी 170 कवियों को काव्य पुरोधा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संभल स्थानीय स्तर पर साहित्य, व्यापार, शिक्षा, न्याय, समाज सेवा, राजनीति जगत से जुड़े अनेक महारथियों ने हिस्सा लिया और अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर कमलकांत तिवारी, महावीर सिंह, चरन सिंह भारती, दिनेश कुमार जाटव, प्रिंस शर्मा, सुशील कुमार गुप्ता, डी एन शर्मा, संजीव सारस्वत, राजेश गुप्ता, कंचन वार्ष्णेय, पुष्पा जोशी, डॉ प्रीति अग्रवाल, भागीरथ सिंन्हा,संदीप कुमार सचेत, गाफि ल स्वामी, इच्छा पोरवाल, राजीव प्रखर, डॉक्टर मनीषा दुबे,सुखपाल सिंह गौर, बृजेश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता प्रवीण रस्तोगी, कमलकांत तिवारी, मीनू रस्तोगी, सुभाष चंद्र शर्मा सहित अनेक समाजसेवी ने की तो वहीं सुबोध कुमार गुप्ता, आशा गुप्ता, उज्जवल वशिष्ठ, सुखपाल सिंह गौर, भरत मिश्रा, सुमन कुमार वर्मा आदि कार्यकताओं ने सफल संचालन किया। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष तथा कार्यक्रम संयोजक अतुल कुमार शर्मा ने सभी आगंतुकों, साहित्यकारों, सहयोगियों, और व्यवस्था निर्वाहन कताओं का धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया।

# रोजगार मेले में 53 प्रतिभागियों में से 18 का हुआ चयन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** सोमवार को नगर के बदायूं रोड स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एकदिवसीय रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय संभल के द्वारा जिला सेवायोजन अधिकारी आमिर जुबैर के नेतृत्व में मेला प्रभारी गौरव पूठिया जिला सेवायोजन कार्यालय संभल के द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य मुकेश गौतम कार्यदेशक उपस्थित रहे। रोजगार मेले से पूर्व उपस्थित अभ्यर्थियों कि काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों को निजी कंपनियों में रोजगार पाने के अवसरों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया । रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की औदज वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के कंपनी अधिकारी कुमारी पलक रस्तोगी एवं राहुल ओब्राय ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में 53 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमे आई०टी०आई० ट्रेनीज पदो हेतु कुल 18 अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के उपरांत किया गया। गौरव पूठिया द्वारा बताया गया की आगामी होने वाले रोजगार मेले में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के पोर्टल rojgaarsangam .up. gov.in पर अपना पंजीकरण अवश्य करा ले। रोजगार मेले को संपन्न कराने के लिए प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहें। सेवायोजन कार्यालय द्वारा सूचित किया गया की आगामी रोजगार मेला 29 जून को आयोजित किया जा रहा है।



अपना देश

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

## आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत दो गंभीर रूप से घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**शेरकोट।** आषाढ़ मास में पहली बारिश कहीं खुशी कहीं गम देकर बरसीं तो एक तरफ जहां कुछ लोगों को राहत मिली वहीं गांव मुबारक पुर गांवड़ी निवासी तीन युवक एक अंतिम संस्कार से वापस आ रहें थे तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरी और एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो गम्भीर रूप से घायल हो गए घटना से आसपास के लोगों मैं हड़कंप मच गया वहीं घटना की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह थाना प्रभारी शेरकोट धीरज सिंह ने धामपुर निजी अस्पताल में भर्ती घायलों का जाकर हालचाल पूछा वहीं घटना से परिवार गहरी चिंता मैं हैं।

## अफहामे जमा सोसायटी के प्रतिनिधिमंडल की आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक से मुलाकात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** अफहामे जमा सोसायटी के प्रतिनिधि मंडल ने आरबीआई के क्षेत्र निर्देशक से उनके कार्यालय में मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया। लखनऊ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लखनऊ में जमा उपभोक्ता का पैसा निकालने वा जमा करने पर आरबीआई द्वारा रोक लगा दी गई थी जिससे उपभोक्ताओं को उनका पैसा मिल नहीं पा रहा था।

जब यह बात सोसायटी के संज्ञान में आई तो सोसायटी ने इस बारे में लखनऊ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के मैनेजर से इस विषय पर बात की। संतोषजनक उत्तर न मिलने पर सोसायटी ने 22 दिसंबर 2022 को आरबीआई कार्यालय गोमती नगर पहुंचकर उन्हें अपनी बात से अवगत कराया इसके बाद सोसायटी का प्रतिनिधिमंडल 20 जनवरी 2023 को माननीय शक्तिकांत दास जी गवर्नर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से मुलाकात करने मुंबई गया और सोसायटी के प्रतिनिधिमंडल द्वारा उन्हें एक ज्ञापन दिया गया।



जिसमें यह मांग की गई कि लखनऊ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लखनऊ में जमा उपभोक्ताओं को डिआईसीजीसी के अंतर्गत पैसा वापस दिलाया जाए और उपभोक्ताओं के क्लेम फॉर्म लखनऊ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक द्वारा भरवा जाएं इसके बाद आरबीआई द्वारा 24 जनवरी 2023 कोई आदेश पारित किया गया कि उपभोक्ताओं का पैसा निर्धारित समय सीमा में देने के लिए बैंक द्वारा क्लेम फॉर्म भरवारा जाए इन सब कार्रवाई के पश्चात उपभोक्ताओं का पैसा वापस मिल गया इसके लिए सोसायटी का प्रतिनिधि मंडल आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक से उनके कार्यालय में मिला और उनका आभार व्यक्त किया। सोसायटी द्वारा आरबीआई गवर्नर को भी आभार व्यक्त करने के लिए पत्र भेजा गया है समय मिलने पर सोसायटी का प्रतिनिधिमंडल गवर्नर साहब का आभार व्यक्त करने मुंबई जाएगा। बातचीत के दौरान क्षेत्रीय निदेशक से लखनऊ की संस्कृति और विरासत पर भी चर्चा हुई प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से नवाब मसूद मीर अब्दुल्ला, सैयद अली मीसम नकवी एडवोकेट, यूशा आबिद एडवोकेट के अलावा सोसायटी की महिला प्रभारी श्रीमती मिथिलेश सिंह मौजूद थी।

## भारत जन सेवा मंच द्वारा धूमधाम से मनाया गया तीसरा स्थापना दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मोदीनगर (अनवर खान)।** क्षेत्र की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था भारत जन सेवा मंच की स्थापना के 3 वर्ष पूर्ण होने पर संस्था द्वारा अपना तीसरा स्थापना दिवस वार्षिकोत्सव के रूप में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें संस्था के गाजियाबाद सहित अनेक जनपदों से आए पदाधिकारीयों ने हिस्सा लिया।

बस स्टैंड के निकट स्थित छतरी वाला शिव मंदिर के सभागार में आयोजित वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी का डॉक्टर अनिला आर्या तथा विशिष्ट अतिथियों मुकेश चौहान एवं समाजसेविका हेमा सिंह द्वारा किया गया। सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में स्थापना दिवस की बधाई देते हुए संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। तथा संस्था द्वारा भविष्य में किए जाने वाले सामाजिक कार्यों में हर संभव सहयोग किये जाने की बात भी कहीं। इस दौरान अनेक प्रतिभाशाली बच्चों द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र चौधरी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया तथा संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी भी दी। मंच संचालन जीबी जोशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उषा मलिक, संगीता चौधरी, पूनम राजपूत, सोनू छिल्लर, कविता रानी, सतेंद्र चौधरी, रविकांत गोयल, शिव कुमार पावरिया, जितेंद्र त्यागी, विनोद कुमार गुप्ता, सुनील कुमार, अशोक कुमार जीबी जोशी, गुरमीत सिंह, ऋतू सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## अवैध संबंधों में आड़े आ रही थी पत्नी को मार डाला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रेहड़।** अधर्मी पति ने अपनी पत्नी को खाटूश्यामजी ले जाकर धुमाने और जन्म दिन पर तोहफा देने का प्लान बना कर अपने साथियों की मदद से अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी जों कि सोशल मीडिया पर वायरल होने से परिवार को जानकारी मिली थी इसको लेकर परिवार ने पुलिस कार्यवाही में मामले की जांच करने को कहा था जिसके चलते पत्नी वर्षा का शव बरामद किया गया और पुलिस जांच में पता चला कि पत्नी की हत्या उसके पति विशाल ने षड्यंत्र रचने के बाद की है क्योंकि कि पति विशाल का किसी युवती से अवैध संबंध थे और पत्नी वर्षा आड़े आ रही थी तो पत्नी को खाटूश्यामजी धुमाने उसके जन्मदिन पर तोहफा देने केलिए राजस्थान लें गया और अपने साथियों की मदद से कार में पहले गला घोंटा गया लेकिन फिर भी ज़िन्दा होने पर सीने में गोलियां मारी और राजस्थान पाली जनपद के सोजत मार्ग पर जहां बड़ी संख्या में झाड़ियां उग रहीं हैं वहां सड़क किनारे फेंक आया और धर आकर पत्नी के गुम हो जाने की बात कही लेकिन परिवार को जब सोशल मीडिया पर फोटो से



जानकारी हुई तो पुलिस को नामजद रिपोर्ट लिखाई गई और पुलिस से घटना के खुलासे की मांग की तभी पुलिस विशाल और कार चालक मन्नू को घटना स्थल राजस्थान लें गयी और सारा मामला प्रकाश में आया तो पति ने अपने साथियों की मदद से पत्नी की हत्या को अंजाम दिया जबकि पत्नी वर्षा का शव उसके मायके लाकर दाह संस्कार कर दिया गया और गांव में इस घटना को लेकर चर्चा है वहीं परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई ताकि पुरा मामला प्रकाश में आ सकें क्योंकि पति इससे पूर्व भी अपनी पत्नी का उत्पीड़न करता था और उसका गर्भपात कराया गया है ताकि वह अवैध संबंधों में आड़े नहीं आए।

**मोहित की बहन से थें विशाल के सम्बन्ध**

एसपी पाली चूना राम ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि विशाल के मोहित उर्फ. मन्नी की बहन से सम्बंध है वह उसी के साथ रहना चाहता था धर वाले भी तैयार हो गया था लेकिन वर्षा ने इसका विरोध किया इसलिए मोहित और विशाल ने अपने साथी सोनू के साथ मिलकर हत्या की साज़िश रची।

## यूवी कैन ब्रिंगिंग स्माइल्स द्वारा निर्धन विद्यार्थियों के नंगे पगों को सर्दी,गर्मी से बचना ही हमारा उद्देश्य है : विशाल माहेश्वरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** चरण पादुका अभियान के जरिए गरीब विद्यार्थियों को निशुल्क रूप से जूते प्रदान कर रही प्रसिद्ध सामाजिक संस्था यूवी कैन ब्रिंगिंग स्माइल्स द्वारा लक्ष्य पाठशाला में शिक्षा ग्रहण कर रहे 64 निर्धन विद्यार्थियों को जूते पहनाए गए। जूते पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिले हुए नजर आए। संस्था के उपाध्यक्ष विशाल माहेश्वरी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि गुरु नानकपुरा स्थित लक्ष्य पाठशाला में स्कूल संचालकों द्वारा मलिन बस्ती के निर्धन बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराई जा रही है। विशाल माहेश्वरी ने बताया कि संस्था के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा द्वारा चरण पादुका अभियान की शुरूआत की गई थी। इसी कड़ी के तहत संस्था के संरक्षक डॉक्टर



केवल कृष्ण थम्मन के नेतृत्व में लक्ष्य पाठशाला में चरण पादुका अभियान चलाया गया। जिसमें 64 निर्धन विद्यार्थियों को चिन्हित कर उन्हें निशुल्क जूते प्रदान किए गए। विशाल माहेश्वरी ने बताया कि इस प्रकार संस्था अभी तक 3671 जरूरतमंद विद्यार्थियों को जूते वितरित कर चुकी है। विशाल माहेश्वरी ने आगे बताते हुए कहा कि लक्ष्य पाठशाला में इस अभियान को सफल बनाने में मलिन बस्तियों के कूड़े का बैग उठाने वाले बच्चों के कंधों पर किताबों का बैग सजाने वाली स्कूल संचालिका नीलू राय का सराहनीय सहयोग रहा। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। इस अवसर पर सुनीता शर्मा जी, संतोष मेहता जी, बलबीर मेहता, अमरजीत सिंह, तरुण विज, राजकुमार शिवाच, रौनक दीप गांधी, मनीष कौशल, गौरव मेहरा, सचिन वधावन, ईशान गिरी,कंचन अग्रवाल ,विनय चौहान, शिवम कोहली, सरबजोत सिंह नय्यर, अनन्या विज, इशिता विज, सीरत आदि मौजूद थे।

## लू लगने पर इलाज में लापरवाही हो सकती जानलेवा : डॉ.आरएन द्विवेदी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई )।** लू लगने के रूप में मौत का तांडव अभी भी बंद नहीं है। लू लगने पर इलाज में लापरवाही किसी की

- **असमय मौत का शिकार होने से बचने के लिए हीट स्ट्रोक (लु) का भी समय पर इलाज जरूरी**
- **चिंहित कर होनी चाहिए झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई**

भी असमय मौत का भी कारण बन सकती है। इसीलिए समय रहते इलाज जरूर कर लेना चाहिए।

यह बात यहां जाने-माने चिकित्सक डाक्टर आर एन द्विवेदी ने कही। बातचीत के दौरान उन्होंने झोलाछाप डॉक्टरों से सतर्क रहने की भी बात कही और कहा कि ऐसे झोलाछापों से संबंधित मरीज का जीवन खतरे में भी पड़ सकता है । लू लगने योग्य चिकित्सक से ही इलाज कर जाने की सलाह देते हुए अपनी चिकित्सकीय दक्षता और सफल इलाज से अब तक लू का शिकार होने वाले कई लोगों की जान बचा चुके सस्ते और कारगर इलाज के चलते मरीजों से अक्सर घिरे रहने वाले और चिकित्सकीय अनुभव के इरादे से कई देशों की यात्रा भी कर चुके द्विवेदी हेल्थ केयर सेंटर और मां बिंदेश्वरी हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेंटर अंबेडकर नगर गुजैनी के चेयरमैन चर्चित डॉ आर एन द्विवेदी ने दावा किया कि किसी भी मर्ज का शिकार होने वाले लोगों की असमय मौत का कारण योग्य चिकित्सक से इलाज करने में लापरवाही ही होती है। असमय मौत का शिकार होने से बचने के लिए लू से बचाव को आवश्यक बताते हुए अपनी संतोषजनक चिकित्सकीय सेवाओं के



लिए भी चर्चित तथा हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने वाले सर्व ब्राह्मण विकास परिषद के दक्षिण जिला मंत्री और भारतीय जनता पार्टी में दक्षिण मंडल के भी संयोजक बेहद सहयोगी स्वभाव के अनुभवी तथा व्यवहार कुशल डॉक्टर आर एन द्विवेदी ने इलाज के अभाव में असमय होने वाली मौतों के लिए झोलाछाप लोगों को भी दोषी ठहराते हुए चिंहित कर ऐसे लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाही किए जाने की मांग योगी सरकार से की है।

## अली जमां ने पेश किया मौलाना कल्बे जव्वाद को हाथ से बनाया हुआ पोर्ट्रेट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** अमीर आलम के बेटे अली जमां ने मौलाना कल्बे जव्वाद को हाथ से बनाया हुआ पोर्ट्रेट पेश किया। ईदुल अजहा के मौके पर अंजुमन मासूमे असगर कदीम के अजाखाने में मुनअकिद एक प्रोग्राम में अली जमां ने अपने हाथों से बनायी हुई मौलाना कल्बे जव्वाद की एक तस्वीर उन्हें पेश की। मौलाना ने इस काम के लिए उसकी तारीफ भी की और मौजूदा सभी लोगों ने इस हुनर की जमकर तारीफ की।



## देवता के मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद ।** समीपवर्ती ग्राम कोटकादर में



वार्षिक श्री कल्याण मल देवता का मेला आषाढ़ मास के पहले रविवार को शुरू हुआ जहां श्रद्धालुओं ने मत्था टेका और कंडारा चढ़ाते हुए प्रसाद ग्रहण किया वहीं दिन रात चलने वाले इस मेले में मन्नत पूरी होने पर शादी पहला बच्चा आदि शुभ कार्य के लिए भोग भंडारा आयोजित किया जाता है मान्यता है कि इष्ट भगवान के अवतार स्वयंभू भगवान की मूर्ति यहां विराजमान हैं और शेषनाग दर्शन देते हैं तथा विष्णु भगवान की प्रतिमा भी स्वयंभू है जिसके कारण हजारों श्रद्धालुओं की आस्था श्रद्धा का केन्द्र बना हुआ है और आषाढ़ मास के हर रविवार को यहां भव्य रूप से मेला लगता है।

## चोरी की दो बाइक सहित पांच गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिजनौर।** समीपवर्ती ग्राम रसूल पुर के



हरीश कुमार की बाइक चोरी हो गई थी और उसने कुछ लोगों पर शक किया था कि उसकी बाइक इन्हीं ने चोरी किया है जिसपर पुलिस ने एक के बाद एक कड़ी को खोलते हुए एक गिरोह का पर्दाफाश किया और चोरी की दो बाइक सहित विकास विधान आकाश उस्मान मनी को गिरफ्तार कर लिया है यह लोग गिरोह बनाकर बाइक चोरी करते थे।

## हाजियों के वतन वापसी पर दी मुबारकबाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली।** हज बैतुल्लाह-24 में शिरकत करने वाले हाजियों की वतन वापसी हो रही है,युवा समाज सेवी वसीम खान हज के सफर से दिल्ली एयरपोट लोटने पर वहां पर आल इंडया मौमिन कांफिरेंस के राष्ट्रीय सचिव शाकिर अंसारी ,असद अहमद अंसारी व जैद अहमद अंसारी ने मुबारक बाद देते हुए कहा कि आप लोग बेहद खुश नसीब हैं, जो हज यात्रा करके लोट रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप ऐसी जगह से आ रहे है जहां से इस्लाम का आगाज हुआ है। उन्होंने सभी हज यात्रियों के सकुशल लौटने पर दुआ दी ।



**नमन** — अकबरपुर से भाजपा के देवेंद्र सिंह भोले को जिताने में सबसे अहम रहा एस के सिंह और प्रबल दावेदार जीत प्रताप सिंह का रोल

## कानपुर में पुण्यतिथि पर भाजपा नेताओं ने किया श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** यहां पुण्यतिथि पर प्रखर राष्ट्रवादी , जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय

- **अगर देवेंद्र सिंह भोले को नहीं मिलती तो लगभग पक्की थी जीत प्रताप सिंह की टिकट और भाजपा की होती लाखों वोटों से जीत**
- **क्षत्रिय जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष एस के सिंह और भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह के समर्थन ने टिकट नहीं मिलने से नाराज भाजपा विधायक द्वारा देवेंद्र सिंह भोले को हराने के लिए किए गए हर संभव प्रयास को भी किया विफल**

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते हुए उन्हें भाव भीनी पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने कार्यालय में इस कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह ने उनके राष्ट्र हित को समर्पित कृतित्व व व्यक्तित्व पर भी प्रकाश डाला।

इसी तरह से क्षत्रिय जागरण मंच और भारतीय प्रधान संगठन के अध्यक्ष एस के सिंह ने भी पुण्यतिथि पर प्रखर राष्ट्रवादी , जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते हुए उन्हें भाव भीनी पुष्पांजलि अर्पित की।

चर्चित भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह के आयोजन में जहां विजय प्रताप सिंह , महेन्द्र पांडेय शशीराज सिंह , बी.के.विश्वकर्मा, युवराज सिंह , आकाश , अंकित , नितिन और अरविंद आदि मौजूद रहे । वहीं हजारों की सदस्य संख्या वाले भारतीय प्रधान संगठन और क्षत्रिय जागरण मंच के अध्यक्ष एस के सिंह द्वारा मुख्यालय हंसपुरम में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता भूपेन्द्र सिंह, राजकुमार तिवारी, महिला नेत्री निशा तिवारी और राकेश



शर्मा आदि मौजूद रहे।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक यह भी अवगत कराते चलें कि अकबरपुर लोकसभा चुनाव में देवेंद्र सिंह भोले की तीसरी बार जीत में अन्य सभी महापुरुषों की तरह आरएसएस के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की भी पूर्ण तिथि पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन करने वाले तेज तर्रार और व्यवहार कुशल ऊजार्वान युवा चेहरे के रूप में अपने राजनीतिक जीवन शुरूआत से ही जनसमस्याओं के खिलाफ सफल संघर्ष में अग्रणी हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने के फलस्वरूप हर जाति, हर धर्म और हर वर्ग के मतदाताओं में चुनाव जीतने की हद तक मजबूत पकड़ रखने वाले अकबरपुर से प्रबल दावेदार भी रहे तेजतर्रार और व्यवहार कुशल वरिष्ठ भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह के साथ ही हजारों की सदस्य संख्या वाले भारतीय प्रधान संगठन और क्षत्रिय जागरण मंच के अध्यक्ष एस के सिंह की भी सबसे अहम भूमिका रही। सूत्रों को दावा है कि लाखों समर्थक मतदाताओं के रूप में एस के सिंह और जीत प्रताप सिंह के समर्थन का अभाव अकबरपुर में देवेन्द्र सिंह भोले की पराजय का भी कारण बन सकता था। और इसी वजह से तीसरी बार सांसद बने देवेंद्र सिंह भोले ने भारतीय प्रधान संगठन और क्षत्रिय जागरण मंच के यूपी अध्यक्ष एस के सिंह और जनता की पहली पसंद होने के चलते अकबरपुर से पहले नंबर के प्रबल दावेदार रहे जीत प्रताप सिंह से भी खुद मिलकर उनका समर्थन मांगा था, जिसके बाद जीत प्रताप सिंह और एस के सिंह ने अकबरपुर में प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले को जिताने के अभियान में सफलता प्राप्त करने के बाद ही चैन की सांस ली।

पार्टी सूत्रों का यह भी दावा है कि पार्टी अगर पुराने चेहरों के स्थान पर नये चेहरों को मैदान में उतारती तो जनता की पहली पसंद होने के चलते जीत प्रताप सिंह ही न केवल प्रत्याशी होते बल्कि भारी मतों से भाजपा की जीत का कारण भी बनते। भाजपा से जुड़े सूत्रों का दावा यह भी है कि एस के सिंह और जीत प्रताप सिंह का प्रबल समर्थन टिकट के दावेदार रहे एक भाजपा विधायक द्वारा देवेंद्र सिंह भोले को हराने के हर संभव प्रयास को भी विफल करने के रूप में मुंहतोड़ जवाब देने में भी सफल रहा।

## जनता का बेटा हूं जनता के बीच रहकर जनहित में काम करूंगा: चन्द्रशेखर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद।** नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने चुनाव जीतने के बाद पहली बार नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के अनेक स्थानों पर अपने स्वागत भाषण में कहा कि उन्हें जो प्यार जनता से मिला है उसका कर्जदार हूं और आप का बेटा भाई बनकर जनता के बीच रहकर जनहित में काम कराने के लिए हमेशा तैयार हूं और लोकसभा में मांग करुंगा कि नगीना लोकसभा क्षेत्र में उधोग पर्यटन कुटीर उद्योग स्कूल कालेज यूनीवर्सिटी खोला जाएं ताकि क्षेत्र का पिछड़ा पन दूर हो सके वहीं बिजली पानी की समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों से बात हुई थी और जल्दी समाधान निकाला जाएगा साथ ही उन्होंने माबलाचिग को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह शर्मनाक बात है इसमें बेकसूर लोगों को मारा जाता है इसलिए सख्त कानून बने ताकि बेकसूर लोगों की हत्या बंद हो वहां उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन में अनुशासन को प्राथमिकता दी जाएगी और जनता से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा ताकि जनता को राहत महसूस हो।



# कुन्दरकी मे दादा मियां की दरगाह पर कुल शरीफ का हुआ प्रोग्राम मुनाकिद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** सैयद दादा मियां की दरगाह के आस्ताने पर कुल शरीफ का प्रोग्राम मुनाकिद किया गया। कार्यक्रम में मुल्क और कौम की सलामती के लिए दुआ की गई और इसी के साथ तीन दिन से चला आ रहा उर्स का

- **दरगाह पर तीन दिवसीय उर्स का हुआ समापन**
- **मौलाना शकील अहमद ने मुल्क और कौम की सलामती के लिये दुआ की**





भी समापन हो गया । दुआ में भारी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे ।
सोमवार को नगर के मौहल्ला सादात पूर्वी तकिया मे स्थित सैय्यद दादा मियां रहमतुल्लाह अलेह के आस्ताने पर उर्स मुबारक के सिलसिले मे सुबह दस बजे कुल शरीफ का प्रोग्राम मुनाकिद हुआ । कुल शरीफ के प्रोग्राम मे मौलाना शकील संभली ने मुल्क और कौम की सलामती के लिये दुआ कराई। गौरतलब है कि हर साल की तरह इस साल भी बाईस जून को सैय्यद दादा मियां रहमतुल्लाह अलेह की दरगाह पर तीन दिवसीय उर्स मुबारक का आगाज हुआ। दरगाह के आस्ताने से उर्स मुबारक के पहले दिन चादर शरीफ का जुलूस शानो-शौकत के साथ निकाला गया । जलूस नगर मे परम्परागत रास्तों से होते हुए वापस दरगाह पर आकर समाप्त हुआ। बाद नमाज ए ईशा दरगाह के आस्ताने पर महफिल ए मीलाद का प्रोग्राम हुआ उसके बाद महफिल ए शमा का प्रोग्राम मुनाकिद किया गया । कार्यक्रम मे मुकामी कव्वाल शब्बू शादाब ने अपनी टीम के साथ सूफियान कलाम सुनायें । तेहिस जून को बाद नमाज ए ईशा दरगाह के आस्ताने पर महफिल ए शमा का प्रोग्राम मुनाकिद हुआ जिसमे रईस मियां कव्वाल देहलवी ने अपने बेहतरीन सूफियान कलाम सुनाकर अकीदतमंदों को झूमने पर मजबूर कर दिया । इस दौरान दरगाह पर गुलपोशी,चादरपोशी भी की गई। सोमवार की सुबह दस बजे दरगाह के आस्ताने पर कुल शरीफ और दुआ का प्रोग्राम हुआ जिसमे बड़ी तादाद मे अकीदतमंद मौजूद रहे ।
दुआ में तकिया वाली मस्जिद के इमाम साहब मौलाना शकील अहमद, वारिस अली शाह, कौसर अल्वी, आसिफ अल्वी, जमीर अहमद ओवैसी, राहत अहमद, जावेद अल्वी, सूफी अब्दुल रहमान, शोएब शेख, बबलू शेख, शब्बू शादाब साबरी, अनीस साबरी, कमर आलम अल्वी, फहीम मियां, अमीर शाह, अनीश अहमद, जाने आलम, कसीर तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे ।

# 2 वर्ष बाद भी नहीं बदल गया जर्जर विद्युत पोल, विद्युत विभाग को शायद बड़ी दुर्घटना की प्रतीक्षा ?

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** विद्युत विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही का नमूना यदि आपको देखना है तो नगर पंचायत कांठ में इंतजार क्लीनिक से महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज वाले मार्ग पर सड़क पर लगे जर्जर विद्युत पोल को देखना होगा। यह विद्युत पोल करीब 2 वर्ष से खड़ा हुआ है जो किसी भी समय गिर सकता है। इसके गिरने से सैकड़ों बच्चे व आसपास के लोग दुर्घटना का शिकार



हो सकते हैं लेकिन शिकायत के बाद भी इस जर्जर विद्युत पोल को विद्युत अधिकारियों ने बदलना उचित नहीं समझा जब बड़ी दुर्घटना होगी शायद उसके बाद ही इस विद्युत पोल को बदला जाएगा। जानकारी के अनुसार डॉक्टर इंतजार के क्लीनिक से लेकर महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज मार्ग पर यह जर्जर विद्युत पोल खड़ा हुआ है इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों स्कूल जाने वाले बच्चे गुजरते हैं जर्जर विद्युत पोल कभी भी गिर सकता है और इसकी चपेट में सैकड़ों बच्चे आ सकते हैं जर्जर विद्युत पोल को बदलवाने के लिए अनेक बार अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन आज तक कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई इससे लगता है कि विद्युत विभाग के आला अधिकारियों को किसी बड़ी दुर्घटना की प्रतीक्षा है उसके बाद ही शायद यह विद्युत पोल बदला जाएगा।

# डीसीएम की टक्कर से दो विद्युत के खंबे टूटे, विद्युत आपूर्ति ठप होने से नागरिक हुए परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** डीसीएम की टक्कर से रसूलपुर बिजली घर को बिजली सप्लाई करने वाली लाइन के दो खंबे टूट कर गिर गए जिससे बिजली घर की विद्युत आपूर्ति बंद हो गई और पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया 'विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने कडी मशक्कत के उपरांत 13 घंटे में विद्युत सप्लाई सुचारु करने में सफलता हासिल की तब कहीं जाकर लोगों ने राहत महसूस की है ' इस वक्त भीषण गर्मी में लोगों का जीना मुहाल हो गया है रात करीब 3:00 बजे की है महमूदपुर भगवान दास के मोड पर एक डीसीएम ने खंबे को टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि खंबा टूटकर गिर गया डीसीएम ने फिर दूसरे खंबे को गिराया उसके बाद तीसरे खंबे से टकराकर वह सड़क पर आ गई खंबे गिरने से रसूलपुर बिजली घर की विद्युत सप्लाई बंद हो गई सुबह कर्मचारियों को पता लगा तो कर्मचारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और खंबे हटाकर दूसरे खंबे लगाने का काम शुरू किया



इस काम को करने में 13 घंटे बिजली बंद हो गई लेकिन भीषण गर्मी के दौरान कड़ी मेहनत करके बिजली विभाग के कर्मचारियों ने विद्युत सप्लाई को चालू कर दिया जिससे लोगों ने राहत महसूस की है बतादे की महमूदपुर भगवान दास के इस मोड़ पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है सड़क पर तीव्र मोड़ होने के कारण और कोई खतरे का संकेत न होने पर वाहन चालकों को सड़क के मोड की जानकारी नहीं होती और वह उसी रफ्तार से मोड पर पहुंच जाते हैं अचानक मोड आने से वाहन डिसबैलेंस होकर किसी न किसी दुर्घटना का शिकार होते रहे हैं इस मोड़ पर दो-तीन लोग अपनी जान भी गवा चुके हैं क्षेत्र के लोगों ने सड़क के दोनों और रिफ्लेक्टर लगवा कर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग उठाई है।

# 1 जुलाई से तीन नए कानून लागू होंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** एक जुलाई से तीन नए कानून लागू होने के वाले हैं। इसके बाद पुलिस के कामकाज का तरीका बदल जाएगा। मुकदमा लिखे जाने से लेकर विवेचना तक सब कुछ नए तरीके से होगा। जिले के अधिकारियों का दावा है कि नए कानूनों के मुताबिक काम करने के लिए पुलिस तैयार है। इसके लिए पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुकदमों की पैरवी करने वाले सहायक जिला शासकीय अधिवक्ताओं को भी प्रशिक्षण देकर कानून की बारीकियां समझा दी गईं हैं। तीन नए कानून आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदल देंगे। भारतीय न्याय संहिता में कौन सा कृत्य अपराध है और उसके लिए क्या सजा होगी। यह तय किया गया है। अंग्रेजों की हुकूमत से लागू होने वाली भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) में 511 धाराएं थीं जबकि अब 358 धाराएं होंगी। नए कानून में 21 नए अपराध भी शामिल किए गए हैं। सीआरपीसी में 484 धाराएं थीं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं हैं। नए कानून में सीआरपीसी की 177 धाराओं को बदला गया है और नौ नई धाराएं जोड़ी गई हैं। नए कानून लाने पर 14 धाराएं समाप्त कर दी हैं। भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत 170 धाराएं हैं। अब तक इसमें 166 धाराएं हैं। मुकदमे के सबूतों को इकट्ठा करने, बयान दर्ज करने के बारे में इसी में बताया गया है। नए कानून में 24 धाराओं में बदलाव हुआ है। दो नई धाराएं जोड़ी हैं। पुरानी छह धाराओं को समाप्त कर दिया है।

**मुकदमे के सबूतों को इकट्ठा करने, बयान दर्ज करने के बारे में इसी में बताया गया है। नए कानून में 24 धाराओं में बदलाव हुआ है। दो नई धाराएं जोड़ी हैं**

# गेहूं खरीद में मुरादाबाद प्रदेश में रहा प्रथम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद पूरी हो गई है। गेहूं खरीद में लक्ष्य के सापेक्ष 45.31 फीसद खरीद के साथ मुरादाबाद लक्ष्य प्राप्ति में प्रदेश में प्रथम रहा है। वही मंडल में अमरोहा जनपद को छोड़कर अन्य जनपदों की खरीद की स्थिति औसत रही है।
मंडल में गेहूं खरीद में संभल दूसरे व बिजनौर जनपद तीसरे स्थान पर रहा है। मुरादाबाद मंडल में खरीदे गए गेहूं का 18 जून तक किसानों का अभी 5.28 करोड़ रुपये का भुगतान शेष है। शासन ने इस बार एक मार्च से ही क्रय केंद्र तैयार करा दिए थे और एमएसपी 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया था। 15 जून तक हुई गेहूं खरीद में मुरादाबाद जनपद ने 76 हजार मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 4268 किसानों से 34436.91 मीट्रिक टन की खरीद हुई है। यह लक्ष्य का 45.31 फीसदी है। मुरादाबाद जनपद खरीदे गए 79.02 करोड़ रुपये के गेहूं के सापेक्ष 78.65 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया गया है।मंडल में गेहूं खरीद का 4.76 करोड़ रुपये बकाया है।

# जनपद में 265 अनफिट वाहनों में हजारों बच्चे स्कूलों में जाएंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** परिवहन विभाग में पंजीकृत 265 स्कूली वाहनों की फिटनेस ही नहीं हुई है। ऐसे में आशंका है कि के बच्चों की जान जोखिम में डालकर अनफिट वाहनों में स्कूल आना-जाना पड़ेगा। परिवहन विभाग ने भी महज नोटिस जारी कर अपना कार्य पूरा कर दिया है। जिले में सीबीएसई, आइसीएसई बोर्ड के 60 से अधिक विद्यालय ऐसे हैं, जिनमें बच्चों को लाने ले जाने के लिए स्कूली बस व अन्य वाहन लगे हैं। इनके अलावा दो विश्वविद्यालय, 10 से अधिक इंस्टीट्यूट में भी छात्रों के लिए वाहनों की सुविधा है। इन संस्थाओं में संचालित 880 वाहन परिवहन विभाग में पंजीकृत है। वाहन छात्रों के बैठने योग्य हैं अथवा नहीं, इसके लिए परिवहन विभाग की ओर से वाहनों की जांच कर फिटनेस करने के निर्देश दिए थे' विद्यालय कॉलेज , इंस्टीट्यूट में विद्यार्थियों को लाने व ले जाने के लिए शासन ने नियम जारी कर रखे है। स्कूली वाहन संचालन के 11 मानक ऐसे हैं, जिन्हें पूरा करना अनिवार्य है।
इनमें ड्राइवर के पास पांच वर्ष के अनुभव के साथ ड्राइविंग लाइसेंस हो, क्लीनर अटेंडेंट लाइसेंस, चालक व परिचालक की नेम प्लेट लाइसेंस नंबर के साथ उनकी वर्दी पर हो, वाहनों का रजिस्ट्रेशन व फिटनेस प्रमाण पत्र, रूट परमिट की अनुमति, मापदंड के अनुसार बसों का रंग पीला, इंश्योरेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र, स्पीड गवर्नर व जीपीएस लगे हों और चालू अवस्था में हो' ग्रीष्मकालीन अवकाश में शासन ने सभी वाहनों की फिटनेस कराने के निर्देश दिए थे। इनमें से 615 वाहन ही फिट हैं, शेष 265 वाहनों की फिटनेस अभी तक नहीं कराई गई है।

# जिगर मंच पर कक्षा केंद्र के विद्यार्थियों द्वारा "पराली न जलाओ" की शानदार प्रस्तुति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भारत सरकार द्वारा किसान भाइयों से पराली न जलाने का आग्रह किया गया तो सोशल फाउंडेशन के सीईओ डा० अनुज अग्रवाल ने अपने संस्था के साथियों के साथ जाकर लगभग 50 से भी अधिक गांव में जाकर किसान भाइयों को समझाया था जिसका प्रसारण राष्ट्रीय दूरदर्शन चैनल द्वारा भी प्रसारण किया गया था।
जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी के संयोजन एवं निर्देशन में कक्षा केंद्र कांठ के एम डी रजत प्रभाकर ने विद्यार्थियों के साथ एक शानदार प्रस्तुति की जिसमें एक विद्यार्थी किसान के समक्ष दो टीमों को बनाया गया जिसमे से एक टीम पराली जलाने के पक्ष में जबकि दूसरी टीम ने पराली न जलाने के पक्ष में अपनी बातों को रखकर एक जोरदार संवाद किया।
जिला प्रशासन से अपर जिलाधिकारी प्रशासन, गुलाबचंद एसडीएम बिलारी मनी अरोड़ा ,एसीएम प्रथम, द्वितीय एसडीएम कांठ, जिला कृषि अधिकारी,





प्रदर्शनी प्रभारी राहुल शर्मा, संजीव आकांक्षी आदि सभी ने जिगर मंच पर प्रस्तुत की गई लघुनाटिका की प्रसंशा की। इस संवाद को जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बहुत ध्यान से सुना और प्रस्तुति की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए सोशल फाउडेशन के डा० अनुज अग्रवाल, कक्षा केंद्र के एम० डी० रजत प्रभाकर, शुभम दिवाकर, पल्लवी गुप्ता, अनुष्का अग्रवाल सहित सभी सदस्यों को सम्मानित किया।
जिन्होंने डा० अनुज अग्रवाल का पराली न जलाओ की मुहिम में साथ दिया। जिलाधिकारी ने सभी विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कक्षा केंद्र को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कक्षा केंद्र के विद्यार्थी तथा सोशल फाउंडेशन की सदस्यों में दीपांशु सक्सेना, गौतम सिंह, सलोनी जैन, विजेंद्र सिंह, स्पर्श गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# बेसिक स्कूल आज खुलेंगे, बच्चे आएंगे 28 जून से

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल 28 जून से खुलेंगे, हालांकि शिक्षकों को 25 जून से ही स्कूल जाना होगा। जिसके बाद वे अगले तीन दिन तक शिक्षक स्कूलों की सफाई, शिक्षा सामग्री, मिड डे मील का राशन समेत स्कूल चलो अभियान की तैयारी करेंगे। शासनादेश है कि 28 जून से बच्चे स्कूल आएंगे और इससे पूर्व 25 जून से शिक्षक स्कूल पहुंचकर तैयारी करेंगे। इस पर जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने शासनादेश के तहत ही 28 जून से स्कूल खोलने के निर्देश दिए हैं। दरअसल भ्रम की स्थिति तब पैदा हुई जब आंगनबाड़ी केंद्रों को डीपीआरओ की ओर से एक जुलाई से खोलने की बात जिलाधिकारी के समक्ष रखी थी। आंगनबाड़ी केंद्र एक जुलाई से खोलने के साथ-साथ परिषदीय स्कूल एक जुलाई से खुलेंगे या 28 जून से। बीएसए अजीत कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी से बातचीत में स्पष्ट हो गया है कि बेसिक स्कूल 25 जून से खुलेंगे बच्चे 28 जून से स्कूलों में आएंगे'स्कूल चलो अभियान में स्वयं सहायता समूह करेंगे सहयोगलिए स्कूल चलो अभियान एक जुलाई से 15 जुलाई तक चलेगा। इस बार इस अभियान में स्वयं सहायता समूह और स्वयं सेवी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाएगा। कई स्वयं सेवी संस्थाएं ऐसी हैं जो पूर्व से ऐसे बच्चों को चिह्नित करके उन्हें निशुल्क पढ़ाने का कार्य करती हैं। स्वयं सहायता समूह में ग्राम पंचायत स्तर के समूह को जोड़कर अभियान में सहयोग लिया जाएगा। माता समूह भी शिक्षकों का सहयोग करेंगी। शिक्षकों को भी घरों में जाकर संपर्क करेंगे कि आपका बच्चा कहां पढ़ता है, अगर नहीं पढ़ रहा है तो स्कूल में दाखिला दिलाया जाएगा।




# फूट-फूट कर रोया हिस्ट्रीशीटर अरशद का बाप... आरोपियों के घरों पर चला बुलडोजर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** बीती चार जून को लोहिया नगर थाना क्षेत्र में हुई हिस्ट्रीशीटर अरशद की हत्या के मामले में तीन आरोपी अब तक फरार चल रहे हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए सोमवार को अरशद का पिता कप्तान ऑफिस पर फूट-फूट कर रोया। उसने आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाए जाने की मांग की।
बताते चलें की जैदी फॉर्म निवासी हिस्ट्रीशीटर अरशद चार जून की रात अपने बच्चों को लेकर लोहिया नगर क्षेत्र के जुर्रानपुर स्थित स्विमिंग पूल में नहाने के लिए गया था। इसी दौरान आधा दर्जन हमलावरों ने अरशद की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना में पुलिस कुछ आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। जबकि दाउद, असलम और इमरान अब तक फरार हैं।
सोमवार को अरशद का पिता अमीर एसएसपी ऑफिस पहुंचा। जहां जमीन पर बैठकर बिलख-बिलख कर रोते हुए उसने बताया कि खुले घूम रहे आरोपियों की दहशत के चलते उसके पोते-पोतियों ने स्कूल जाना बंद कर दिया है। आलम यह है कि पुलिस भी अब उनसे खुद ही आरोपियों को ढूंढने की बात कह रही है। पीड़ित ने बिलखते हुए सीएम योगी से गुहार लगाई और आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग की।



# समाजवादी पार्टी गांव गांव पीडीए पंचायत का आयोजन करेगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** लोकसभा चुनाव में 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) रणनीति की सफलता से उत्साहित सपा इसकी धार और तेज करने जा रही है। पार्टी की नजर अब 10 सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव के साथ ही 2027 के विधानसभा चुनाव पर है। इसके लिए सपा गांव-गांव पीडीए पंचायत का आयोजन करने जा रही है। इसके जरिये सपा इनमें आने वाली जातियों को एकजुट करेगी और उन्हें अधिकारों के प्रति जागरूक करेगी।सपा ने इस लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत व सीटों के लिहाज से अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है। उसे 37 सीटों के साथ ही 33.59 प्रतिशत वोट मिले हैं। पार्टी अपने इस प्रदर्शन में पीडीए रणनीति का अहम योगदान मान रही है। पार्टी ने पिछड़ों में गैर यादव ओबीसी पर फोकस किया तो उसे अच्छे परिणाम मिल गए। लोकसभा चुनाव में 10 कुर्मी पटेल नेताओं को टिकट दिया गया जिसमें से सात चुनाव जीत गई' पीडीए पंचायत के जरिए सपा पिछड़ों, दलितों और अल्प संख्यकों मैं अपनी मजबूत स्थिति करेगी ।

**ज्ञापन सौंपा** | बिलारी नगर मे राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय की जमीन हड़पने का है मामला

# जागरूक लोगों ने सामूहिक रूप से जमीन हड़पने के संबंध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )।** राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय बिलारी के लिए आवंटित भूमि को भूमाफियाओं की तर्ज पर हड़पे जाने का मामले ने आज आंदोलन का बिगुल बज गया। क्षेत्र के जागरूक लोगों ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर सामूहिक रूप से एसडीएम बिलारी को ज्ञापन सौंपा। याद रहे कि 25 शय्याओं का एक आयुर्वेदिक अस्पताल बिलारी के लिए स्वीकृत है। जो इस समय ग्राम रुस्तम नगर सहसपुर ब्लॉक परिसर में शिफ्ट है। बिलारी के लोगों की मांग के मद्दे नजर नगर पालिका परिषद द्वारा अपनी एक जमीन आयुर्वेद विभाग के नाम कर दी।
उक्त जमीन बाबा लक्ष्मणदास की मढ़ी के नाम से जानी जाती है। बाबा लक्ष्मणदाम की मृत्यु के पश्चात तीन पक्षियों के बीच मुकदमा चला। नगर पालिका मुकदमा जीत गई और आयुर्वेद विभाग को जमीन अस्पताल निर्माण के लिए स्थानांतरित कर दी। अस्पताल को दी गई यह भूमि गाटा संख्या-957 बिलारी खास में से 1648 वर्ग मीटर है। यह बात 1993 की है। उसे पुनः09.06.2022 में मौ वारिस के पुत्र आरिफ ने अपील द्वारा न्यायालय उपजिलाधिकारी न्यायिक के यहां केस प्रारम्भ किया। ज्ञात हुआ है कि दि० को प्रतिस्थापन मामले का न्यायालय ने 26.02.24 को आदेश देकर जमीन को आरिफ रजा पुत्र अब्दुल वारिस आदि के पक्ष में कर दिया। कथित माफिया द्वारा इस भूमि को लगातार हड़पने की साजिश की जा रही है। इसी क्रम में श्री मो० रफीक उर्फ राजू पुत्र श्री शफीक अहमद जाति सिद्दीकी नि० मी० अन्सरियान विलारी के पक्ष में आरिफ आदि ने 240 वर्ग मीटर का अवैध रूप से बैनामा 31.7.2016 को निष्पादित कर दिया।



बिलारी तहसील मे जागरूक लोग जमीन हड़पने के संबंध मे एसडीएम मनी अरोड़ा को ज्ञापन सौंपते हुए । फोटो बुलंद संदेश

इसमें नगर पालिका द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई है जो अभी न्यायालय में विचाराधीन है। मोहम्मद रफीक उर्फ राजू अपराधिक प्रकृति का रहा है। इसके विरुद्ध अभी फिलहाल ही में कोतवाली बिलारी में गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ है। शिकायती पत्र में सवाल उठाया गया है कि 1993 में निस्तारित हुए मुकदमे की अपील 2022 में उप जिलाधिकारी न्यायिक की अदालत में स्वीकार हो गई।
वर्ग मीटर में बैनाना होने, आबादी के बीचों बीच में होने तथा भवन निर्माण के लिए आयुर्वेदिक विभाग को हैंडोवर होने, लक्ष्मण दास की समाधि बनी होने, से स्पष्ट रूप से अकृषि भूमि घोषित होने पर भी रेवेन्यू में मुकदमा चलाया गया। याद रहे कि रेवेन्यू में खेती के विवाद ही दायर किए जाते हैं। मुकदमे की अपील में आयुर्वेदिक विभाग को पक्षकार ही नहीं बनाया गया । उप जिलाधिकारी न्यायिक के आदेश के विरूध अपील निर्धारित समय पर नहीं की गई।इस तरह कथित माफियाओं की तर्ज पर जमीन हथियाना की साजिश की गई है। शिक्षाविद, राष्ट्रीय समाजिक कार्यकर्ता, जेएनयू से पोस्ट पीएचडी डॉक्टर राकेश "रफीक" के नेतृत्व में नगर के जागरूक लोगों ने एसडीएम को एक ज्ञापन पेश किया तथा जिसमें कहा गया कि उक्त तथ्यों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। जो भी दोषी हों उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।
जल्द ही आयुर्वेद अस्पताल के लिए भवन निर्माण प्रारम्भ कराया जाये। न्यायिक प्रक्रिया के लिए वकीलों का एक पैनल बनाकर मुकदमे की पैरवी कराई जाए। ज्ञापन पर डॉ० राकेश रफीक" साहू सुनील सहाय पूर्व चेयरमैन,रघुराज सिंह यादव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बिलारी,प्रेम कुमार अध्यक्ष नागरिक एकता परिषद बिलारी, श्रीकान्त गुप्ता, नरेश गुप्ता, मुन्ना श्रोती, आशीष शंकर पाण्डेय सभासद, राकेश जैन, संजय जैन व्यापारी नेता, निहाल सिंह सभसाद, अभितोष चौधरी सभसाद,शकील शाबरी, भारत भूषण, नोमान जमाल, बबलू मसूदी, संजय सक्सेना, सुनील यादव, प्रशांत चौधरी, शशि गौतम, नईम हकीम,पंकज ठाकुर, धर्मेंद्र गांधी, विकास गुप्ता, के के गुप्ता पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा, प्रदीप सिंघल, सुनील आर्य गजराम सिंह दलित नेता, हेमंत शर्मा, जितेन्द्र यादव , आदि के हस्ताक्षर हैं।



# रेड बॉडीकोन आउटफिट पहन पलक तिवारी ने दिखाया हॉट अवतार, किलर पोज देख फिदा हुए फैंस

पलक तिवारी अक्सर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को हुस्न का कायल कर देती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट लुक से एक बार फिर से सोशल मीडिया का टैम्परेचर बढ़ा दिया है। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस आहें भरने लगे हैं। टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने बोल्ड लुक से फैंस को इस कदर दीवाना किया है कि लोगों की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं लेती है। हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उन्होंने रेड कलर की बॉडीकोन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक कातिलाना अंदाज में कहर ढाती हुई नजर आ रही हैं।

बता दें एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी हर एक फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। पलक तिवारी की बेटी की गिनती भी बॉलीवुड की खूबसूरत और यंग एक्ट्रेसेस में होती है। वो अक्सर अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चचाओं में रहती हैं।

कानों में इयररिंग्स, ओपन हेयर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस पलक तिवारी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 52 हजार से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक कर दिया है।

# बॉक्स ऑफिस पर मजबूत पकड़ बनाए हुए है चंदू चैंपियन, आधी लागत वसूलने की ओर बढ़ा कारोबार

कार्तिक आर्यन की 'चंदू चैंपियन काफी प्रमोशन और बज के बाद सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है। हालांकि फिल्म की बॉक्स ऑफिस शुरूआत थोड़ी धीमी रही लेकिन पॉजिटिव वर्ड ऑफ माउथ की वजह से फिल्म ने इसके बाद रफ्तार पकड़ ली और इसी के साथ इसने हर दिन शानदार कलेक्शन किया. अब ये फिल्म रिलीज के दूसरे हफ्ते में भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म कर रही है. चलिए यहां जानते हैं 'चंदू चैंपियन' ने रिलीज के 8वें दिन कितना कलेक्शन किया है?

'चंदू चैंपियनङ में कार्तिक आर्यन की दमदार परफॉर्मेंस की खूब तारीफ हो रही है। फिल्म में अपने किरदार में जान फूंकन के लिए कार्तिक आर्यन ने खूब मेहनत की है। दर्शक भी एक्टर के ट्रांसफॉर्मेशन से हैरान है। इसी के साथ 'चंदू चैंपियनङ को क्रिटिक्स और दर्शकों से भी बेहद पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है। इस फिल्म ने रिलीज के पहले



हफ्ते में टिकट काउंटर पर अच्छा परफॉर्म किया अब ये रिलीज के दूसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है और ये बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए हैं।

फिल्म की कमाई की बात करें तो 'चंदू चैंपियन ने रिलीज के पहले दिन 4.75 करोड़, दूसरे दिन 7 करोड़, तीसरे दिन 9.75 करोड़, चौथे दिन 5 करोड़, पांचवें दिन 3.25 करोड़, छठे दिन 3 करोड़ और सातवें दिन 2.5 करोड़ की कमाई की। इसी के साथ 'चंदू चैंपियन का एक हफ्ते का कलेक्शन 35.25 करोड़ रुपये हो गया है। वहीं अब फिल्म की रिलीज के दूसरे शुक्रवार यानी आठवें दिन की कमाई के शुरूआती आंकड़े आ गए हैं। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'चंदू चैंपियन ने रिलीज के 8वें दिन 2.50 करोड़ का कलेक्शन किया है। इसी के साथ 'चंदू चैंपियन का 8 दिनों का कुल कलेक्शन अब 37.75 करोड़ रुपये हो गया है।

'चंदू चैंपियन 100 से 120 करोड़ के बजट में बनी फिल्म है। इसने रिलीज के एक हफ्ते में 35 करोड से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है। फिलहाल फिल्म अपनी आधी लागत वसूल करने की ओर बढ़ रही है। उम्मीद है कि इस वीकेंड पर फिल्म की कमाई में तेजी आएगी और ये अपना आधा बजट वसूलने के करीब पहुंच जाएगी। हालांकि अगले हफ्ते 'चंदू चैंपियन की कमाई पर ब्रेक लगाने के लिए प्रभास स्टारर कल्कि 2898 एडी आ रही है। इस मल्टीस्टारर फिल्म का काफी बज है। देखने वाली बात होगी कि कार्तिक की फिल्म प्रभास-दीपिका की फिल्म के आगे कितना टिक पाती है। बता दें कि स्पोर्ट्स बायोग्राफिकल ड्रामा 'चंदू चैंपियन भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर की लाइफ पर बेस्ड है। फिल्म का निर्देशन कबीर खान ने किया है। वहीं 'चंदू चैंपियन में कार्तिक आर्यन के अलावा विजय राज और राजपाल यादव ने अहम रोल प्ले किया है।

# लॉस एंजिल्स 2024 के इंडियन फिल्म फेस्टिवल के लिए जूरी में शामिल हुई श्रिया पिलगांवकर

एक्ट्रेस श्रिया पिलगांवकर को लॉस एंजिल्स के इंडियन फिल्म फेस्टिवल (आईएफएफएलए) के 2024 एडिशन में शॉर्ट्स कैटेगरी के लिए जूरी पैनल में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात है। श्रिया ने कहा, मुझे लॉस एंजिल्स 2024 के इंडियन फिल्म फेस्टिवल में शॉर्ट्स फिल्म कैटेगरी के लिए जूरी सदस्य के तौर पर आमंत्रित किया गया है। इससे मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं फेस्टिवल में हिस्सा लेने और उभरते साउथ एशियन फिल्ममेकर्स द्वारा




इन शानदार शॉर्ट्स फिल्मों को देखने के लिए एक्साइटिड हूं। एक्ट्रेस ने कहा, फिल्म फेस्टिवल का माहौल हमेशा क्रिएटिविटी से भरा होता है। मैं अलग-अलग कहानीकारों और कलाकारों से मिलने और बातचीत करने तथा आईएफएफएलए में फिल्मों की लाइनअप को देखने के लिए बेहद एक्साइटिड हूं। श्रिया को 2018 में मिजार्पुर में देखा गया था। सीरीज में उन्होंने स्वीटी का किरदार निभाया था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। इसके अलावा, वह गिल्टी माइंड्स, ताजा खबर और द ब्रोकन न्यूज 2 जैसी सीरीज के लिए भी जानी जाती हैं। उन्होंने साल 2016 में शाहरुख खान की फिल्म फैन से बॉलीवुड में डेब्यू किया।

श्रिया ने इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स में भी अपनी पहचान बनाई है। वह गुरिंदर चड्ढा द्वारा निर्देशित ब्रिटिश सीरीज बीचम हाउस और दिग्गज फिल्म निमार्ता क्लाउड लेलौच की फ्रेंच फिल्म अन प्लस उन में नजर आई हैं। इंडियन फिल्म फेस्टिवल (आईएफएफएलए) 27 जून को शुरू होगा और 30 जून को समाप्त होगा। इस साल, शॉर्ट्स प्रोग्राम में राजश्री देशपांडे की हेमा, लास्ट डेज ऑफ समर और लोरी शामिल हैं। फेस्टिवल का समापन विजय सेतुपति और अनुराग कश्यप स्टारर महाराजा के साथ होगा। गुनीत मोंगा और करण जौहर की किल समेत भारत की कुछ फिल्में फेस्टिवल का हिस्सा बनेंगी।

# बॉक्स ऑफिस पर फुस्स हुई फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड, लाखों में रहा का ओपनिंग डे कलेक्शन

निपुण अविनाश धर्माधिकारी द्वारा निर्देशित और इश्क विश्क फ्रेंचाइजी की फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंडइ इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म से ऋतिक रोशन की कजिन पश्मिना रोशन ने बॉलीवुड में डेब्यू किया है। ये फिल्म बिना कुछ खास प्रमोशन और बज से सिनेमाघरों में रिलीज हुई और पहले दिन इसे दर्शकों से बेहद ठंडा रिस्पॉनस मिला। चलिए यहां जानते हैं 'इश्क विश्क रिबाउंडइ ने ओपनिंग डे पर कितना कलेक्शन किया?

मॉर्डन लव स्टोरी पर बेस्ड फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंडइ बड़े पर्दे पर दस्तक दे चुकी है। फिल्म को क्रिटिक्स से और ऑडियंस से कुछ खास रिव्यू नहीं मिले और इसी के साथ ये फिल्म पहले ही दिन सिनेमाघरों में दर्शकों के लिए तरसती हुई नजर आईं। ऐसे में 'इश्क विश्क रिबाउंडइ की बॉक्स ऑफिस पर शुरूआत भी बेहद धीमी रही। वहीं अब फिल्म की रिलीज के पहले दिन की कमाई के शुरूआती आंकड़े आ गए हैं।

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'इश्क विश्क रिबाउंडइ ने रिलीज के पहले दिन 85 लाख का कलेक्शन किया। हालांकि ये शुरूआती आंकड़े हैं ऑफिशियल डाटा आने के बाद इनमें थोड़ा बहुत बदलाव हो सकता है।

'इश्क विश्क रिबाउंडइ साल 2003 में आई शाहिद कपूर और अमृता सिंह की सुपरहिट फिल्म 'इश्क विश्कइ की सीक्वल है। रमेश तौरानी द्वारा निर्मित इस फिल्म को 20 करोड़ के बजट में बनाया गया है। हालांकि ये फिल्म दर्शकों का दिल नहीं जीत पाई है।



फिल्म की कहानी को घिसी-पिटी बताया जा रहा है जिसे नए चेहरों के साथ पेश कर दिया गया है। फिल्म की पहले दिन की बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस बेहद निराशाजनक है हालांकि मेकर्स को उम्मीद है कि ये फिल्म वीकेंड पर रफ्तार पकड़ेगी। देखने वाली बात होगी कि ये फिल्म वीकेंड पर कैसा परफॉर्म करती है। वैसे इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर मुंज्या और चंदू चैंपि?न से भी कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है जिसके चलते फिल्म की कमाई पर असर पड़ा है। 'इश्क विश्क रिबाउंडइ की स्टार कास्ट की बात करें तो फिल्म में पश्मीना और रोहित सराफ के अलावा नैला अग्रवाल और जिबरान खान ने अहम रोल प्ले किया है।

# हफ्ते में 2 बार होंठों पर लगाएं ये लिप मास्क, रहेगें स्वस्थ और खूबसूरत

होंठों के रूखेपन के कारण लिपस्टिक भी ढंग से नहीं लग पाती और फटे होंठों की स्थिति तो काफी कष्टदायक होती है। ऐसे में होंठों की देखभाल पर अतिरिक्त ध्यान देना महत्वपूर्ण है।इसके लिए सप्ताह में 2-3 बार होंठों पर स्क्रब के साथ लिप मास्क का इस्तेमाल जरूर करें।आइए आपको घर पर ही लिप मास्क बनाने के कुछ तरीके बताते हैं, जो आपके होंठों को स्वस्थ और खूबसूरत बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।



**स्ट्रॉबेरी, शहद और जैतून के तेल का लिप मास्क**

होंठों खूबसूरत गुलाबी बनाने के लिए स्ट्रॉबेरी, शहद और जैतून के तेल का लिप मास्क बनाकर इस्तेमाल करें।लाभ के लिए 1 स्ट्रॉबेरी को मैश कर लें, फिर इसमें 1 चम्मच शहद और जैतून का तेल मिलाएं।अब इस मिश्रण को होंठों पर 10 मिनट के लिए लगाकर धो लें।स्ट्रॉबेरी में विटामिन-ष्ट और एंटी-ऑक्सीडेंट होता है, जो आपके होंठों की मरम्मत करने के साथ-साथ प्राकृतिक रूप से गुलाबी बनाते हैं।

**गुलाब और दूध का लिप मास्क**

इसके लिए गुलाब की कुछ पंखुड़ियों को थोड़े-से दूध के साथ एक मिक्सी में पीस लें।अब इस मिश्रण को थोड़ी देर तक होंठों पर रगड़ें और फिर होंठों को गुनगुने पानी से धोकर लिप बाम लगा लें।इस लिप मास्क से होंठों को प्राकृतिक निखार मिलेगा और यह किसी भी तरह के संक्रमण से आपके होंठों को बचाए रखने में भी मददगार है।यहां जानिए होंठ को मोटा बनाने के घरेलू नुस्खे।

**शहद, नींबू और कच्ची चीनी का लिप मास्क**

शहद, नींबू और कच्ची चीनी का लिप मास्क होंठों से रूखी त्वचा को हटाता है और उन्हें नमी प्रदान कर सकता है।लाभ के लिए 2 चम्मच शहद, 1 चम्मच कच्ची चीनी और नींबू के रस को मिलाकर इस मिश्रण को अपने होंठों पर 3 मिनट तक धीरे-धीरे मालिश करें।इसके बाद इसे 5 मिनट तक लगा रहने दें, फिर पानी से धो लें।इस लिप मास्क के इस्तेमाल से आपके होंठ अधिक सुंदर और आकर्षित होते हैं।

**नारियल तेल और कच्ची चीनी का लिप मास्क**

नारियल तेल और कच्ची चीनी के लिप मास्क से डेड स्किन सेल्स को दूर करने और होंठों की नमी बरकरार रहती है।लाभ के लिए 1 चम्मच नारियल तेल में 1 चम्मच कच्ची चीनी मिलाएं, फिर इस मिश्रण को अपने होंठों पर धीरे-धीरे से मलें।इस लिप मास्क के इस्तेमाल से होंठ मुलायम और हाइड्रेटेड हो सकेंगे, साथ ही इसे बनाना भी बहुत आसान है।यहां जानिए होंठों के लिए लाभदायक स्क्रब।

**एलोवेरा और ब्राउन शुगर का लिप मास्क**

यह लिप मास्क होंठों को मुलायम और चमकदार बनाने में मदद कर सकता है।लाभ के लिए 2 चम्मच एलोवेरा जेल और 1 चम्मच ब्राउन शुगर को एकसाथ मिलाएं, फिर इसे होंठों पर लगाकर धीरे-धीरे स्क्रब और मालिश करें। इसको कुल 15 मिनट तक लगा रहने दें, फिर पानी से धो लें।यह लिप मास्क होंठों की रूखी त्वचा को स्क्रब करता है और उन्हें हाइड्रेट बनाए रख सकता है।

# आंखों के मेकअप करने के लिए अपनाएं ये सरल तरीके, दिखेंगी सबसे खूबसूरत

अच्छी तरह किया गया आई मेकअप आपके पूरे लुक में चार चांद लगा सकता है। घर से बाहर जाते समय अपनी आखों पर केवल आई लाइनर या मस्कारा लगाने से ही आपकी आखें बड़ी और आकर्षक दिखाई दे सकती हैं।चाहे ऑफिस जाना हो, दोस्तों से मिलना हो या किसी पार्टी में शिरकत देनी हो, आखों का मेकअप आपको सबसे अलग और खूबसूरत दिखने में मदद कर सकता है।आप इन 5 मेकअप टिप्स के जरिए अपना आई मेकअप करें।

**भौहों को दें आकार**

अपनी आंखों के मेकअप को बेहद सुंदर दिखाने के लिए सबसे जरूरी कदम है अपनी भौहों को सही आकार देना।किसी पार्लर में जा कर ब्यूटीशियन की मदद से अपने भौहों के सही आकार को समझें और अपने चहरे के आकार के अनुसार ही भौहों को शेप करवाएं।आप ऐसा करने के लिए वैक्सिंग, थ्रेडिंग या शेविंग का सहारा ले सकते हैं। मेकअप से पहले भौहों को अच्छा दिखाने के लिए आइ-ब्रो पेंसिल का इस्तेमाल करें।



**इस्तेमाल करें ट्रांसपेरेंट मस्कारा**

ट्रांसपेरेंट मस्कारा कम पसंद किया जाता है, लेकिन यह आपकी भौहों और पलकों को निखारने में मदद कर सकता है।अपनी भौहों को सही जगह पर सेट करने और प्राकृर्तिक रंग प्रदान करने के लिए उन पर ट्रांसपेरेंट मस्कारे का एक कोट लगाएं।साथ ही आप इस उत्पाद को अपनी पलकों पर भी उपयोग कर सकते हैं। अपनी पलकों को लंबा और घना दिखाने के लिए इसकी 2 से 3 कोट लगाएं।

**आई लैश कर्लर से पलकों को बनाएं घना**

पलकों को कर्ल करना आपकी आंखों को तुरंत आकर्षक दिखाने का एक सरल लेकिन प्रभावी तकनीक है। आई लैश कर्लर एक सौंदर्य उत्पाद है, जो पलकों को घना और लंबा दिखाने में मदद करता है।अपनी पलकों को ऊपर उठाने के लिए एक आई लैश कर्लर का उपयोग करें। पलकों को आई लैश कर्लर में सेट करके उसे हल्के से दबाएं और बाहर की ओर खीचें।आप खूबसूरत दिखने के लिए सनसेट आई मेकअप लुक ट्राई कर सकती हैं।

**काजल को हल्का सा फैलाएं**

काजल या सुरमा भारतीय मेकअप रूटीन का एक बेहद जरूरी हिस्सा होता है। आप काजल को हल्का सा फैलाकर अपने लुक को और शानदार बना सकती हैं।स्मजिंग की कला में महारत हासिल करने के लिए, अपनी आंखों के बाहरी कोनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए लैश लाइन पर काजल लगाना शुरू करें।अब एक साफ और छोटे स्मजिंग ब्रश का उपयोग करके काजल को धीरे से बाहर की ओर ब्लेंड करें। इससे आपको एक स्मोकी और बोल्ड लुक मिलेगा।

**अंत में लगाएं सेटिंग पाउडर**


कई बार आई मेकअप पसीने और अन्य कारकों के कारण देर तक नहीं टिक पता। आप अपने आई मेकअप को पूरे दिन टिकाना चाहती हैं तो सेटिंग पाउडर का इस्तेमाल करें।काजल या आईलाइनर लगाने के बाद एक मुलायम ब्रश का उपयोग करके आखों पर हल्का सा सेटिंग पाउडर लगाएं। यह कदम लाइनर को अपनी जगह पर सेट रखने में मदद करेगा।आप गर्मियों में अपने मेकअप को केकी होने से रोकने के लिए ये टिप्स अपनाएं।

# चिरंजीवी स्टारर विश्वंभरा में एक्टर कुणाल कपूर भी हुए शामिल

मेगा स्टार चिरंजीवी की फैंटेसी एडवेंचर फिल्म विश्वंभरा काफी चचाओं में हैं। फिल्म को लेकर अक्सर नए-नए अपडेट सामने आ रहे हैं। इस कड़ी में फिल्म के कलाकारों में एक और नाम जुड़ा है। मेकर्स ने नाम का खुलासा करते हुए बताया कि मशहूर एक्टर कुणाल कपूर इस फिल्म की कास्ट में शामिल हो गए हैं। उन्हें इस फिल्म के अहम किरदार को निभाने के लिए साइन किया गया है। यह फिल्म संक्रांति 2025 पर रिलीज होने वाली है। कलाकारों में त्रिशा कृष्णन और आशिका रंगनाथ भी शामिल हैं।

इंस्टाग्राम पर कुणाल ने लिखा, इस फिल्म में मैं चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने के लिए बेहद एक्साइटेड हूं। एक ऐसे व्यक्ति के साथ स्क्रीन शेयर करने का अवसर मिला है, जिसका मैं बचपन से ही बहुत बड़ा फैन रहा हूं। विक्रम, वामसी और प्रमोद की प्रशंसित तिकड़ी और यूवी क्रिएशंस के बैनर तले निर्मित विश्वंभर में ऑस्कर विजेता संगीतकार एम.एम. कीरवानी का संगीत होगा।

हाल ही में फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। इसमें चिरंजीवी का लुक भी सामने आया, जो एक्शन सीक्वेंस से बताया जा रहा है। फोटो में वह रेड कलर की शर्ट और जीन्स पहने नजर आ रहे हैं। उन्होंने गले में चेन, एक हाथ में घड़ी और आंखों पर काला चश्मा लगाया है।



फिल्म के एक्शन सीक्वेंस को पॉपुलर स्टंट कोरियोग्राफर की जोड़ी राम-लक्ष्मण कोरियोग्राफ कर रहे हैं। खबर है कि इस एक्शन सीक्वेंस के लिए मेकर्स ने 3 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। विश्वंभरा 10 जनवरी 2025 को रिलीज होगी। बात करें अगर कुणाल कपूर की, तो वो एक्टर के साथ-साथ बिजनेसमैन भी हैं। वह टॉप क्राउड-फंडिंग प्लेटफॉर्म केटो के को-फाउंडर हैं। उन्होंने 2012 में बिजनेस पार्टनर जहीर अडेनवाला और वरुण सेठ के साथ मिलकर केटो की स्थापना की थी।

# धराधाम इंटरनेशनल ने किया अवार्ड समारोह का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (डॉ.शंभू पंवार)** । अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था धराधाम इंटरनेशनल एवम एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के तत्वावधान में राजधानी के

**साहित्यकार गीतांजलि अरोड़ा, डॉ.सविता चड्ढा,शिक्षाविद डॉ.निशा अग्रवाल, सहित विशिष्ट विभूतिया ज्ञान विभूषण अवार्ड से सम्मानित**

मयूर विहार स्थित रिवरसाइड क्लब में ज्ञान विभूषण सम्मान 2024 का आयोजन किया गया।

धराधाम इंटरनेशनल के प्रमुख एवम मानद कुलपति सौहार्द शिरोमणी संत डॉ.सौरभ के सानिध्य में आयोजित भव्य समान समारोह के मुख्य अतिथि मदरहुड विश्वविद्यालय रुड़की , उत्तराखंड के कुलपति डॉ.नरेंद्र शर्मा एवम विशिष्ट अतिथि नेपाल खेल मंत्रालय के सलाहकार लामा गुरु गयाचो रिमपोचे, एशिया बुक और वर्ल्ड रिकॉर्ड के निदेशक नारायण यादव ने प्रसिद्ध साहित्यकार,समाजसेविका गीतांजलि नीरज अरोड़ा, राष्ट्रीय ख्यातीनाम लेखिका,साहित्यकार, डॉ.सविता चड्ढा,दिल्ली, शिक्षाविद डॉ.निशा अग्रवाल, जयपुर, डॉ.सर्वेश कांत वर्मा,यू पी., डॉ.गौरव सच्चर, श्रीमती साधना सेठी, महेश सोनी सहित शिक्षा, साहित्य,पर्यावरण,लेखन,समाजसेवा ,पत्रकारिता आदि क्षेत्र की 30 विशिष्ट विभूतियों को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह और सम्मान पत्र प्रदान कर ज्ञान विभूषण अवार्ड 2024 से सम्मानित



किया। समारोह को रुड़की विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.नरेंद्र शर्मा, धराधाम इंटरनेशनल के प्रमुख डॉ.सौरभ पी सी रावत ने संबोधित किया। समारोह मेंपंडित तिलकराज शर्मा स्मृति न्यास के अध्यक्ष प्रसिद्ध समाजसेवी इंद्रजीत शर्मा ,वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर धरा गवर्नर डॉ.शंभू पंवार ,मिसेज इंडिया डॉ.रागिनी पाण्डेय ,उत्तरप्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद पाठ्यक्रम समिति के सदस्य शिक्षाविद डॉ.अहसान अहमद, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.कल्पना पाण्डेय , शिक्षाविद डॉ.रश्मि रवि शर्मा ,सैयद शादान सहित प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# केंद्र सरकार की 100 दिन की कार्ययोजना का हिस्सा 3178 कर्मचारियों का 15 दिन के भीतर पदोन्नति

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली ( ऐजाज अली )**। नई दिल्ली दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) के 3178 कर्मचारियों का 15 दिन के भीतर पदोन्नति व वित्तीय लाभ का रास्ता साफ हो गया है। इसे लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एक आदेश जारी किया है। साथ ही सातवें वेतन आयोग के तहत वेतन निर्धारण के 5561 लंबित मामलों को सुलझाने का भी निर्देश दिया है। यह फैसले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरे कार्यकाल की 100 दिवसीय कार्ययोजना का हिस्सा हैं। इसके अलावा एनडीएमसी के विभिन्न डिवीजनों में सभी 9569 सेवा संबंधी लंबित मामलों को अगले 100 दिन के भीतर सुलझाया जाएगा।

राजनिवास से मिली जानकारी के एलजी ने अधिकारियों के साथ कर्मियों और सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की। बैठक के बाद इन मामलों को जल्द निपटाने का आदेश दिया है। इसमें लंबित भर्ती नियम, पेंशन और एलटीसी सहित अन्य मामले भी शामिल हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि समय पर पदोन्नति और बेहतर सेवा शर्तों से न केवल कर्मचारियों का मनोबल और उनकी दक्षता बढ़ेगी बल्कि उन्हें लंबे समय तक एक ही पद पर रहने की वजह से आए ठहराव से उबरने में भी मदद मिलेगी। एलजी ने 7वें वेतन आयोग के तहत वेतन निर्धारण के 5561 लंबित मामलों का जल्द निपटाने को कहा है। साथ ही एनडीएमसी के अध्यक्ष को एनडीएमसी की विभिन्न डिवीजन में सेवा संबंधी सभी 9569 लंबित मामलों को अगले 100 दिनों के भीतर निपटाने का निर्देश दिया है।

# इंस्पेक्टर क्राइम के स्थानांतरण पर दी गई विदाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद (कासिम अहमद)।** औरंगाबाद थाने के इंस्पेक्टर क्राइम इशाहक हुसैन का तबादला हो जाने पर सोमवार को विदाई दी गई। बीते दिनों उनका तबादला वीआईपी सेल,पासपोर्ट सेल, तथा जन सूचना सेल बतौर प्रभारी के लिए हो गया था। सोमवार को उनके मातहतों और व्यापारियों ने उनका विदाई समारोह किया। सोमवार की सुबह थाना परिसर में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद यादव की अगुवाई में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।



वक्ताओं ने उनके उनके कार्यकाल का बखान करते हुए कहा कि इंस्पेक्टर क्राइम इशाहक हुसैन के कार्यकाल में नगर एवं क्षेत्रवासी चैन की नीदं सोते थे। इंस्पेक्टर क्राइम इशाहक हुसैन ने कहा की लोगों ने जो प्यार मुझे दिया है। में कभी नही भुला पाउँगा। यह जीवन के लिए सदा यादगार रहेगा। इस दौरान उन्होंने लोगों से पुलिस का हमेशा सहयोग करने की अपील की।

# दुनिया भारत के उत्थान को देख रही है, यह भारत का क्षण है : गौतम अदाणी

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोमवार को कहा कि भू-राजनीतिक तनावों और वैश्विक रिश्तों को खराब करने वाली अनिश्चितताओं के बीच दुनिया भारत के उत्थान को देख रही है और यह भारत का क्षण है।अदाणी एंटरप्राइजेज की वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए गौतम अदाणी ने कहा कि एक जटिल विश्व में भारत अब स्थायित्व, सहयोग और प्रगति की शक्ति बन चुका है। अदाणी समूह के चेयरमैन ने कहा, भारत की वृहद अर्थव्यवस्था की स्थिरता और महत्वाकांक्षी विकास योजनाएं हमारा विश्वास बढ़ाती हैं।

उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के बहुगुणक प्रभाव के मद्देनजर केंद्र सरकार ने इस पर फोकस करते हुए इसके लिए फंडिंग में 16 प्रतिशत का इजाफा किया और इस वित्त वर्ष में इसे 11 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा कर दिया है।

गौतम अदाणी ने कहा कि उल्लेखनीय है कि पिछले पांच साल में इस क्षेत्र पर सरकार का खर्च तीन गुणा हो गया है। उन्होंने कहा, इससे भी ज्यादा बड़ी बात यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर उठाये गये कदम इंफ्रास्ट्रक्चर पर निवेश के लिए मंच तैयार करते हैं, लेकिन ज्यादातर निवेश और कार्य राज्य सरकार के स्तर पर किये जा रहे हैं। हमारी बात करें तो हमारा कारोबार 24 राज्यों में है। पहलों को लागू करने में राज्य सरकारों की महत्वपूर्ण भूमिका के हम प्रत्यक्ष गवाह हैं।



मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि 2023 में हमारी रिकॉर्ड तोड़ उपलब्धियां देश की प्राथमिकताओं के अनुरूप हमारे कामों को रेखांकित करती हैं। साथ ही यह असासाधारण विशेषज्ञता के साथ जटिलतम बड़ी परियोजनाओं को मूर्तरूप देने की हमारी क्षमता को भी दशार्ती है। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) गुजरात के खावड़ा में बंजर भूमि पर 30 हजार मेगावाट की दुनिया की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना लगा रहा है। गौतम अदाणी ने कहा, आप खावड़ा के बारे में कल्पना कीजिए जो दुनिया की कठिनतम परिस्थितियों वाली मरुभूमि में है, और अब वहां सैकड़ों वर्ग किलोमीटर तक फैले दुनिया के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र का निर्माण हो रहा है। वहां 3,000 मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन शुरू हो गया है, हमने अगले पांच साल में 30 गीगावाट क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा है।

यह बेल्जियम और स्विट्जरलैंड जैसे देशों की बिजली की मांग पूरी करने के लिए काफी है। अदाणी समूह के चेयरमैन ने कहा, इसके अलावा मुंबई के धारावी में दुनिया की सबसे बड़ी पुनर्विकास परियोजना की कल्पना कीजिए जहां हम दुनिया की सबसे बड़ी झुग्गी झोपड़ी को अगले एक दशक में पूरी तरह बदलने वाले हैं।

# आईटीएस डेन्टल कॉलेज में तीन दिवसीय आईओएस जोनल पीजी कन्वेंशन का आयोजन किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर।** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आईटीएस डेन्टल कॉलेज के ऑर्थोडॉन्टिक्स एंड डेंटोफेशियल ऑथोपेडिक्स विभाग के द्वारा इंडियन ऑर्थोडॉन्टिक सोसाइटी के सहयोग से तीन दिवसीय जोनल पीजी कन्वेंशन का आयोजन किया गया। इस कॉन्फ्रेंस में देश के लगभग 30 डेन्टल कॉलेजों के 175 एमडीएस के विद्यार्थियों के साथ-साथ कई एचओडी तथा दंत चिकित्सक शामिल हुए।

कन्वेंशन का उद्देश्य ऑर्थोडॉन्टिक और इसके अनुप्रयोगों की महत्वता को समझाना था। कार्यक्रम की शुरूआत में पहले दिन डॉ सुनंदा रॉय चौधरी द्वारा एलाइनर इंजीनियरिंग पर एक प्री-कॉन्फ्रेंस कोर्स आयोजित किया गया। छात्रों ने पेपर और पोस्टर द्वारा अपने शोध कार्य प्रस्तुत किये, जिनका मूल्यांकन सीनियर फैकल्टी द्वारा किया गया तथा विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र दिये गये। इसके साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भी विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने





उत्साहपूर्वक भाग लिया। दूसरे दिन कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ एडिंटन अरुमुगम, प्रेसिडेंट और डॉ संजय लाभ, ओनोर्री सेक्रेटरी, इंडियन ऑर्थोडॉन्टिक सोसाइटी तथा आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, संस्थान के डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डॉ देवी चरण शेट्टी तथा डॉ पायल शर्मा, कन्वेंशन चेयरपर्सन, प्रोफेसर एंड एचओडी के द्वारा माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सभी फैकल्टी एवं एचओडी भी उपस्थित रहें। डॉ पायल शर्मा, प्रोफेसर एंड एचओडी, ऑर्थोडॉन्टिक्स विभाग के द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। इसके साथ ही डॉ एडिंटन और डॉ संजय ने इस आयोजन के महत्व के बारे में चर्चा की और सम्मेलन के लिए अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं की व्यवस्था करने के लिए संस्थान की सराहना की।

इसके बाद आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि आईटीएस संस्थान अत्याधुनिक सुविधाओं को शामिल करते हुए नवीनतम तकनीकों के उपयोग में शिक्षा प्रदान करने में सबसे आगे रहा है। उन्होंने छात्रों को इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने मेंटर से जितना संभव हो सके सीखने की कोशिश करने की सलाह दी। मुख्य उद्घाटन सत्र के बाद विश्व प्रसिद्ध राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय वक्ताओं द्वारा विभिन्न व्याख्यान प्रस्तुत किये गये। जिसके माध्यम से सभी प्रतिभागियों को नवीनतम ज्ञान प्राप्त हुआ। पूरे कार्यक्रम के दौरान परिसर में विभिन्न कॉलेजों से आये प्रतिनिधियों द्वारा जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिली। समापन समारोह में डॉ पीयूष कुमार, ऑगेर्नाइजिंग सेक्रेटरी जोनल कन्वेंशन, प्रोफेसर, ऑर्थोडॉन्टिक्स विभाग द्वारा सभी गणमान्यों अतिथियों एवं सभी प्रतिभागियों को इस कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिये धन्यवाद दिया। अंत में सभी अतिथि वक्ताओं ने तथा सभी प्रतिभागियों ने इस कन्वेंशन के आयोजन के लिये आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# ऑल इंडिया शिया हुसैनी फंड की जानिब से ईदे गदीर का आयोजन 26 जून को

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** ऑल इंडिया शिया हुसैनी फंड की ओर से शिया समुदाय की सबसे बड़ी ईद "ईदे गदीर" का कार्यक्रम 26 जून 2024 को विक्टोरिया स्ट्रीट शिया कॉलेज के नजदीक गदीर कैंप में आयोजित होगा। 12:00 बजे नज़्र दी जाएगी तथा तबर्रूक का वितरण किया जाएगा और पूरे दिन सबील का प्रबंध रहेगा। संस्था की एक सभा श्री मोहम्मद जकी की अध्यक्षता में हुई। महासचिव हसन मेहंदी झब्बू ने सदस्यों को ईदे गदीर के कार्यक्रमों के बारे में सूचना दी तथा सभी सदस्यों से 26 जून को कैंप में उपस्थित रहने की अपील भी की। यह जानकारी मीडिया प्रभारी हुसैन जामिन नकवी ने दी।

# सड़क चलते डंपर की चपेट में आकर बालक की मौत, परिजनों ने जाम लगाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रेहड़।** एक तेरह साल का बच्चा सड़क पर साइकिल चला रहा था और सड़क





किनारे साइकिल चलाते समय डंपर ने उसे भयंकर टक्कर मारी जिससे बालक की मौत हो गई तभी घटना की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया और बहुत लोग घटना स्थल पर पहुंचे और जाम लगा दिया जबकि डंपर चालक मौके पर डंपर छोड़ फरार हो गया और पुलिस क्षेत्राधिकारी थाना प्रभारी ने मौके पर जाकर जाम लगा रहें लोगों को समझाया तब जाकर काफी लम्बा जाम खुलवाया गया घटना से क्षेत्र में भारी गम का माहौल है।

# भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नजीबाबाद।** गत वर्षों की भांति इस





वर्ष भी भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य शोभायात्रा रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई टीला मन्दिर जाकर समाप्त हुई इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तजनों ने धार्मिक रंग में सराबोर होकर भक्ति रस का आनंद लिया वहीं जगह जगह पर शौभायात्रा का स्वागत करते हुए प्रसाद वितरण किया गया और मार्गों पर रंगोलियां सजा कर भगवान श्री जगन्नाथ का स्वागत किया गया सुरक्षा की दृष्टि से उपजिलाधिकारी नजीबाबाद पुलिस क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद और थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ शौभायात्रा में मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश उत्तराखंड सीमा पर बन रहे स्वागत द्वार का सामान चोरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उत्तराखंड राज्य की सीमा पर उत्तर-प्रदेश सरकार के द्वारा बनाए जा रहे स्वागत द्वार के लिए बनाए जाने वाले सामान को चोरी कर लिया गया और कौड़ियां पुलिस चौकी से चंद कदम दूर चोरी की घटना से लोग अचंभित हैं क्योंकि यह मार्ग चौबीस घंटे चलता है वहीं जब ठेकेदार ने उक्त मामले की शिकायत उत्तराखंड के कोटद्वार पुलिस को दी तो वहां की पुलिस ने उत्तर प्रदेश का मामला बताते हुए पल्ला झाड़ लिया और नजीबाबाद थाने का मामला बता दिया।

# उपभोक्ताओं ने विद्युत आपूर्ति सुचारु करने की मांग उठाई, अधिशासी अभियंता को सभासद व उपभोक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** शहर के विभिन्न वार्डों में विद्युत आपूर्ति बाधित होने से क्षुब्ध होकर सोमवार को सभासद

**विद्युत आपूर्ति नहीं होने से जनता परेशान, उठानी पड़ रही है परेशानी**

फिरोज मलिक के नेतृत्व में उपभोक्ताओं ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर विद्युत आपूर्ति सुचारु करने की मांग उठाई है। अधिशासी अभियंता को दिये ज्ञापन में सभासद व उपभोक्ताओं ने कहा कि जून माह में पड़ रही भीषण गर्मी में फीडर नंबर 1-5 व 6 से सम्बंधित मौहल्लें में विद्युत आपूर्ति शासनादेश के अनुसार सप्लाई नहीं की जा रही है। जिस कारण उपभोक्ताओं को गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर मुकेश कुमार, संध्या, मौ. कासिम, अब्दुल सालिम, मनीषा, कस्तूी, संदीप, आशा आदि मौजूद रहे।



**सफलता** रोबोटिक कार्डियक सर्जरी से इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल में मरीजों की सबसे तेज रिकवरी, बेहतर भी

# पारंपरिक तरीकों से अलग रोबोटिक प्रक्रिया, 98% रोगियों में अब तक मिली सफलता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ ।** चिकित्सा क्षेत्र में रोबोटिक तकनीक ने कई बड़े क्रांतिकारी बदलाव

**एक सम्मेलन में विशेषज्ञों ने साझा की जानकारी, अब तक की उपलब्धियों पर भी चर्चा की**

किए हैं। दिल्ली में इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल में रोबोटिक कार्डियक सर्जरी से मरीजों की सबसे तेज और बेहतर रिकवरी हो रही है। स्थिति यह है कि पारंपरिक तरीकों से अलग इस प्रक्रिया के जरिए अब तक 98 फीसदी रोगियों में सफलता हासिल हुई है।

यह जानकारी नई दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के प्रसिद्ध कार्डियक सर्जन डॉ. एमएम यूसुफ और डॉ. वरुण बंसल ने एक सम्मेलन के दौरान साझा की। मरीजों को उन्नत उपचार विकल्प प्रदान करने वाली अपनी राष्ट्रव्यापी पहल पर आगे बढ़ते हुए अपोलो अस्पताल का यह कार्यक्रम रोबोटिक हार्ट सर्जरी और रोबोटिक कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग




(सीएबीजी) को अपनाने पर केंद्रित रहा। विशेषज्ञों के अनुसार, पारंपरिक ओपन-हार्ट सर्जरी की तुलना में रोबोटिक विधि के कई फायदे हैं। इसमें सभी धमनी ग्राफ्ट का उपयोग, कम जटिलताएं, कोई हड्डी नहीं काटना, काफी कम रिकवरी समय और न्यूनतम घाव शामिल हैं। अगर सफलता की बात करें तो 98% सफलता दर और न्यूनतम जोखिम का दावा है। रोबोटिक हार्ट सर्जरी अत्यंत छोटे चीरों के माध्यम से प्रक्रियाएं करने के लिए उन्नत रोबोटिक तकनीक और सर्जिकल विशेषज्ञता का उपयोग कर-के न्यूनतम आक्रामक दृष्टिकोण प्रदान करती है। सम्मेलन में इस बात पर भी जोर रहा कि कैसे ये उन्नत तकनीकें सभी उम्र के रोगियों के लिए तत्काल और दीर्घकालिक लाभ प्रदान करती हैं। इस न्यूनतम आक्रामक दृष्टिकोण से मरीज सर्जरी के 24 घंटे के भीतर चलना शुरू कर देते हैं। अक्सर 48-72 घंटों के भीतर छुट्टी दे दी जाती है। इसके अलावा यह सर्जरी कोरोनरी धमनी रोग, हृदय वाल्व रोग, हृदय ट्यूमर और हृदय में जन्म दोषों के इलाज वाले रोगियों के लिए आवश्यक हैं।अपोलो अस्पताल के रोबोटिक्स और मिनिमली इनवेसिव हार्ट सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार एवं हृदय विशेषज्ञ डॉ. एमएम यूसुफ ने कहा, ह्रहृदय देखभाल में रोबोटिक कार्डियक सर्जरी एक परिवर्तनकारी प्रगति का प्रतीक है। इस अत्याधुनिक रोबोटिक प्रौद्योगिकी से हम बेहद सटीक और कम जोखिम भरी प्रक्रियाएं करने में सक्षम हैं जो मरीज के लिए जटिलताओं को काफी कम कर देती हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि यह तकनीक इलाज के साथ यह तकनीक हमारे मरीजों को त्वरित गतिशीलता प्रदान करती है। इसके अलावा, घाव के निशान कम होते हैं और मरीज तेजी से अपने सामान्य जीवन में वापस लौटने लगता है। यह अभिनव दृष्टिकोण कार्डियक सर्जरी में क्रांति ला रहा है। यही कारण है कि हमें अपने मरीजों को असाधारण देखभाल प्रदान करने में सबसे आगे होने पर गर्व है। डॉ. यूसुफ ने बताया कि रोबोटिक तकनीक का एकीकरण न केवल सर्जरी की सटीकता को बढ़ाता है बल्कि मरीजों और उनके परिवार पर शारीरिक और भावनात्मक बोझ भी कम करता है। यह हृदय संबंधी देखभाल में एक बड़ी छलांग का प्रतिनिधित्व भी कर रहा है ।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267